राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
RNI No-DELHIN/2017/75336
www.uttambharatnews.com
email:- uttambharat05@gmail.com
आश्विन शुक्ल पक्ष तृतीया, विक्रम संवत , 2082
वर्ष : 09 अंक : 255
नई दिल्ली
बुधवार, 01 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ : 12
मूल्य ₹ 3.00
@uttambharatofficial @uttambharat

# उत्तम भारत



"सत्य, निष्पक्ष, भारत"
नई दिल्ली, हरियाणा से प्रकाशित एवं चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर से प्रसारित

10 सामाजिक संस्थाएं स्वच्छता पकवाड़ा... | 06 संघ और स्त्रियाँ: सेविका समिति से.... | 12 मेरे लिए राजनीति का आधार जाति...

# पीएम मोदी संघ के शताब्दी वर्ष के लिए डाक टिकट और सिक्का करेंगे जारी

नई दिल्ली, शैलेन्द्र शर्मा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस सप्ताह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे। विजयदशमी के दिन 1925 में स्थापित संघ को इस गुरुवार को 100 वर्ष पूरे करेगा।

सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री बुधवार को संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबले की उपस्थिति में संगठन के शताब्दी वर्ष समारोह की पूर्व संध्या पर स्मारक डाक टिकट और सिक्का जारी करेंगे।

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को संघ की निस्वार्थ सेवा और अनुशासन की प्रशंसा की और कहा कि 'राष्ट्र पहले' हमेशा उसके स्वयंसेवकों के हर कार्य में सर्वोच्च है। अपने मासिक 'मन की बात' संबोधन में प्रधानमंत्री ने कहा कि संघ की स्थापना केशव बलिराम हेडगेवार ने 1925 में विजयदशमी के दिन देश को बौद्धिक दासता से मुक्त करने के लिए की थी और इसकी यात्रा प्रेरणादायक और अद्वितीय रही है। संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में एक लाख से अधिक 'हिंदू सम्मेलनों' का आयोजन करने की तैयारी जोरों पर है। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान संघ के गीतों का एक संग्रह लांच किया, जिसे उन्होंने मातृभूमि के प्रति भक्ति का उत्पाद बताया। 'संघ गीत' एल्बम में 25 गीत शामिल हैं, जिन्हें प्रसिद्ध गायक शंकर महादेवन ने गाया है।



● डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा 1925 में नागपुर महाराष्ट्र में आरएसएस की स्थापना एक स्वयंसेवी संगठन के रूप में की गई थी जिसका लक्ष्य नागरिकों में सांस्कृतिक जागरूकता, अनुशासन, सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व को बढ़ावा देना था। आरएसएस, राष्ट्रीय पुनर्निर्माण के लिए एक अनूठा जन-पोषित आंदोलन है। इसके उदय को सदियों के विदेशी शासन के जवाबी कदम के रूप में देखा गया है, और इसके निरंतर विकास का श्रेय धर्म में निहित भारत के राष्ट्रीय गौरव के इसके दृष्टिकोण की भावनात्मक प्रतिध्वनि को दिया जाता है।

## संक्षिप्त सार

### इस बार सिर्फ चार दिनों का होगा विश्व प्रसिद्ध पुष्कर का धार्मिक मेला

नई दिल्ली। विश्व प्रसिद्ध पुष्कर का धार्मिक (कार्तिक) मेला इस बार ज्योतिष पंचांग के आधार से चार दिन का ही रहेगा। पुष्कर के पवित्र ब्रह्म सरोवर में श्रद्धालु इस बार 2 से 5 नवंबर तक चार दिनों में ही भीष्म पंचक स्नान कर पुण्य लाभ कमायेंगे। वैसे पुष्कर के अंतरराष्ट्रीय पशु मेले की शुरूआत 22 अक्टूबर से होगी जो 7 नवम्बर तक चलेगा। पुष्कर मेले का विधिवत ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ 30 अक्टूबर को मेला मैदान में होगा। ज्योतिषाचार्य पं. कैलाश नाथ दाधीच ने बताया कि 2 नवंबर से 5 नवंबर तक पुष्कर का धार्मिक मेला रहेगा। इस बार एक तिथि द्वादशी तिथि क्षय होने से 5 दिवसीय कार्तिक मेला 4 दिन में ही पूर्ण होगा। बताया कि देव प्रबोधिनी एकादशी तुलसी विवाह 2 नवंबर को होगी, 4 नवंबर को ब्रह्म चतुर्दशी बैकुंठ चतुर्दशी का विशेष योग बनेगा तथा 5 नवंबर बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा का व्रत एवं पुष्कर सरोवर में महास्नान होगा। ज्योतिष एवं पंचांग के आधार से पद्मन योग जो पुष्कर में कार्तिक मास में ही होता है इस बार 6 नवंबर गुरुवार मृगचला स्नान के दिन पद्मन योग बन रहा है जो रात्रि 2.52 से 5.28 तक पुष्कर तीर्थ में होगा। इस योग में स्नान, दान पुण्य, पूजन हवन करने से करोड़ों गुना फल प्राप्त होता है एवं इस योग में ब्रह्मा, विष्णु, महेश तीनों का समागम पद्मन योग में बनता है।

### तमिलनाडु में 5 अक्टूबर तक बारिश की संभावना, भूस्खलन से बचने की सलाह

चेन्नई। तमिलनाडु और अन्य दक्षिणी राज्यों में लोगों को अभी बारिश से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। चेन्नई स्थित क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (आरएमसी) ने बुधवार को बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक नया निम्न दबाव का क्षेत्र बनने का अनुमान लगाया है, जिससे आने वाले दिनों में तमिलनाडु समेत अन्य दक्षिणी राज्यों में बारिश जारी रहने की संभावना है। आरएमसी अधिकारियों के अनुसार, अंडमान सागर के उत्तरी भागों पर एक वायुमंडलीय परिसंचरण बना हुआ है। इसके प्रभाव से 2 अक्टूबर को मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी अंडमान सागर के ऊपर निम्न दबाव का एक नया क्षेत्र विकसित होने की उम्मीद है। यह प्रणाली आगे और मजबूत होकर पूरे दक्षिण भारत में मौसम के मिजाज को प्रभावित कर सकती है। मौसम कार्यालय ने कहा कि तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में भी व्यापक वायुमंडलीय परिसंचरण बना हुआ है, जिससे कई इलाकों में गरज और तेज हवाओं के साथ छिटपुट बारिश हो सकती है। मंगलवार और बुधवार को तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल के कुछ हिस्सों में मध्यम बारिश और कहीं बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। राज्य के कुछ इलाकों में 5 अक्टूबर तक मध्यम बारिश जारी हो सकती है। पिछले 24 घंटों में नीलगिरी जिले में सबसे अधिक बारिश दर्ज की गई, जहां बंदलूर तालुका कार्यालय क्षेत्र में 4 सेमी बारिश हुई। इसके अलावा नीलगिरी में एवलांच और चेरुमुली, सेलम में यरकौड और कन्याकुमारी जिले में मुलंगिनाविलाई में 3 सेमी बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने कहा कि इस लगातार बारिश ने पहाड़ी क्षेत्रों में मिट्टी की नमी बनाए रखने में मदद की है, लेकिन भूस्खलन की आशंका वाले संवेदनशील क्षेत्रों में सावधानी बरतने का भी आग्रह किया है। आरएमसी ने आने वाले दिनों में बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर में तूफानी मौसम की संभावना के कारण मछुआरों और तटीय समुदायों को सतर्क रहने की सलाह दी है। निम्न दबाव का क्षेत्र विकसित होने के कारण तमिलनाडु के तट और आसपास के जलक्षेत्रों में हवा की गति तेज हो सकती है।

# मल्होत्रा का पार्थिव शरीर 21, गुरुद्वारा रकाबगंज रोड पर अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा का 94 वर्ष की आयु में आज सुबह लगभग छह बजे निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर उनके आधिकारिक आवास 21, गुरुद्वारा रकाबगंज रोड पर अंतिम दर्शनों के लिए रखा गया है। मल्होत्रा का कुछ दिनों से अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में इलाज हो रहा था। प्रो. मल्होत्रा के निधन से राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर है। मल्होत्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के साथ संघ से निकलकर जनसंघ के जरिए राजनीति में कदम रखा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके निधन पर शोक जताया है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स संदेश में लिखा, विजय कुमार मल्होत्रा जी एक उत्कृष्ट नेता थे, जिन्हें जन मुद्दों की गहरी समझ थी। उन्होंने दिल्ली में हमारी पार्टी को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाई। उन्हें संसदीय मामलों में उनके हस्तक्षेप के लिए भी याद किया जाता है। उनके निधन से दु:ख हुआ। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदना। ॐ शांति। केंद्रीय गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने भी मल्होत्रा के निधन पर शोक जताया है। उन्होंने कहा कि जनसंघ से लेकर जनता पार्टी और भाजपा तक संगठन को आकार और विस्तार देने में अहम भूमिका निभाने वाले भाजपा



के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा जी के निधन से मन अत्यंत व्यथित है। दिल्ली भाजपा में अध्यक्ष हों, दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष या एक जन प्रतिनिधि- विजय कुमार मल्होत्रा ने हर भूमिका में देश और दिल्लीवासियों की सेवा की। उनसे हुई प्रत्येक भेंट में संगठन संबंधी कई बारीक बातें जानने को मिलीं। शोक की इस घड़ी में पूरा भाजपा परिवार उनके परिजनों के साथ खड़ा है।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ॐ शांति शांति शांति।

# विजय कुमार मल्होत्रा का निधन, सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। वे 94 साल के थे। उनका जन्म 3 दिसंबर 1931 को लाहौर शहर में हुआ था।

वीके मल्होत्रा दिल्ली के पूर्व मुख्य कार्यकारी पार्षद और सांसद रह चुके हैं। कुछ दिनों से वह एम्स में भर्ती थे। जहां उनका इलाज चल रहा था और आज सुबह लगभग 6 बजे उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने भी दुख जताया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर लिखा- भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ सदस्य श्री विजय कुमार मल्होत्रा जी का निधन अत्यंत दुःखद है। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।



## छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में नक्सलियों का डंप सामान बरामद

नारायणपुर/रायपुर। सशस्त्र बल के जवानों ने छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ के जंगलों में बड़ी सफलता हासिल की है। जिले के अबूझमाड़ के घने जंगलों में मोहनार-तोयापारा मुख्य मार्ग से जवानों ने कार्रवाई के दौरान सुरक्षाबलों ने बारूद, प्रेशर कुकर बम, मल्टीमीटर और एक भरमार बंदूक सहित बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त की है। बम स्क्वायड की टीम ने मौके पर ही बम को डिफ्यूज कर दिया। नारायणपुर पुलिस अधीक्षक कार्यालय से आज मिली जानकारी के अनुसार एंटी नक्सल ऑपरेशन के दौरान यह सर्च अभियान 29 सितंबर को धनोरा थाना क्षेत्र में चलाया गया। आईईडी की आशंका को देखते हुए बीडीएस टीम को मौके पर भेजा गया था, जहां तलाशी के दौरान नक्सलियों द्वारा डंप किया गया सामान बरामद किया गया है। बरामदगी स्थल के आसपास इलाके में नक्सलियों की नेलनार एरिया कमेटी सक्रिय है।

# एस. जयशंकर ने बोत्सवाना के विदेश मंत्री को दी स्वतंत्रता दिवस की बधाई

नई दिल्ली। बोत्सवाना में हर साल 30 सितंबर को स्वतंत्रता दिवस मनाया जाता है। इस मौके पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बोत्सवाना को शुभकामनाएं दी। 'एक्स' पोस्ट में एस जयशंकर ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने को लेकर प्रतिबद्धता भी जताई।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने लिखा, बोत्सवाना के स्वतंत्रता दिवस पर विदेश मंत्री डॉ. फेन्यो बुटाले, सरकार और जनता को हार्दिक बधाई। हम अपने द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जब बोत्सवाना बाढ़ की चपेट में आ गया था, तब भारत ने वहां के लोगों के लिए मदद भेजी थी। अपने पोस्ट के साथ विदेश मंत्री जयशंकर ने इसकी एक तस्वीर भी साझा की।

1966 में बोत्सवाना की स्वतंत्रता के तुरंत बाद भारत ने उसके साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। 1987 में बोत्सवाना की राजधानी गैबोरोन में भारत ने अपना आवासीय राजनयिक मिशन खोला। वहीं बोत्सवाना ने 2006 में नई दिल्ली में अपना मिशन स्थापित किया।

कोविड-19 महामारी के दौरान भी, विदेश एवं संसदीय कार्य राज्य मंत्री वी मुरलीधरन और बोत्सवाना के अंतर्राष्ट्रीय मामलों एवं सहयोग मंत्री डॉ. लेमोगांग क्वापे ने 17 जून 2021 को आपसी द्विपक्षीय हितों के मुद्दों पर एक वर्चुअल बातचीत की थी। इसके बाद उपराष्ट्रपति स्लंबर त्सोग्वाने ने कृषि विकास एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री काराबो एस गारे और स्वास्थ्य और कल्याण मंत्री डॉ. एडविन डिकोलोटी के साथ भारत-अफ्रीका परियोजना साझेदारी पर सीआईआई-एक्जिम बैंक कॉन्क्लेव के (वर्चुअल) 16वें संस्करण (13 से 15 जुलाई 2021) में भाग लिया था। इससे पहले कोविड महामारी के दौरान भारत ने मार्च 2021 में सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा निर्मित कोविशील्ड वैक्सीन की 30,000 डोज बोत्सवाना भेजी थीं। यह बोत्सवाना में कोविड-19 वैक्सीन की पहली खेप थी। इसके बाद भारत ने 2022 में बोत्सवाना सरकार को तपेदिक रोधी दवाएं भी भेजी थीं। दोनों देशों के बीच विदेश कार्यालय परामर्श, संयुक्त मंत्रिस्तरीय समिति की बैठक (जेएमसी) और वीजा, संस्कृति, व्यापार, दोहरे कराधान, कृषि, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी आदि सहित एक दर्जन से अधिक समझौता ज्ञापनों/समझौतों सहित द्विपक्षीय तंत्र मौजूद हैं। बैंक ऑफ बड़ौदा 2001 से बोत्सवाना में काम कर रहा है और देशभर में इसकी चार शाखाएं हैं। बोत्सवाना में 30 से ज्यादा हीरा कटाई और पॉलिशिंग कंपनियां संचालित होती हैं, जिनमें से ज्यादातर का स्वामित्व भारतीय हीरा कंपनियों के पास है। इनमें प्रमुख हैं एम. सुरेश कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, केजीके डायमंड्स, ऑरोस्टार डायमंड्स, अर्जव डायमंड्स, डाय-रफ बोत्सवाना, यूरोस्टार बोत्सवाना, कार्प इम्पेक्स, मोहित डायमंड्स, धर्मा डायमंड्स और डब्ल्यूटीएम बोत्सवाना। इन कंपनियों ने स्थानीय बोत्सवानावासियों को हीरा कटाई और पॉलिशिंग का प्रशिक्षण देने के साथ रोजगार के अवसर दिए।



● 1966 में बोत्सवाना की स्वतंत्रता के तुरंत बाद भारत ने उसके साथ राजनयिक संबंध स्थापित किए। 1987 में बोत्सवाना की राजधानी गैबोरोन में भारत ने अपना आवासीय राजनयिक मिशन खोला।

# सीडीएस चौहान ने परमाणु हथियारों के जैविक खतरों से तैयार रहने का किया आह्वान

● कोविड महामारी के बाद बढ़ते जैविक खतरों के प्रति हमें भविष्य में तैयार रहना चाहिए

नई दिल्ली। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने मंगलवार को भविष्य के लिए परमाणु हथियारों से होने वाले जैविक खतरों के खिलाफ तैयार रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आज के डेटा केंद्रित युद्ध के युग में सूचना तक पहुंच दुश्मन को या तो हम पर बढ़त दिला सकती है या उसे कुछ हद तक बढ़त दिला सकती है। हालांकि, डेटा सुरक्षा और डेटा संरक्षण सीधे तौर पर एमएनएस की जिम्मेदारी नहीं है, लेकिन आपको इन सभी प्रकार की चुनौतियों के बारे में पता होना चाहिए। दिल्ली कैंट स्थित मानेकशॉ सेंटर में मिलिट्री नर्सिंग सर्विस (एमएनएस) के 100वें स्थापना दिवस पर वैज्ञानिक सत्र को संबोधित करते हुए सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के बाद हमारे प्रधानमंत्री ने कहा है कि भारत परमाणु ब्लैकमेल से नहीं डरेगा। हालांकि, हमारी ओर से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की संभावना बहुत कम है, फिर भी इसे हमारी सुरक्षा में शामिल करना समझदारी होगी। रेडियोलॉजिकल प्रदूषण के लिए अलग प्रोटोकॉल की आवश्यकता होती है और यह हमारे प्रशिक्षण का हिस्सा होना चाहिए। परमाणु खतरों के विरुद्ध तैयारी इसके उपयोग के विरुद्ध निवारक उपाय में योगदान करती है। मुझे लगता है कि यह महत्वपूर्ण है। उन्होंने सैन्य नर्सिंग सेवा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय डीएनए अद्वितीय है। हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली अलग-अलग वातावरण या संक्रमणों के प्रति अलग-अलग प्रतिक्रिया करती है। व्यापक स्तर पर व्यक्तिगत चिकित्सा डेटा की सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण है और इसमें केस हिस्ट्री, रिपोर्ट और चिकित्सा स्वास्थ्य रिकॉर्ड शामिल हैं। परिचालन डेटा, स्वास्थ्य पैटर्न से संबंधित तैनाती, निकासी योजनाओं को भी लीक से सुरक्षित रखने की आवश्यकता है। चिकित्सा डेटा की भूमिका-आधारित पहुंच और एन्क्रिप्शन आज के डेटा केंद्रित युद्ध के युग में बहुत प्रासंगिक है। सूचना तक पहुंच दुश्मन को या तो हम पर बढ़त दिला सकती है या उसे कुछ हद तक बढ़त दिला सकती है। हालांकि, डेटा सुरक्षा और डेटा संरक्षण सीधे तौर पर एमएनएस की ज़िम्मेदारी नहीं है, लेकिन आपको इन सभी प्रकार की चुनौतियों के बारे में पता होना चाहिए। सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि कोविड महामारी के बाद के युग में जैविक खतरों के बढ़ने की संभावना है और उन्होंने उनके खिलाफ रक्षा तैयारियों का आह्वान किया।




# करूर भगदड़: अपमानजनक वीडियो के लिए तमिलनाडु के यूट्यूबर फेलिक्स गेराल्ड गिरफ्तार

करूर। तमिलनाडु पुलिस ने मंगलवार को लोकप्रिय यूट्यूबर फेलिक्स गेराल्ड को 27 सितंबर को करूर में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) नेता विजय की चुनावी रैली में हुई भगदड़ के बारे में अपमानजनक और भ्रामक टिप्पणी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। इस रैली में कई महिलाओं और बच्चों सहित 41 लोगों की जान चली गई थी।

अधिकारियों ने कहा कि जांच के दौरान पाया गया कि यूट्यूबर फेलिक्स गेराल्ड का हालिया वीडियो अशांति भड़का सकता है और गलत सूचना फैला सकता है। इससे पहले, पुलिस ने चेतावनी दी थी कि भय पैदा करने वाली या सार्वजनिक व्यवस्था को बाधित करने वाली सामग्री पोस्ट करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



अधिकारियों ने जनता से गलत सूचना फैलाने से बचने और जांच में सहयोग करने का आग्रह किया है।

टीवीके के वरिष्ठ पदाधिकारियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज किए जाने की पुष्टि के कुछ घंटों बाद करूर टाउन पुलिस ने गेराल्ड को गिरफ्तार किया। जिन लोगों के नाम दर्ज किए गए हैं उनमें टीवीके के चुनाव अभियान प्रबंधन के महासचिव एन. आनंद उर्फ 'बुस्सी' आनंद, राज्य संयुक्त सचिव निर्मल कुमार और करूर पश्चिम जिला सचिव मथियाझगन शामिल हैं। करूर न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या 1 में प्रस्तुत मामले में भारतीय दंड संहिता की पांच धाराओं का हवाला दिया गया है, जिनमें लापरवाही से मौत और जन सुरक्षा आदेशों की अवहेलना भी शामिल है। मथियाझागन को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है और करूर में एक विशेष पुलिस दल उनसे पूछताछ कर रहा है। हादसे के बाद करूर पहुंचे मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने जवाबदेही सुनिश्चित करने के सरकार के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा, हमने सेवानिवृत्त न्यायाधीश अरुणा जगदीशन के नेतृत्व में एक जांच आयोग गठित कर दिया है। यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि ऐसी त्रासदी दोबारा न हो।

**सफलतापूर्वक सामना** | अखिल भारतीय स्तर पर तीनों सेनाओं के लॉजिस्टिक्स एकीकरण पर ध्यान केंद्रित करना होगा

# चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम होगा भारत : राजनाथ

नई दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि मां दुर्गा इस बात का सबसे बड़ा उदाहरण हैं कि जब चुनौतियां बड़ी और असाधारण होती हैं, तो एकीकृत शक्ति अजेय हो जाती है।

हमारी तीनों सेनाएं ऑपरेशनल तत्परता की दिशा में काम कर रही है, लेकिन हमारा अगला कदम अखिल भारतीय स्तर पर तीनों सेनाओं के लॉजिस्टिक्स एकीकरण पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब हमारी तीनों सेनाएं एक साथ आएंगी और एक साथ बढ़ेंगी, तभी हम चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर पाएंगे। नई दिल्ली में आज तीनों सेनाओं के सेमिनार को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि हमारी सेनाएं न सिर्फ दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेना में गिनी जाती हैं, बल्कि उनके मूल्य और उनका दृष्टिकोण भी पूरी दुनिया में कायम हैं। हमारी हर सेना की अपनी गौरवशाली परंपरा रही है, अपनी पहचान रही है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर एक उदाहरण है कि जब हमारी सेनाएं एक साथ काम करती हैं, तो यह ताकत को कई गुना बढ़ा देती हैं और जीत सुनिश्चित करती हैं। हम दूसरे देशों की सर्वोत्तम प्रथाओं से सीख सकते हैं, लेकिन प्रत्येक देश की अपनी विशिष्ट परिस्थितियां होती हैं। हम एक ऐसी प्रणाली बना सकते हैं, जो आधुनिक, सक्षम और हर सेवा के लिए उपयोगी हो। राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने अपनी हवाई रक्षा में संयुक्तता का जबरदस्त प्रदर्शन किया, जो निर्णायक साबित हुआ। भारतीय वायु सेना की एकीकृत वायु कमान और नियंत्रण प्रणाली को भारतीय सेना के आकाश तीर और भारतीय नौसेना के त्रिगुण के साथ सहजता से एकीकृत करना ही इस ऑपरेशन की कामयाबी का मूल आधार था। इन प्रणालियों में त्रि-सेवा तालमेल है, जिससे कमांडरों को तुरंत सही समय में और सही फैसले लेने की ताकत मिल गई। यह ऑपरेशन इस बात का प्रमाण है कि जब हमारी सेना मिलकर काम करती है, तो उनकी संयुक्त ताकत में वृद्धि होती है। रक्षा मंत्री ने कहा कि 21वीं सदी में सुरक्षा का स्वरूप काफी बदल गया है। धमकियां पहले से कहीं अधिक जटिल हो गई हैं। आज भूमि, समुद्र, वायु, अंतरिक्ष और साइबरस्पेस, ये सभी डोमेन गहराई से जुड़े हुए हैं। निश्चित रूप से हमारी हर सेना के पास अकेले ही किसी भी चुनौती का सामना करने की क्षमता है, लेकिन आज के दौर में हमें निरंतर संवाद की आवश्यकता होगी। ऐसे में नेतृत्व की भूमिका प्रमुख है। उसे हर कदम पर स्पष्ट करना होगा कि यह सुधार क्यों आवश्यक है। जब प्रत्येक सेवा और प्रत्येक कर्मचारी एकजुटता के महत्व को समझेंगे, तभी यह सफल होगा। आज के एकीकृत संचालन के युग में महत्वपूर्ण है कि ये प्रणालियां आपस में निर्बाध रूप से जुड़ी रहें। अलग-थलग रहकर काम करना निर्णय लेने में एक बड़ी चुनौती पेश कर सकता है। तीनों सेनाओं के सेमिनार को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज हम साइबर हमलों और सूचना युद्ध के खतरे का सामना कर रहे हैं, इसलिए हमें इनके लिए मानक तय करने होंगे।



## व्यक्तित्व के निर्माण में कई कारक भूमिका निभाते हैं: स्वामी उमेशानंद

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रूद्रपुर(उत्तराखंड)।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के द्वारा मंगलवार को आश्रम में एक दिवसीय सत्संग का आयोजन किया गया।आयें हुए श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए सर्व आशुतोष महाराज के शिष्य स्वामी उमेशानंद ने कहा कि व्यक्ति के व्यक्तित्व के निर्माण में कई कारक भूमिका निभाते हैं।लेकिन उसके दृष्टिकोण का हमेशा एक विशेष स्थान होता है। वास्तविकता में दृष्टिकोण मनुष्य के संस्कारों, आसपास के वातावरण, एवं अन्य स्रोतों द्वारा प्राप्त किए गए विचारों से पैदा होता है इसलिए आजकल किसी भी व्यक्ति को बचपन से ही अच्छा बनने के लिए उसके संपर्क में आने वाली हर संजीव और निर्जीव वस्तु पर विशेष ध्यान दिया जाता है।आधुनिक मनुष्य का मानना है कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण का होना आवश्यक है।क्योंकि विज्ञान ही जीवन के जटिल रहस्यों को सुलझा सकता है।यह सच भी है क्योंकि कई बातें जो मनुष्य के लिए एक पहेली थी आज वह उन तथ्यों को समझने और समझाने की क्षमता रखता है। क्योंकि मनुष्य आज चांद, सूरज, तारे, दिन और रात ग्रहण, बारिश और कई अन्य प्राकृतिक रहस्यों से अनभिज्ञ नहीं है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं की आधुनिक मनुष्य प्रकृति के हर रहस्य से अवगत हो गया है। साध्वी जी ने कहा कि विज्ञान का उद्देश्य मनुष्य को सही मार्गदर्शन देकर अंधविश्वास और रूढ़िवादिता जैसी बुराइयों से दूर कर बेहतर जीवन प्रदान करना है। हमारे ऋषि मुनियों और महापुरुषों ने मनुष्य को इस दुविधा से निकालने के लिए यही बताया है कि जीवन का सही अर्थ जानना ही सभी समस्याओं का समाधान है। जिसे जानने के बाद कुछ भी जानना शेष नहीं रहता। इसलिए हमें आध्यात्मिक विज्ञान को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ना होगा।और यह तभी संभव हो सकता है जब जीवन में गुरु की शरणागत हो हम उनसे ब्रह्म ज्ञान की दीक्षा को पाकर अपने अंतर घट में ईश्वर का साक्षात्कार कर लेते हैं,तभी हम बाहरी चीजों का अनुभव अपने भीतर में होता है,और हम प्रत्येक रहस्य को जान सकते हैं, कि हमारा आध्यात्म, हमारे वेद,ग्रंथ, शास्त्र हमें क्या शिक्षा दे रहे हैं।और गुरु हमारे जीवन में सभी भूमिका निभाने में सक्षम है ल,और वही हमें ऐसा ज्ञान प्रदान करते है।

## जातिगत क्षेत्र या जागीर घोषित करने वाले साईनबोर्डस या घोषणाओं को तत्काल हटाया जाएगा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** एक सर्वसमावेशी, संवैधानिक मूल्यों के अनुकूल व्यवस्था उत्तर प्रदेश सरकार की घोषित नीति है। समाज में व्याप्त विभेदकारी प्रवृत्तियों के उन्मूलन के दृष्टिगत पुलिस अभिलेख एवं सार्वजनिक संकेतों में जाति आधारित अंकन एवं प्रदर्शन रोकने के लिए तथा जातीय प्रदर्शनों द्वारा जातीय संघर्ष को प्रेरित करने वाले तत्वों के विरुद्ध शासन के निर्देशों के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

उच्च न्यायालय इलाहाबाद के 16 सितम्बर 2025 को क्रिमिनल मिस. अप्लीकेशन 482 संख्या-31545/2024 प्रवीण छेत्री बनाम उ.प्र. राज्य व अन्य में दिए आदेश के क्रम में शासन द्वारा निम्नलिखित दिशा निर्देश निर्गत किये गये। सीसीटीएनएस पोर्टल पर प्रयोग किये जा रहे प्रारूपों में अभियुक्तों की जाति अंकित करने संबंधी फील्ड (थमसक) को डिलीट करने तथा अभियुक्त के पिता के नाम के साथ माता का नाम भी अंकित किये जाने हेतु सीसीटीएनएस पोर्टल में आवश्यक व्यवस्था करने हेतु एनसीआरबी से पत्राचार किया जाए। थानों में नोटिस बोर्ड्स पर अभियुक्तों के नाम के साथ उनकी जाति का उल्लेख न किया जाए। वरामदगी, पंचनामा, गिरफ्तारी मेमो तथा व्यक्तिगत तलाशी मेमो आदि में भी अभियुक्त की जाति का उल्लेख न किया जाए। पुलिस द्वारा तैयार किये जाने वाले अभिलेखों आदि में अभियुक्त के पिता का नाम के साथ साथ अभियुक्त की माता का नाम भी अंकित किया जाए।

वाहनों, सार्वजनिक स्थानों पर जाति के नाम अथवा जाति को महिमामंडित करने संबंधी स्लोगन/ स्टीकर आदि लगाकर चलने वाले वाहनों का केन्द्रीय मोटर वाहन अधिनियम 1988 की उपयुक्त धाराओं के अन्तर्गत चालान किया जाए। कस्बों, तहसीलों और जिला मुख्यालयों में, कतिपय तत्वों द्वारा जातिवाद या अभिमान के कारण जाति का महिमामंडन करने वाले तथा भौगोलिक क्षेत्रों को जातिगत क्षेत्र या जागीर घोषित करने वाले साईनबोर्डस या घोषणाओं को तत्काल हटाए जाए। भविष्य में ऐसे कोई भी बोर्ड्स आदि न लगाने हेतु प्रभावी कदम उठाये जाएं। राजनीतिक उद्देश्यों से आयोजित जाति आधारित रैलिया आदि समाज में जातीय संघर्ष को बढ़ावा देती हैं जो लोक व्यवस्था और राष्ट्रीय एकता के विपरीत है इन पर उत्तर प्रदेश राज्य में पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

सोशल मीडिया पर किसी जाति को महिमामंडित करने तथा किसी जाति की निंदा करने वाली सोशल मीडिया संदेशों पर कड़ी निगरानी रखी जाए। सोशल मीडिया के माध्यम से जातिगत द्वेष फैलाने अथवा जातिगत भावनाओं को उद्वेलित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। यदि किसी अधिनियम के अंतर्गत कानूनी बाध्यता होने पर जाति का नाम अंकित किए जाने की छूट प्रदान की गयी है, यथा अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कारित अपराधों की विवेचना करने वाले विवेचक अभियुक्त एवं पीड़ित की जाति अंकित कर सकते है।

## निगम ने की शहर को दशहरे का उपहार देने की तैयारी

*** बेहट अड्डा स्थित श्रीरामलीला वाली भूमि को लीज पर देने के लिए निगम ने भेजा स्वीकृति हेतु प्रदेश शासन को प्रस्ताव**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने दशहरे का उपहार शहर और समाज को देने की तैयारी करते हुए शहर की सबसे प्राचीन, श्रीराम लीला कमेटी (रजि.) सहारनपुर को बेहट अड्डा स्थित श्री रामलीला ग्राउण्ड की भूमि की लीज डीड व उसकी चारदीवारी कराये जाने का प्रस्ताव उप्र शासन को स्वीकृति के लिए भेज दिया है। महापौर डॉ. अजय कुमार की पहल पर नगर निगम कार्यकारणी एवं नगर निगम बोर्ड इस आशय का प्रस्ताव पहले ही पारित कर चुके हैं। उक्त भूमि की लीज डीड कराने की मांग श्रीरामलीला कमेटी के अलावा शहर के अनेक सामाजिक संगठन व शहर के लोग काफी समय से कर रहे थे।

सम्पत्ति प्रभारी सुधीर शर्मा ने बताया कि बेहट अड्डा स्थित श्रीराम लीला स्थल को लीज पर दिये जाने के सम्बंध में एक प्रस्ताव 23 मई 2025 को निगम कार्यकारणी में विचारार्थ रखा गया था। जिस पर कार्यकारणी ने प्रस्ताव संख्या 35 द्वारा प्रस्ताव पारित किया-''विस्तृत चर्चा उपरांत मा.समिति द्वारा उक्त स्थल पर काल-कालांतर में निर्मित दुकानों तथा 12 मीटर की सड़क को छोड़कर शेष भूमि नगर निगम अधिनियम 1959 के अनुसार नियमानुसार अधिकतम अवधि हेतु श्रीरामलीला कमेटी को लीज पर आवंटित करने हेतु प्रस्ताव को शासन को भेजने की स्वीकृति मा.कार्यकारणी समिति द्वारा प्रदान की गयी।'' उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन महापौर डॉ. अजय कुमार की सक्रियता और गंभीरता से मा.सदन (नगर निगम बोर्ड) के प्रस्ताव संख्या 36 दिनांक 29 मई 2025 में भी कर दिया गया। उन्होने बताया कि उक्त स्थल पर 12 मीटर की सड़क एवं विद्यालय भवन को छोड़कर श्रीरामलीला कमेटी को दिये जाने वाली भूमि को चिह्नित करते हुए टीएसएम मशीन से सर्वे कराया गया। उन्होने बताया कि शासन को भेजे गए प्रस्ताव में उक्त स्थल पर निर्मित श्री रामलीला कमेटी का पूर्व निर्माण 195.34 वर्गमीटर, स्थल पर बने शौचालय का क्षेत्रफल 47.38 वर्गमीटर तथा स्थल का रिक्त क्षेत्रफल 11564.74 वर्ग मीटर सहित कुल 11807.46 वर्ग मीटर देने हेतु स्वीकृति प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

## सहारनपुर में 69 वी मंडलीय बालक वर्ग की प्रतियोगिता हुई संपन्न

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** आज इस्लामिया इंटर कॉलेज सहारनपुर में 69 वी मंडलीय बालक वर्ग की प्रतियोगिता संपन्न कराई गई।



प्रधानाचार्य, डॉक्टर गुफरान आलम ने रिबन काटकर उद्घाटन किया इसमें तीनों जनपदों के व्यायाम शिक्षक उपस्थित रहे।/19 क्रिकेट बालक वर्ग में जनपद सहारनपुर की टीम ने फाइनल में मुजफ्फरनगर को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जनपद मुजफ्फरनगर ने जनपद शामली को हराकर दूसरा स्थान प्राप्त किया जनपद शामली तीसरे स्थान पर रहा /17 क्रिकेट बालक वर्ग में जनपद सहारनपुर ने दबदबा रखा तथा फाइनल में जनपद शामली को हराकर जनपद सहारनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया |शामली दूसरे तथा मुजफ्फरनगर तीसरे स्थान पर रहे। जिसमें व्यायाम शिक्षक जनपदीय क्रीड़ा सचिव प्रवीण चौधरी राव अफजाल अहमद,राजकुमार,सुबोध पुंडीर,डॉक्टर अमरपाल,डॉक्टर फूल कुमार ,प्रमोद कुमार ,शुभम पाल, पवन कुमार, अनिल कुमार ,आदि उपस्थित रहे।

## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में हुई सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यों, कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की बैठक

*** स्वच्छता ही सेवा के अन्तर्गत जिला पंचायत एवं क्षेत्र पंचायत भी लाएं कार्यों में प्रगति**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** मंडलायुक्त अटल कुमार राय की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में सीएम डैश बोर्ड पर विकास कार्यों की समीक्षा, कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों, चकबन्दी कार्यों एवं वादों की प्रगति की समीक्षा बैठक आहूत की गई। श्री राय ने निर्देश दिए कि सभी विभाग सीएम डैशबोर्ड में सर्वोच्च रैंकिंग के लिए प्रयास करें। उन्होने कहा कि सभी विभाग विकास कार्यों में प्राप्त रैंकिंग को उच्चतम श्रेणी में लाएं। ए रैंक वाले अपनी रैंकिंग यथावत बनाए रखने हेतु कोशिश करें। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बैठक में आवश्यक रूप से उपस्थित रहना सुनिश्चित करें एवं शासन के निर्देशों एवं उच्च प्राथमिकता वालें बिन्दुओं पर गंभीरता से कार्य करें। सभी अधिकारी सुनिश्चित करें कि ई ऑफिस का निरंतर संचालन हो। फॉर्मर आई डी बनाने के कार्य में तेजी लाएं एवं कम प्रगति वाले गांवों में कैंप लगाएं। जल जीवन मिशन, फैमिली आईडी, पंचायती राज, पर्यटन विभाग, माध्यमिक शिक्षा, ग्रामीण स्टेडियम, सेतु निर्माण, नई सड़कों के निर्माण, स्किल्ड डवलपमेंट, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की रैंकिंग मण्डल में बेहतर की जाए। इस संबंध में निरंतर समीक्षा करने, कार्यो का फालोअप करने, रैंकिंग गिराने वाले कारणों को देखने तथा सुधार करने के निर्देश दिए। पंचायती राज विभाग के संबंध में उन्होने निर्देश दिए कि अवशेष धनराशि से क्रिएटिव एक्टिविटीज एवं वॉल पेंटिंग करवाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें। पर्यटन विभाग को समयबद्धता के साथ कार्यों को पूर्ण करने के लिए कहा। प्राइमरी एवं माध्यमिक शिक्षा के तहत उन्होने निर्देश दिए कि बीएसए कार्यालय में सबसे कम उपस्थिति वाले और सबसे अधिक उपस्थिति वाले 10-10 विद्यालयों की प्रधानाध्यापक के नाम सहित लिस्ट चस्पा की जाए। अधिक उपस्थिति वाले विद्यार्थियों को स्कूल स्तर पर सम्मानित किया जाए। अभिभावक अध्यापक बैठक में मिशन शक्ति के तहत माताओं को भी बुलाया जाए। रैंकिंग में सुधार लाने के हर संभव सकारात्मक प्रयास करने चाहिए।

युवा मंगल दल को निर्देश दिए कि मिशन शक्ति अभियान के तहत ब्लॉक एवं जनपद स्तर पर महिलाओं के खेल कार्यक्रम एवं पीआरडी महिलाओं का विशेष प्रशिक्षण कराया जाए। पुलों के निर्माण की साप्ताहिक समीक्षा की जाए। नई सड़कों के निर्माण की निरंतर समीक्षा कर तेजी से कार्य पूरा किया जाए।

## युवक ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर लगाई न्याय की गुहार

**पटवाई।** थाना क्षेत्र के प्रतापपुर हरदासपुर गांव के निवासी विक्की जो कि जाटव समाज से आते हैं, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है विक्की ने आरोप लगाया है कि उन्हें एक आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति द्वारा झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उन्होंने यह भी कहा है कि उनकी छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है विक्की ने बताया कि वह पिछले पंचायत चुनाव में बीस वोटों से हार गए थे। उन्होंने गांव के ही बबलू नाम के व्यक्ति पर आरोप लगाया है, विक्की के अनुसार, बबलू और उनके पिता आपराधिक प्रवृत्ति के हैं और कई मामलों में जेल जा चुके हैं

विक्की ने आरोप लगाया है कि 6 सितंबर को बबलू ने उन्हें साजिश के तहत घर से बुलाया और जबरदस्ती शराब पिलाई। इसके बाद बब्लू उन्हें ग्राहक सेवा केंद्र ले गया और उनके बैंक खाते में ₹37,000 जमा करवा दिए। विक्की के अनुसार, बबलू ने धोखे से उनके यूपीआई पिन को देख लिया था और उनका फोन लेकर यह पूरी राशि किसी दूसरे खाते में ट्रांसफर कर दी। इसके बाद, बबलू ने विक्की के खिलाफ पटवाई थाने में एक झूठी शिकायत दर्ज करवाई और उन्हें अपराधी बनाने की कोशिश की।विक्की ने अपने पत्र में यह भी कहा है कि उन्हें सिर्फ इसलिए परेशान किया जा रहा है क्योंकि वह एक दलित व्यक्ति हैं और उन्हें लोधी समाज के लोगों से जान और माल का खतरा है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी है कि यदि बबलू या उसके परिवार के किसी सदस्य के साथ भविष्य में कोई घटना होती है तो उसकी जिम्मेदारी उनकी खुद की होगी।

विक्की ने इस मामले का संज्ञान लेने और झूठे आरोपों से बचाते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की अपील की है।

## वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के अन्तर्गत जनपद के युवाओं को रोजगार देने के लिए सेवायोजन विभाग द्वारा एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला एवं कैरियर काउन्सिलिंग का आयोजन इम्पेक्ट कॉलेज ऑफ साइस एण्ड टेक्नॉलोजी, थूनापुर भोट में किया गया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि चेयरमेन जिला सहकारी बैंक श्री मोहनलाल सैनी ने बेरोजगार अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि बेरोजगार अभ्यर्थियों को अपने अन्दर

स्किल पैदा करना चाहिए और अपनी रूचि के अनुसार कम्पनी में प्रतिभाग करना चाहिए। जीवन मे जब भी अवसर प्राप्त हो उसका लाभ तत्काल लेना चाहिए। प्राचार्य डा0 आसिम अहमद ने भी बेरोजगार अभ्यर्थियों को समय की मांग के अनुसार अपने अन्दर स्किल पैदा करें तथा टेक्नीकल के क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्रदान करने को कहा। इम्पैक्ट कॉलेज के चेयरमेन सुल्तान सैफी ने कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला

सेवायोजन कार्यालय द्वारा रोजगार प्रदान करने की दिशा में किए जा रहे कार्यो की सराहना की तथा कहा कि कैरियर काउन्सिलिंग कार्यक्रम एवं रोजगार मेला बेरोजगार अभ्यर्थियों के लिए बहुत उपयोगी है एवं सार्थक कार्यक्रम है। प्रभारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी श्री मनोज कुमार ने बताया कि रोजगार मेले

में निजी क्षेत्र की 06 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया, जिसमे पुखराज हैल्थ केयर, कैरम मुबलिटी सोल्यूशन प्रा0लि0, जेपीवीएमजी प्रा0लि0, यश कस्ट्रक्शन कम्पनी एवं एसएन स्टाफिंग सोल्यूश्न प्रा0लि0 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## पुलिस लाइन रामपुर में किया परेड का निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा मंगलवार की परेड की सलामी लेकर रिजर्व पुलिस लाइन, रामपुर का निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान परेड में मौजूद महिला प्रशिक्षुओं एवं कर्मचारीगणों का टर्नआउट आदि चैक कर रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में स्थित भोजनालय, रीडिंग रुम (लाइब्रेरी), कैन्टीन, मनोरंजन कक्ष, जिम, आरटीसी



कार्यालय, कैश कार्यालय, परिवहन शाखा, आरटीसी आदि की व्यवस्थाओं आदि का निरीक्षण कर सर्वसंबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** अभियुक्त खडक सिंह पुत्र हीरालाल निवासी ग्राम स्वार खुर्द थाना कैमरी जनपद रामपुर द्वारा वादी की पुत्री के साथ स्कूल आते जाते समय रास्ते मे छेडछाड करना व वादी के घर में घुस कर उसकी बेटी को अपने घर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करना तथा अपने मोबाइल में दुष्कर्म की वीडियो बनाना तथा वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुये जान से मारने की धमकी देना जिससे आहत होकर वादी की पुत्री द्वारा आत्महत्या करने के सम्बन्ध में थाना



कैमरी पर मु0अ0सं0- 140/24 धारा 354/452/376/323/504/506 भादवि व धारा 108 बी0एन0एस0 बनाम 1.खडक सिंह पुत्र हीरालाल, 2. हीरालाल पुत्र नामालुम निवासीगण ग्राम स्वार खुर्द थाना कैमरी जनपद रामपुर पंजीकृत किया गया ।

## मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की आराधना की

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** श्रद्धालुओं ने शारदीय नवरात्र महोत्सव के दौरान मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की आराधना की गई। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में कन्याओं को जिमाकर उन्हें भोजन कराया।

मंगलवार को श्रद्धालुओं ने घरों में महामाई के दरबार में पूजा-अर्चना की।मां दुर्गा को तिलक लगाकर तथा पुष्प माला पहनाकर पूजा-अर्चना की। इसके अलावा क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी का भव्य श्रृंगार किया गया।वहीं दूसरी ओर मां दुर्गा पंचायती राज भवानी मंदिर तथा श्री माता पीतांबरा देवी मंदिर में पुजारियों द्वारा दुर्गा चालीसा एवं सप्तशती का पाठ किया गया। इसके अलावा श्रद्धालुओं द्वारा मुहल्ला साहूकारा में श्री सनातन धर्म बड़ा मंदिर, माता महाकाली मंदिर, पंजाबी कालोनी में श्री सनातन धर्म मंदिर, शिव मंदिर, मुहल्ला लक्ष्मीनगर में श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, मां चामुंडा देवी मंदिर, शिव-शीतला माता मंदिर आदि मंदिरों में भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। शाम को महिलाओं द्वारा ने मंदिरों में माता रानी के छंद गाए। वहीं दूसरी ओर क्षेत्र के गांव मानपुर ओझा बंगाली कालोनी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 63वां दुर्गा पूजा-अर्चना श्री श्री दुर्गा मंदिर उत्थान समिति के तत्वाधान में शुरू हुई। पूजा पुरोहित सुदामाय मुखर्जी के निर्देशन में विधि-विधान अनुसार संपन्न हुआ।माता की पूजा-अर्चना उपरांत पुष्पांजलि अर्पित की गई। संध्या के समय संध्या आरती तथा रात्रि में बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर कमेटी के अध्यक्ष संतोष सिकंदर, विजय विश्वास, अजय मंडल, प्रकाश मजूमदार, दीपांकर बैरागी, राजू दास, प्रेमचंद बैरागी, कालिदास, रविंद्र नाथ सिकदर, नारायण आदि मौजूद रहे।

## कासिम की गिरफ्तारी के बाद गांव में हूहड़क जैसा माहौल

**उत्तम भारत संवाददाता**

**बिलासपुर।** हिंदू धर्म गुरूओं की हत्या की साज़िश रचने आदि गंभीर आरोपों में यूपी एटीएस के के हत्थे चढ़े चार युवकों में एक खजुरिया थाना क्षेत्र का रहने वाला कासिम अली पुत्र बब्बू शाह बताया जाता है।आरोप है कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर मुजाहिद्दीन आर्मी बनाकर लोकतंत्र व्यवस्था को खत्म करने की साज़िश रच रहा था।एटीएस द्वारा कासिम की हुई गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को सराय कदीम गांव में हूहड़क और उसके घर में मातम जैसा माहौल दिखाई दिया।जबकि



उसके घर में पुलिस,खुफिया एजेंसी और मीडिया का जमावड़ा लगा रहा।कासिम की मां नन्ही ने बताया कि उसने कोई वीडियो बनाकर डाली है,जिसमें उसे गिरफ्तार किया गया है,हालांकि वह तो फोन चलाना जानती नही है, उन्होंने कहा उनका बेटा निर्दोष है,क्योंकि परिवार ने कभी उसे गलत नही देखा।

## उत्तर प्रदेश पर्यटन का जलवा : यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025 में मिला सम्मान

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने एक बार फिर नए आयाम गढ़े हैं। ग्रेटर नोएडा में आयोजित 'यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2025' में विभाग को 'उल्लेखनीय योगदान और प्रतिबद्धता' के लिए सम्मानित किया गया है। यह आयोजन 25 से 29 सितंबर तक चला और इसमें लगभग 5.15 लाख आगंतुकों ने हिस्सा लिया।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपीआईटीएस ने प्रदेश में पर्यटन संभावनाओं के नए द्वार खोले हैं। इस आयोजन में प्रदेश सरकार की बिजनेस-फ्रेंडली नीतियों, उत्तर प्रदेश पर्यटन नीति-2022 और विकसित यूपी 2047 की स्पष्ट झलक देखने को मिली। यूपी पर्यटन विभाग के स्टॉल पर वीआर-एआर तकनीक ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया।

स्टॉल पर आगंतुकों को उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों की जानकारी मिली और उन्होंने एआर फोटो बूथ पर अपनी पसंद के मंदिर या पर्यटन स्थल के साथ डिजिटल फोटो खिंचवाए। स्टॉल पर उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित किया गया। आगंतुकों ने इको टूरिज्म गंतव्यों में रुचि दिखाई और दुधवा, नैमिषारण्य और चूका बीच जैसे स्थलों की यात्रा का वादा किया।

## बरेली में इंटरनेट बहाली के बाद जनजीवन सामान्य, सुरक्षा के मद्देनजर पुलिसबल तैनात

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में इंटरनेट सेवाओं की बहाली के बाद माहौल शांतिपूर्ण बना हुआ है। इंटरनेट सेवाएं शुरू होने के बाद लोग एक बार फिर मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का उपयोग करते नजर आए।

तनावपूर्ण हालात के बाद प्रशासन ने स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए कई कदम उठाए हैं। शहर में सामान्य जनजीवन धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहा है, लेकिन प्रशासन कोई जोखिम लेने के मूड में नहीं है।

सुरक्षा के लिहाज से मौलाना तौकीर रजा के आवास के आसपास के रास्तों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। इन मार्गों पर आने-जाने वालों की सख्त निगरानी की जा रही है। पुलिस और प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह की अशांति को रोकने के लिए सतर्कता बरती जा रही है। शहर के संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती के साथ-साथ गश्त भी बढ़ा दी गई है। इंटरनेट सेवाएं बंद होने से पहले शहर में कुछ तनावपूर्ण घटनाएं हुई थीं, जिसके कारण प्रशासन को यह कदम उठाना पड़ा था। अब इंटरनेट बहाल होने के बाद लोग अपने रोजमर्रा के कामों के लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रहे हैं।

बाजारों में रौनक लौटने लगी है और दुकानें सामान्य रूप से खुल रही हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इंटरनेट की वापसी से उन्हें काफी राहत मिली है, क्योंकि कई काम ऑनलाइन सेवाओं पर निर्भर थे।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है। प्रशासन ने यह भी चेतावनी दी है कि अफवाहें फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बरेली के निवासियों से अपील है कि वे किसी भी भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें और सामाजिक सौहार्द बनाए रखें। फिलहाल, शहर में शांति कायम है और प्रशासन हर स्थिति पर नजर रखे हुए है।

## गंगा में जल्द शुरू होगा गंगोत्री क्रूज का संचालन

**वाराणसी।** काशीवासियों और यहां आने वाले देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। गंगा में जल्द ही एक और भव्य क्रूज गंगोत्री क्रूज का संचालन शुरू होने जा रहा है। यह न केवल काशी के घाटों का सुंदर नजारा कराएगा, बल्कि आसपास के जिलों की ऐतिहासिक और धार्मिक धरोहरों तक भी पर्यटकों को ले जाएगा। खास बात यह है कि इस क्रूज पर नदी में ही नाइट स्टे का अनुभव भी लिया जा सकेगा।



### गंगोत्री क्रूज की खासियतें

गंगा में यह पांचवां और तीसरा बड़ा क्रूज होगा। तीन मंजिला इस क्रूज की लंबाई 52 मीटर और चौड़ाई 11 मीटर है। इसकी क्षमता 200 यात्रियों की होगी, जबकि 48 लोगों के लिए एक साथ नाइट स्टे की सुविधा उपलब्ध रहेगी। नाइट स्टे के लिए अलग से बुकिंग करानी होगी। प्रति व्यक्ति किराया 24 घंटे के लिए 30 हजार रुपये तय किया गया है।

### बुकिंग और संचालन

क्रूज का उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों होना है। फिलहाल बुकिंग शुरू हो चुकी है, जो अभी अलकनंदा क्रूज की वेबसाइट से हो रही है। अगले सप्ताह से बुकिंग डॉट कॉम और अगोडा जैसे पोर्टलों पर भी इसकी बुकिंग उपलब्ध होगी। निदेशक विकास मालवीय के अनुसार, दीपावली से पहले इसका संचालन शुरू हो जाएगा।

### यात्रा का अनुभव

गंगोत्री क्रूज की यात्रा रविदास घाट से शुरू होगी। यहां से यह मिर्जापुर जिले की ओर जाएगा, जहां मां विंध्याचल के दर्शन-पूजन का अवसर मिलेगा। इसके बाद चुनार किला, शूलटंकेश्वर महादेव, काशी के घाट, श्री काशी विश्वनाथ मंदिर और अंत में मारकंडेय महादेव धाम तक पर्यटकों को भ्रमण कराया जाएगा। हर पड़ाव पर सांस्कृतिक संध्या, काव्य पाठ, लोक नृत्य और संगीत कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिससे यात्रियों को काशी और आसपास की सांस्कृतिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलेगा।

फिलहाल गंगा में चार क्रूज अलकनंदा, भागीरथी, विवेकानंद और मानेकशॉ संचालित हो रहे हैं। इनमें यात्रियों की मांग काफी अधिक है। उदाहरण के तौर पर, अलकनंदा और भागीरथी क्रूज में 80 में से 48 सीटें, जबकि विवेकानंद और मानेकशॉ में 200 में से 160 सीटें पहले ही बुक हो चुकी हैं। देव दीपावली के लिए भी बुकिंग जल्द शुरू होने वाली है। गंगोत्री क्रूज के शुरू होने से न केवल पर्यटन को नया आयाम मिलेगा, बल्कि काशी की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों को देखने का अनोखा अनुभव भी पर्यटकों को प्राप्त होगा।

## तालाब में डूबने से व्यक्ति की मौत, सदमे में परिजन

**वाराणसी।** मडुवाडीह थाना क्षेत्र के कंदवा गांव में मंगलवार की सुबह तालाब में डूबने से अधेड़ की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घमहापुर निवासी हौसला पटेल (55 वर्ष) मंगलवार की सुबह कंदवा तालाब की ओर गए थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे। जब परिजन और गांव वालों ने खोजबीन शुरू की तो पता चला कि वे गांव के ही कंदवा तालाब में डूब



गए हैं। तत्काल ग्रामीणों ने शव को बाहर निकाला और घटना की सूचना पुलिस को दी। मृतक की पत्नी मीरा देवी ने भी इसकी पुष्टि की। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार, हौसला पटेल मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में पत्नी मीरा देवी के अलावा पांच बेटियां और एक बेटा है। इनमें से बेटा किशन पटेल (16) और बेटी रेखा पटेल (24) अविवाहित हैं, जबकि अन्य बच्चों की शादी हो चुकी है।

## एटीएस ने 4 कट्टरपंथियों को गिरफ्तार किया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने सोमवार बीती रात प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत कई जिलों में छापेमारी कर देश में कट्टरपंथी गतिविधियां के खिलाफ कार्रवाई की है। इस दौरान अलग-अलग जिलों से 4 कट्टरपंथियों को गिरफ्तार किया गया है।

एसटीएस के आईजी पीके गौतम ने मंगलवार पत्रकारों को बताया कि सुलतानपुर से अकमल रजा, सोनभद्र से सफ़ील सलमानी, कानपुर के घाटमपुर से तौसीफ और रामपुर के सराय करीम से कासिम को गिरफ्तार किया गया है। चारों पाकिस्तान में



कट्टरपंथी एवं जेहादी गतिविधियां चलाने वाले संगठन के संपर्क में थे। आईजी एटीएस ने बताया कि शुरुआती पूछताछ में चारों कट्टरपंथियों से पता चला है कि ये लोग जिहाद करने और शरिया कानून लागू करने की मुहिम चलाने की योजना बना रहे थे। इसके लिए ये अपने समान कट्टरपंथी विचारधारा वाले लोगों को जोड़ रहे थे। इन कार्यों के लिए वे कई हिंसात्मक जिहादी साहित्यों का संकलन, लेखन और उनको प्रचारित-प्रसारित करने का कार्य कर रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। इनके अन्य साथियों और मददगारों के विषय में विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के लिए अभियुक्तों के पुलिस कस्टडी रिमांड को लेकर न्यायालय से अनुरोध किया जाएगा।

## बरेली हिंसा मामले में 60 से ज्यादा लोग गिरफ्तार, आईएमसी प्रवक्ता की 74 दुकानें सील

**बरेली।** बरेली हिंसा के बाद अब तक पुलिस ने 60 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में सामने आया है कि इस हिंसा की योजना काफी पहले से बनाई गई थी। इस मामले के दो मुख्य मास्टरमाइंड मौलाना तौकीर रजा और नदीम हैं। जांच में पता चला है कि नदीम ने लोगों को व्हाट्सएप कॉल करके बरेली बुलाया था। पुलिस के मुताबिक नदीम ने 55 लोगों को व्हाट्सएप पर कॉल किया गया था। इन 55 लोगों के जरिए शहर में हिंसा फैलाने के लिए करीब 1600 लोग जुटाए गए थे। नदीम ने लोगों को कहा था कि वे नाबालिगों को आगे रखें। इसी वजह से माहौल खराब हुआ।

पुलिस ने इस मामले की जांच में आईएमसी के प्रवक्ता डॉ. नफीस को भी हिरासत में लिया है। सोमवार को कुल 29 उपद्रवियों को जेल भेजा गया। पुलिस के मुताबिक डॉ. नफीस और उनके साथियों की करीब 150 करोड़ की संपत्ति जब्त की गई है। हिंसा के कारण बीते शनिवार शाम से बरेली में इंटरनेट सेवा बंद थी, लेकिन सोमवार सुबह से इसे फिर से शुरू कर दिया गया।

आईएमसी की तरफ से एक पत्र जारी किया गया था, जिसमें नदीम, डॉ. नफीस और लियाकत खान के हस्ताक्षर थे। जांच में पता चला कि लियाकत खान के हस्ताक्षर नदीम ने फर्जी तरीके से बनाए थे। इस मामले में भी नदीम के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। पुलिस ने 62 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया है। इनके खिलाफ 10 मुकदमे दर्ज किए गए हैं।

# मुंबई से दिल्ली आ रहे इंडिगो के विमान को मिली बम की धमकी, दिल्ली एयरपोर्ट पर तलाशी जारी

नई दिल्ली। दिल्ली एयरपोर्ट पर मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब मुंबई से दिल्ली आ रही इंडिगो की फ्लाइट 6ई 762 को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी सुबह करीब 8 बजे मिली। सूचना मिलने के बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर सतर्कता बढ़ा दी गई और विमान की लैंडिंग के समय सभी सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन किया गया। हालांकि जांच में ऐसी कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।




- हालांकि, जांच के बाद यह पता चला कि यह धमकी 'नॉन-स्पेसिफिक' यानी स्पष्ट रूप से किसी सटीक खतरे की ओर इशारा नहीं कर रही थी
- दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को उतारा गया और विमान की गहन तलाशी ली गई

इस फ्लाइट में करीब 200 यात्री सवार थे। धमकी मिलने के तुरंत बाद दिल्ली एयरपोर्ट पर फुल इमरजेंसी डिक्लेयर कर दी गई। एयरपोर्ट अधिकारियों और सुरक्षा एजेंसियों ने सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम किए और विमान की सुरक्षित लैंडिंग के लिए तैयारी की गई। हालांकि, जांच के बाद यह पता चला कि यह धमकी 'नॉन-स्पेसिफिक' यानी स्पष्ट रूप से किसी सटीक खतरे की ओर इशारा नहीं कर रही थी। बावजूद इसके, किसी भी प्रकार की चूक से बचने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे प्रोटोकॉल के तहत कार्रवाई की। दिल्ली एयरपोर्ट पर लैंडिंग के बाद सभी यात्रियों को उतारा गया और विमान की गहन तलाशी ली गई। यात्रियों के सामान की भी बारीकी से जांच की गई। जांच पूरी होने तक एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। इंडिगो के प्रवक्ता ने कहा, मुंबई से दिल्ली जाने वाली इंडिगो की उड़ान 6ई 762 में सुरक्षा खतरा देखा गया। स्थापित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, हमने संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचित किया और विमान को उड़ान भरने की अनुमति देने से पहले आवश्यक सुरक्षा जांच में उनका पूरा सहयोग किया। हमने अपने यात्रियों की असुविधा को कम करने के लिए हरसंभव प्रयास किया है, जिसमें उन्हें जलपान उपलब्ध कराना और नियमित अपडेट शेयर करना शामिल है। हमेशा की तरह, हमारे यात्री, पायलट और विमान की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### 2 अक्टूबर को स्मृतिशेष भुल्लर ठाकुर के प्रतिमा का होना है अनावरण



नई दिल्ली। वैशाली जिले के बेलसर पंचायत अंतर्गत मानपुरा ग्राम निवासी 1972 ई में प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा ताम्रपत्र से सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी स्मृतिशेष स्व.युगेश्वर प्र. ठाकुर उर्फ भुल्लर ठाकुर सन 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय सहभागी थे।लालगंज थाना परिसर में राष्ट्रीय ध्वज लगाने के विरुद्ध अंग्रेजी हुकूमत द्वारा काफी यात्राएं दी गई और साथ ही साथ जेल की यातनाएं भी सहनी पड़ी आज 43 वर्षों के बाद गुमनाम स्मृति को समाज और गांव ने मिलकर जीवंत किया है उनकी स्मृति को जीवंत करने हेतु राजकीय मध्य विद्यालय मानपुर पूर्वी के परीसर में माननीय विधायक द्वारा भुल्लर ठाकुर स्मृति वर्ग कक्ष के नाम से भवन का निर्माण हुआ साथ ही साथ समाज के मदद से एक प्रतिमा भी स्थापित की गई हैं जिसका आवरण सह उद्घाटन 2 अक्टूबर 2025 को 2:00 बजे होना तय हुआ हैं। जिसमें स्थानीय विधायक श्री सिद्धार्थ पटेल,पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल श्री विजय कुमार मिश्रा,पूर्व डीजीपी,बिहार श्री अभयानंद,जेपी सेनानी,श्री लक्षणदेव प्रम सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम होगा।

### उपराज्यपाल आवास पर छात्रों ने किया प्रदर्शन

नई दिल्ली। डॉ. बीआर आंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी) प्रशासन के खिलाफ स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) दिल्ली ने उपराज्यपाल आवास पर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन तीन छात्रों को यूनिवर्सिटी से निष्कासित करने संबंधी नोटिस और दो छात्रों को उच्च अध्ययन के लिए प्रवेश पर रोक के विरोध में था। दरअसल, अप्रैल माह में प्रदर्शन हुआ था। इसके बाद छात्रों को निलंबित कर दिया गया था। एसएफआई दिल्ली के अध्यक्ष सूरज के अनुसार छात्रों को मनमाने ढंग से निष्कासित किया गया है। उपराज्यपाल विश्वविद्यालय के कुलाधिपति हैं। हमारी उनसे मांग है कि वह छात्रों को निष्कासित करने संबंधी मामले पर ध्यान दें। पांच छात्रों को रैगिंग की घटना के खिलाफ बोलने पर निलंबित कर दिया गया था।

### व्हाट्सएप कॉल व मैसेज कर दिया तीन तलाक

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के लक्ष्मी नगर इलाके में एक शख्स ने महिला को व्हाट्सएप कॉल कर तीन तलाक दे दिया। उसके बाद लगातार व्हाट्सएप पर मैसेज कर वह तीन तलाक देता रहा। परेशान होकर पीड़िता अनम मकबूल ने पति से दूरी बना ली। उसने पति का फोन उठाना बंद कर दिया। इस बात से आरोपी बुरी तरह चिढ़ गया। उसके बाद उसने पीड़िता और उसके परिवार को धमकाना शुरू कर दिया। आरोपी लगातार जान से मारने की धमकी दे रहा था। परेशान होकर पीड़िता ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने छानबीन के बाद तीन तलाक का मामला दर्ज कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, अनम मकबूल परिवार के साथ जे-एक्सटेंशन, लक्ष्मी नगर में रहती हैं। दिसंबर 2022 को अनम की शादी किशनकुंज निवासी लक्ष्मी नगर निवासी दानिश सैफी से हुई थी। शादी के बाद से ही दानिश अनम और उसके परिवार को छोटी-छोटी बातों पर धमकाने लगा। वह उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। पीड़िता के मुताबिक फरवरी 2024 में दानिश ने व्हाट्सएप कॉल कर पहली बार तीन तलाक दिया। उसके बाद कई बार व्हाट्सएप मैसेज और बोल कर तलाक दिया।

निधन 93 साल की उम्र में सुबह एम्स में हुआ निधन

# सीएम रेखा गुप्ता ने विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर जताया शोक

- दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन की नींव को मजबूत किया और असंख्य कार्यकताओं को सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाया

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा के निधन पर शोक जताते हुए इसे अपूरणीय क्षति बताया है।

रेखा गुप्ता ने मंगलवार को कहा भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, हम सभी कार्यकताओं के अभिभावक और दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार मल्होत्रा का निधन अत्यंत पीड़ादायक और अपूरणीय क्षति है। उन्होंने कहा जनसंघ के दौर से लेकर भाजपा की स्थापना तक उनका जीवन राष्ट्रनिष्ठा, संगठन कौशल और अनुशासन का जीता-





जागता उदाहरण रहा। दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष के रूप में उन्होंने संगठन की नींव को मजबूत किया और असंख्य कार्यकताओं को सेवा और समर्पण का मार्ग दिखाया। उनका जाना भाजपा परिवार और सामाजिक जीवन, दोनों के लिए ही एक गहरी शून्यता छोड़ गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोक संतप्त परिवारजनों तथा कार्यकताओं को यह असहनीय दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर मल्होत्रा का निधन 93 साल की उम्र में मंगलवार सुबह यहां एम्स में निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे और एम्स में उनका इलाज चल रहा था।

# यौनशोषण मामले में गिरफ्तार बाबा चैतन्यानंद के मोबाइल से मिले कई लड़कियों के स्क्रीनशॉट

नई दिल्ली। लड़कियों के यौनशोषण के मामले में गिरफ्तार आरोपी बाबा चैतन्यानंद जांच में दिल्ली पुलिस का सहयोग नहीं कर रहा है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान बाबा चैतन्यानंद सरस्वती का चौंकाने वाला व्यवहार सामने आ रहा है। बाबा अपनी गलती स्वीकार करने के बजाय लगातार झूठ बोल रहा है।

चैतन्यानंद की गिरफ्तारी के बाद उनसे की जा रही पूछताछ में पुलिस को कई हैरान कर देने वाली जानकारी मिली है। चैतन्यानंद ने न केवल अपनी धार्मिक छवि को लेकर लोगों को धोखा दिया, बल्कि कई युवतियों से गलत तरीके से संपर्क करने की कोशिश भी की। बाबा के मोबाइल फोन से कई लड़कियों के चैट्स और स्क्रीनशॉट्स पुलिस को मिले हैं।

यह भी सामने आया कि बाबा के पास एयर होस्टेस की कई तस्वीरें थीं, जिनके साथ उसने खुद के फोटो खिंचवाए थे। इन तस्वीरों को बाबा ने अपने फोन में रखा हुआ था और इनमें से कुछ फोटो का स्क्रीनशॉट भी मिला है, जो लड़कियों की मोबाइल डीपी से लिए गए थे।

दिल्ली पुलिस के अधिकारी का कहना है कि पूछताछ के दौरान बाबा शुरूआत में गोलमोल जवाब दे रहे थे, लेकिन जब पुलिस ने उन्हें उनके खिलाफ मौजूद सबूतों को दिखाया और सख्ती से सवाल पूछे, तब जाकर बाबा ने कुछ जवाब देना शुरू किया। हालांकि, उसके बयान में लगातार



- चैतन्यानंद की गिरफ्तारी के बाद उनसे की जा रही पूछताछ में पुलिस को कई हैरान कर देने वाली जानकारी मिली है। चैतन्यानंद ने न केवल अपनी धार्मिक छवि को लेकर लोगों को धोखा दिया, बल्कि कई युवतियों से गलत तरीके से संपर्क करने की कोशिश भी की। बाबा के मोबाइल फोन से कई लड़कियों के चैट्स और स्क्रीनशॉट्स पुलिस को मिले हैं

विरोधाभास नजर आ रहा है। पुलिस ने चैतन्यानंद की दो महिला सहयोगियों को भी हिरासत में लिया है और उन्हें बाबा से आमना-सामना करवाया जा रहा है ताकि बाबा के अपराधों को और पुख्ता किया जा सके। यह भी दावा किया जा रहा है कि इन महिला सहयोगियों से बाबा के और खुलासे हो सकते हैं।

दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 28 सितंबर को चैतन्यानंद को 5 दिन की पुलिस हिरासत में भेजा था।

# वाजपेयी-आडवाणी युग के स्तंभ थे प्रो. विजय मल्होत्रा

नई दिली। दिल्ली भाजपा के प्रथम अध्यक्ष और वरिष्ठ नेता प्रो. विजय कुमार मल्होत्रा का 30 सितंबर 2025 को 94 वर्ष की आयु में निधन हो गया। एम्स दिल्ली में इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम साँस ली। जनसंघ काल से लेकर भाजपा के उदय तक, प्रो. मल्होत्रा भाजपा और दिल्ली की राजनीति का अहम किरदार रहे।

अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी जैसे दिग्गजों के साथ उनका नाता गहरा था। संगठन विस्तार करना हो या बात वैचारिक प्रतिबद्धता की हो, वह अटल-आडवाणी युग के सबसे महत्वपूर्ण स्तंभ बने रहे।

वे पांच बार सांसद और दो बार विधायक चुने गए, तथा लोकसभा में भाजपा संसदीय दल के उपनेता के रूप में भी अपनी जिम्मेदारी निभाई।

मल्होत्रा जी की राजनीतिक शुरूआत 1960 के दशक में भारतीय जनसंघ से हुई, जब उन्होंने दिल्ली में संघ की विचारधारा को जमीनी स्तर पर फैलाया। वे वह आरएसएस छोड़कर जनसंघ में शामिल हुए, जहां वाजपेयी की काव्यात्मक दृष्टि और आडवाणी की संगठनात्मक कुशलता के बीच एक मजबूत स्तंभ बने। एक यादगार घटना 1960-70 के दशक की है, जब दिल्ली मेट्रोपोलिटन कौंसिल से जुड़े मल्होत्रा जी के सरकारी बंगले में आडवाणी जी फ्रंट ऑफिस में बैठते



थे। उनके घर पर हुई एक महत्वपूर्ण मीटिंग में केदारनाथ साहनी और मदनलाल खुराना के साथ डीएमसी एल्डरमैन की लिस्ट तैयार की गई, जिसने आडवाणी के राजनीतिक उदय की नींव रखी। 1980 में भाजपा के गठन में वे संस्थापक सदस्य थे और दिल्ली इकाई के पहले अध्यक्ष बने। राम जन्मभूमि आंदोलन में आडवाणी के नेतृत्व में सक्रिय योगदान दिया, जबकि वाजपेयी सरकार में राष्ट्रीय एकता और विकास योजनाओं में सहयोग किया। युवा अवस्था में तीनों ने घंटों चर्चा, फिल्म देखना, चाट खाना और होली मनाने जैसे सामाजिक पल साझा किए। लोकसभा में उपनेता के रूप में उन्होंने भाजपा की विपक्षी भूमिका को प्रभावी बनाया, विशेषकर 2004 के बाद, जहां सार्वजनिक लेखा समिति के अध्यक्ष भी रहे।

# भारतीय उच्चायोग ने लंदन में गांधी की प्रतिमा से हुई तोड़फोड़ को बताया शर्मनाक, कार्रवाई की मांग

नई दिल्ली। लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा में तोड़फोड़ के बाद भारतीय उच्चायोग ने लंदन हाईकमीशन से इस मामले की जांच की मांग की। 02 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस से पहले ब्रिटेन में सोमवार को यह घटना हुई। भारतीय उच्चायोग ने आक्रोश जताते हुए इसे शर्मनाक कृत्य बताया। इसकी जानकारी स्थानीय अधिकारियों को दी गई, जिसके बाद मामले की जांच शुरू हो गई।

भारतीय उच्चायोग ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा, भारत उच्चायोग लंदन के टैविस्टॉक स्क्वायर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ हुई इस शर्मनाक तोड़फोड़ पर गहरा दुख व्यक्त करता है और इसकी कड़ी निंदा करता है। यह सिर्फ तोड़फोड़ नहीं है, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस से तीन दिन पहले अहिंसा के विचार



और महात्मा गांधी की विरासत पर एक हिंसक हमला है। पोस्ट में आगे कहा गया कि लंदन हाई कमीशन ने तत्काल कार्रवाई के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया है। हमारी टीम पहले से ही घटनास्थल पर मौजूद है और प्रतिमा को उसके मूल स्वरूप में पुनर्स्थापित करने के लिए अधिकारियों के साथ समन्वय कर रही है। संयुक्त राष्ट्र ने गांधी जयंती को अंतर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाने का ऐलान किया है। ऐसे में हर साल यहां गांधी जयंती पर महात्मा गांधी की प्रतिमा को पुष्प अर्पित किए जाते हैं। पुष्प अर्पित करने के अलावा महात्मा गांधी की पसंद के गीत और भजन भी गाए जाते हैं। ऐसे में महात्मा गांधी की प्रतिमा के साथ तोड़फोड़ चिंता का विषय है। इंडिया लीग की मदद से 1968 में कांस्य की बनी इस प्रतिमा को स्थापित किया गया था। यह प्रतिमा महात्मा गांधी के पुराने दिनों की याद दिलाता है, जब वह लंदन के कॉलेज में पढ़ा करते थे।

# मल्होत्रा के निधन से दिल्ली में शोक की लहर

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के विकास में अहम योगदान देने वाले विजय कुमार मल्होत्रा का निधन हो गया है। उनके निधन से दिल्ली के राजनीतिक, व्यापारिक और खेल जगत में शोक की लहर छा गई है। भाजपा नेताओं ने उनके निधन को दिल्ली और पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रवीण खंडेलवाल ने मल्होत्रा को दिल्ली का सच्चा मित्र और व्यापारियों का मसीहा करार दिया। उन्होंने कहा, मल्होत्रा जी ने दिल्ली के आधुनिक विकास की नींव रखी और राजधानी की प्रगति का मार्ग प्रशस्त किया। वे व्यापारिक समुदाय के लिए हमेशा उपलब्ध रहते थे और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशील थे। उनका सहयोग व्यापारियों के लिए ताकत का स्रोत था। खंडेलवाल ने उनके खेल प्रेम को भी याद किया और कहा कि मल्होत्रा का खेलों के विकास में योगदान हमेशा सम्मान के साथ याद किया जाएगा। उन्होंने ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और परिवार को दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की। वहीं, भाजपा नेता मनोज सिंह बिष्ट ने भी मल्होत्रा के निधन पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा, 'विजय कुमार मल्होत्रा दिल्ली भाजपा के पहले अध्यक्ष थे। वे कुशल संगठनकर्ता थे और कार्यकर्ताओं को जोड़ने में माहिर थे। वे हमेशा दिल्ली के विकास के बारे में सोचते थे। उनका निधन दिल्ली भाजपा और शहर के लिए बड़ा नुकसान है।' बिष्ट ने मुस्तफाबाद विधानसभा की जनता की ओर से प्रार्थना की कि ईश्वर उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें। बता दें कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता विजय कुमार मल्होत्रा का मंगलवार सुबह दिल्ली के एम्स अस्पताल में 93 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। दिसंबर 1931 में लाहौर में जन्मे विजय कुमार मल्होत्रा दिल्ली से पांच बार सांसद और दो बार विधायक रह चुके थे। वे 1972 से 1975 तक दिल्ली जनसंघ के अध्यक्ष रहे और इसके बाद दो बार भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष (1977-80 और 1980-84) के पद पर भी रहे।

# दिल्ली-एनसीआर में झमाझम बारिश

## उमस और गर्मी से मिली लोगों को राहत



नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी और एनसीआर में मंगलवार को तेज बारिश से लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग ने दिनभर सामान्यतः बादल छाए रहने और लगातार बारिश की संभावना जताई है। दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा में आज तेज बारिश हुई, जिससे कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। फिरोजशाह रोड, पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के आसपास के इलाकों समेत अन्य जगहों पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित हुआ। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने पूर्वानुमान जारी करते हुए कहा है कि अगले 2 से 3 घंटों में गुरुग्राम और एनसीआर के अन्य हिस्सों में तेज बारिश हो सकती है।

- फिरोजशाह रोड, पटेल चौक मेट्रो स्टेशन के आसपास के इलाकों समेत अन्य जगहों पर पानी भरने से आवागमन प्रभावित हुआ

इसके अलावा अगले 6 घंटों में नोएडा, गाजियाबाद, फरीदाबाद, पीतमपुरा, बागपत और हरियाणा के झज्जर, रोहतक, भिवानी में गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। अचानक हुई बारिश से जहां लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है।

# देवभूमि रामलीला समिति ने प्रभु श्री राम की लीला का भव्य आयोजन

- ग्रेट मिशन स्कूल के बच्चों द्वारा सुंदर परिस्थितियों भी इस रामलीला का मुख्य आकर्षण रही बच्चों के झूलो ने बच्चों का मन मोह लिया

उत्तम भारत संवाददाता

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के पश्चिमी विनोद नगर स्थित बद्रीनाथ मंदिर पार्क में देवभूमि रामलीला समिति द्वारा प्रभु श्री राम की लीला का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य संस्थापक देवेंद्र सजवान, अध्यक्ष विनोद नोटियाल, संयोजिका एंव मुख्य सलाहकार गीता रावत, पूर्व निगम



पार्षद वेस्ट नगर (आप) की उपस्थिती में रामलीला का मंचन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बद्रीनाथ पार्क में देवभूमि रामलीला का बार-बार आयोजन खुशी और उल्लास के साथ आरंभ हुआ कलाकारों का अभिनय देखते ही बनता है मुख्य अतिथि के तौर पर कई गणमान्य सदस्य इस रामलीला में शामिल हुए एसीपी मधु विहार, मयूर पब्लिक स्कूल के चेयरपर्सन एम एस रावत जो की सलाहकार भी हैं इस समिति के हरपाल रावत, पूर्व केंद्रीय मंत्री उत्तराखंड , सांसद हर्ष मल्होत्रा पूर्वी दिल्ली, क्षेत्रिय विधायक रवि नेगी, जितेंद्र चौधरी समाज सेवी, विनोद बच्छेती, डीपीएमआई, सहित कई समितियां गढ़वाल भवन, गढ़वाल सदन, म्यार पहाड़, नव दुर्गा ज्योति धार्मिक समीति, स्थानीय आरडब्लूए आदि उपस्थित हुए। ग्रेट मिशन स्कूल के बच्चों द्वारा सुंदर परिस्थितियों भी इस रामलीला का मुख्य आकर्षण रही बच्चों के झूलो ने बच्चों का मन मोह लिया। स्थानीय बच्चों ने इस रामलीला में कलाकार के तौर पर भाग लिया कलाकारों का अभिनय दर्शकों को काफी पसंद आया। कई कीर्तन मंडलियों को इस रामलीला में सम्मानित भी किया गया।

कार्रवाई — पुलिस ने उसके खिलाफ नंद नगरी थाने में शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत मामला दर्ज

# नंद नगरी में चाकू के साथ अपराधी गिरफ्तार

- तलाशी लेने पर उसके पास से बटन से चलने वाला एक चाकू बरामद
- पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी

नई दिल्ली। दिल्ली के नंद नगरी इलाके में पुलिस ने एक आदतन अपराधी को चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नंद नगरी थाने की गश्ती टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर की। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पकड़े गए आरोपी युवक की पहचान नंद नगरी का निवासी अमन उर्फ बंदर (24)



के रूप में हुई। शाम करीब 7:30 बजे, नंद नगरी थाने की गश्ती टीम डिस्ट्रिक्ट पार्क के पास नियमित गश्त कर रही थी। इसी दौरान कांस्टेबल दीपक और विमल को एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

तलाशी लेने पर उसके पास से बटन से चलने वाला एक चाकू बरामद हुआ। पुलिस ने उसके खिलाफ नंद नगरी थाने में शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने जब अमन की आपराधिक पृष्ठभूमि की जांच की, तो पता चला कि वह पहले से ही डकैती, चोरी और शस्त्र अधिनियम के उल्लंघन जैसे पांच आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। अमन उर्फ बंदर को अपराध की दुनिया में आदतन अपराधी माना जाता है और वह आसान निशाने की तलाश में चाकू लेकर इलाके में घूम रहा था। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मामले की जांच जारी है। नंद नगरी थाने की इस त्वरित कार्रवाई से इलाके में अपराध पर अंकुश लगाने में मदद मिली है। स्थानीय लोगों ने पुलिस की सतर्कता की सराहना की है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की गश्त और गुप्त सूचनाओं पर कार्रवाई से अपराधियों में डर पैदा होगा और क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ेगी। इस मामले में आगे की जांच से यह पता लगाया जाएगा कि अमन के अन्य आपराधिक गतिविधियों से कोई संबंध है या नहीं। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# फिरोजपुर झिरका में होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक

● 600 गांवों में दिया जाएगा निमंत्रण, मंत्री रणबीर गंगवा होंगे मुख्यातिथि



**उत्तम भारत, नूंह, अनिल मोहनियां।** फिरोजपुर झिरका शहर में आगामी 1 नवंबर को होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर मंगलवार को श्री शक्ति प्रजापति समाज के सदस्यों की एक बैठक का आयोजन श्री सीताराम की बगीची में हुआ । बैठक में मुख्यातिथि के रूप में भारतीय प्रजापति हीरोज आगेर्नाईजेशन के राष्ट्रीय सचिव ओमकरण प्रजापति ने शिरकत की। बैठक में सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर जहां चर्चा की गई, वहीं मंत्री रणबीर सिंह गंगवा के आगमन को लेकर भी रूपरेखा तैयार की गई। भारतीय प्रजापति हीरोज आगेर्नाईजेशन के राष्ट्रीय सचिव ओमकरण प्रजापति ने कहा कि 1 नवंबर 2025 को फिरोजपुर झिरका श्री सीताराम की बगीची में प्रजापति समाज द्वारा विवाह सम्मेलन का आयोजन करवाया जाएगा। विवाह सम्मेलन में शादी करवाने वाले लोगों के लिए पहले की तरह दान स्वरूप 11 हजार रुपये की राशि रखी गई। जो गरीब परिवार 11 हजार की राशि देने में असमर्थ हैं। उसका सारा खर्चा श्री शक्ति प्रजापति समाज द्वारा उठाया जाएगा। श्री शक्ति प्रजापति समाज के अंतर्गत हरियाणा और राजस्थान के 18 मंडल लगते हैं और इनमें करीब 600 गांव आते हैं। दोनों राज्यों के लोगों के रिश्ते मजबूत बने इसलिए रिश्तेदारियां जोड़ी जा रही हैं। ओमकरण प्रजापति ने कहा कि इस बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि अब लगातार 600 गांव में प्रजापति समाज लोगों को कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया जाएगा। निमंत्रण के दौरान बताया जाएगा कि इस बार के सामूहिक विवाह सम्मेलन में पहली बार हरियाणा के कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा पहुंचेंगे। इसलिए इस कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए सभी ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचे और अपने समाज के विचार सुने। इस मौके पर समिति के प्रधान किशन नंबरदार, ओमचंद प्रजापति, महेश एडवोकेट, भाजपा नेता रमेश आर्य, सोहनलाल प्रजापति , उत्तम प्रजापति सहित समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# आपसी प्रेम व सौहार्द का प्रतीक है, नगीना की रामलीला

● भगवान राम प्रभु की आरती व पूजा अर्चना के पश्चात प्रारंभ होती है नगीना की रामलीला
● सुग्रीव बाली युद्व, बाली वध
● रावण सीता संवाद ने जनता को झकोरकर रख दिया

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** आपसी प्रेम व सौहार्द प्रतीक है, नगीना की रामलीला। सर्वसमाज के व्यक्ति कस्बा नगीना के गोहर वाली चौक में आयोजित रामलीला को सामूहिक रूप से एकत्रित होकर प्रेम पूर्वक देखते हैं। जो कि दूसरे कस्बों व गांवो के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। भैया लक्ष्मण के द्वारा भगवान श्री राम प्रभु की पूर्ण,निष्ठा, श्रद्धा,आस्था, के साथ आरती व पूजा अर्चना की तो सारा वातावरण राममय हो गया। कार्यक्रम स्थल जय श्री राम के जयघोषों से गुंजायमान हो गया। सुग्रीव व श्री राम प्रभु की भेंट व दोनों में मित्रता। राम प्रभु के द्वारा सुग्रीव को बाली के पास युद्ध के लिए भेजना सुग्रीव के द्वारा बाली को युद्ध के लिए चुनौती देना दोनों के युद्ध में सुग्रीव का पराजित होना प्रसंगों ने जनता का मन मोह लिया। ये दृश्य श्री रामलीला विकास कमेटी नगीना



(रजिस्टर्ड ) नगीना के सानिध्य में आयोजित रामलीला का है। सुग्रीव का पराजय के बाद श्री राम प्रभु पर नाराजगी प्रकट करना। राम प्रभु के द्वारा सुग्रीव को समझना, आप दोनों भाइयों की शक्ल एक जैसी है,इसलिए मैं तीर नहीं चल पाया। राम प्रभु के द्वारा सुग्रीव को माला देना व पुनः बाली को युद्ध की चुनौती के लिए भेजना। जिसमें राम प्रभु के बाण से बाली की मृत्यु होना ।रानी तारा को राम प्रभु के द्वारा सांत्वना देना व समझाना। सुग्रीव का राजतिलक व युवराज के पद पर अंगद की घोषणा। चातुर्मास का समय बित जाने के पश्चात भी सुग्रीव का राम से मिलना के लिए ना जाना। राम प्रभु के द्वारा लक्ष्मण को सुग्रीव के पास भेजना। सुग्रीव को हनुमान जी के द्वारा वचन का ध्यान दिलाना। राज दरबार में लक्ष्मण जी का प्रवेश करना व राजा सुग्रीव पर वचन भंग करने के लिए उन पर क्रोधित होना। सुग्रीव का श्री राम प्रभु के पास जाना माता सीता की खोज के लिए योजना बनाना महाबली हनुमान ,अंगद नल, नील के नेतृत्व में विभिन्न दिशाओं में अपनी सेना के सैनिकों को भेजना, भगवान राम के द्वारा हनुमान जी को निशानी के तौर पर अपनी मुद्रिका देना हनुमान जी का लंका में प्रवेश करना ।रावण के छोटे भाई विभीषण से भेंट होना ।माता सीता का विभीषण के द्वारा हनुमान जी को पता बतलाना के दृश्य व प्रसंगों ने जनता का मन मोह लिया।

# डीसी अभिषेक मीणा ने वरिष्ठ नागरिक क्लब में पौधारोपण कर किया जागरूक

● डीसी ने वरिष्ठ नागरिक क्लब की व्यवस्थाओं का लिया जायजा



**उत्तम भारत संवाददाता, रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने सेक्टर-4 स्थित वरिष्ठ नागरिक क्लब का मंगलवार को दौरा कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने वरिष्ठ नागरिक क्लब परिसर में पौधारोपण कर क्लब के सदस्यों को पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते हुए समाज के लोगों को जागरूक करने का भी आह्वान किया। इस दौरान सदस्यों द्वारा क्लब के सौन्दर्यकरण करवाने की मांग रखी गई। जिस पर डीसी अभिषेक मीणा ने इस मांग को जल्द पूरा करवाने का आश्वासन दिया।

डीसी अभिषेक मीणा ने वरिष्ठ नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि यह क्लब वरिष्ठ नागरिकों के लिए बनाया गया है। इस क्लब के साफ-सफाई और अन्य व्यवस्थाओं की जिम्मेवारी क्लब सदस्यों की है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि क्लब में विशेष रूप से साफ-सफाई रखी जाए, वहीं अन्य व्यवस्थाओं की देखरेख का दायित्व भी निभाया जाए। इस अवसर पर क्लब सदस्यों ने डीसी अभिषेक मीणा को विश्वास दिलाया कि क्लब की पूरी साफ-सफाई और देख-रेख उनके द्वारा निरंतर की जा रही है और भविष्य में भी इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा। कार्यक्रम में क्लब सदस्यों द्वारा डीसी अभिषेक मीणा को पौधा भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू बाला व मनोज कुमार सहित क्लब के सदस्यगण मौजूद रहे।

# बी. के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नवरात्रों के उपलक्ष्य में कन्या बनी नौ देवियां



**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल, सुखदेव तेवतिया।** बी. के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नवरात्रों के उपलक्ष्य में कन्या नौ देवियां के रूप में नजर आई,आकर्षण का केंद्र बनी देवी मां रूप धारण करके अपने-अपने नामों व कार्यों की व्याख्या की। विद्यालय के अन्य गुरुजनों ने नौ देवियों की आरती करके पुण्य भागी बने। नौ देवियों के बारे में प्रधानाचार्य जी ने सभी का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि नवरात्रि शब्द की उत्पत्ति 'संस्कृत' भाषा से हुई है। जिसका अर्थ है नौ रात्रों का समय। नवरात्रि के दौरान देवी दुर्गा की पूजा होती है। वे विभिन्न रूपों में प्रकट होती है। इन देवियों को सामूहिक रूप से शक्ति भी कहा जाता है। जो उनकी अपार शक्ति का प्रतीक है। नवरात्रि पूजा एक गहरी आध्यात्मिक और पौराणिक कहानी से जुड़ा है। यह पर्व राक्षस महिषासुर पर देवी दुर्गा की नौ दिवसीय विजय का स्मरन कराता है। महिषासुर को भगवान ब्रह्मा जी से अमरता का वरदान मिला था। जिसके कारण वह देवताओं पर अत्याचार करने लगा। तब सभी देवताओं ने अपनी-अपनी शक्तियों को मिलाकर मां दुर्गा को उत्पन्न किया। नौ दिन तक चले इस भयंकर युद्ध के बाद दसवें दिन मां दुर्गा ने महिषासुर का वध करके धर्म की स्थापना की। इसी कारण से नवरात्रि के बाद दसवें दिन को विजयदशमी के रूप में मनाया जाता है। हर एक स्वरूप एक विशेष शक्ति और गुण का प्रतिनिधित्व करता है। देवी मां शक्ति है हर नारी शक्ति है ये सब मां, बहन , बेटी व पत्नी शक्ति के ही रूप हैं और हमें शक्ति का सम्मान करना चाहिए। देवियों के द्वारा किए गए कार्यों से हमें प्रेरणा मिलती है कि हम उनके गुणों को अपने जीवन में स्वंय धारण करें। जिससे कि अधर्म पर धर्म की विजय , असत्य पर सत्य की विजय , निर्बलता पर सबलता की विजय और अत्याचार पर सदाचार की विजय हो। जिससे विश्व का कल्याण हो।

# पॉलिटेक्निक कॉलेज उटावड में एमआईटी कोर्स को शुरू करवाने डीजी प्रभजोत से मिले आसिफ तैय्यब भीमसीका



**उत्तम भारत संवाददाता, हथीन।** पॉलिटेक्निक कॉलेज उटावड में एमआईटी कोर्स को दोबारा शुरू कराए जाने की मांग को लेकर हथीन विधानसभा इनलो बसपा के पूर्व प्रत्याशी तैय्यब हुसैन भीमसीका के पुत्र आसिफ तैय्यब भीमसीका ने पंचकूला सेक्टर 4 स्तिथ हरियाणा राज्य तकनीकी शिक्षा बोर्ड के कार्यालय में डीजी प्रभजोत सिंह के समक्ष "माँगपत्र सहित छात्रों व इलाके के हक की बात रखी

आसिफ तैय्यब भीमसीका ने बताया कि डीजी प्रभजोत सिंह ने बेहद सकारात्मक जवाब देते हुए कहा कि यह मामला कल ही मेरे संज्ञान में आया है और हमने आज ही प्रिंसिपल उटावड को तुरंत प्रभाव से इस मामले में पंचकुला पहुंचकर विभागीय मीटिंग में शामिल होकर इस मामले में रिपोर्ट पेश करने के लिए बुलाया है और डीजी ने बड़ी गंभीरता से सब बात सुनते समझते हुए कहा कि वजह जो भी रही हो जल्दी ही इस कोर्स की सीटों को इसी सेशन में दोबारा बहाल करने की अपनी तरफ से पूरी कोशिष करने का आश्वासन दिया है आसिफ तैय्यब भीमसीका ने डीजी को बताया कि हथीन इलाका बहुत पिछड़ा हुआ है गरीब है लेकिन हमारे बच्चे पढ़ना चाहते हैं , हमारे बच्चों के शिक्षा हासिल करने के बुनियादी हक को हमसे ना छीने

# लाडो लक्ष्मी योजना लागू करने के लिए भाजपा नेता चौधरी जाकिर हुसैन ने मुख्यमंत्री को दी मुबारकबाद

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** मंगलवार को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक चौधरी जाकिर हुसैन ने हरियाणा के यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से उनके चंडीगढ़ निवास संत कबीर कुटीर पर मुलाकात कर मेवात क्षेत्र की दर्जनभर महत्वपूर्ण मांगों को उनके समक्ष रखा, जिनमें प्रमुख रूप से आई एम टी रोजका मेव में स्थित ए टी एल कंपनी में मेवात क्षेत्र के बच्चों को रोजगार देने, मेवात विश्वविद्यालय की स्थापना, मेवात फीडर कैनाल का निर्माण कार्य जल्द शुरू करवाने, नूंह से नौगांव बॉर्डर तक सड़क को फोरलेन का कार्य जल्द शुरू करवाने, उजीना में दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस वे पर उतार चढ़ाव के लिए स्थाई कट देने, मेवात क्षेत्र के सैकड़ों गांवों की हजारों एकड़ भूमि, कब्रिस्तानों, स्कूलों व कस्बों से बरसात के पानी की निकासी, कोटला झील का पूर्ण विस्तार, नलहड़ मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार, भारी बरसात से नष्ट हुई हजारों एकड़ भूमि व जान माल की विशेष गिरदावरी कराकर पूर्ण मुआवजा देने, 24 घंटे बिजली देने, पीने के पानी का स्थाई प्रबंध करने, आदि। चौधरी जाकिर हुसैन ने यशस्वी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ बैठक में मेवात क्षेत्र के कई अहम मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। जाकिर हुसैन ने लाडो लक्ष्मी योजना लागू करने के लिए मुख्यमंत्री को मुबारकबाद दी । उन्होंने कहा कि इस योजना से गरीब महिलाओं को बहुत फायदा मिलेगा।

# सतीश पब्लिक स्कूल में आयोजित डांडिया कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने मचाई धूम

● मनोहारी गीतों पर जमकर थिरके प्रतिभागी
● त्यौहार हम सभी को एकसूत्र में बांधने का करते हैं कार्यः संगीता यादव



**उत्तम भारत संवाददाता, रेवाड़ी, (पवन कुमार)।** क्षेत्र की शैक्षणिक संस्था पब्लिक एजुकेशन बोर्ड के अधीन संचालित दिल्ली रोड स्थित सतीश पब्लिक सीनियर सेकंडरी स्कूल में मंगलवार को दुर्गा अष्ठमी के उपलक्ष्य में डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल परिसर में पहली बार आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ साथ बड़ी संख्या में शिक्षकाओ व अन्य महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भागेदारी की। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या संगीता यादव ने किया। ततपश्चात उन्होंने कहा कि हमारे त्योहार हम सभी को एक सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं।

उन्होंने सभी को नवरात्र व दुर्गा अष्ठमी व नवमी की बधाई भी दी। इसके बाद सभी ने लोकप्रिय गीतों पर जमकर डांडिया नृत्य प्रस्तुत किये। कार्यक्रम में लजीज व्यंजनों का भी सभी ने लुत्फ उठाया। अंत मे सभी ने इस तरह के कार्यक्रम को अगले वर्ष और बड़े स्तर पर मनाने का प्रण लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे संगीता रानी, निशा यादव, अंजू यादव, नेहा यादव, रमनदीप, मोनिका, दीपिका, जयबाला, सुमनलता , आरती,जयमाला, दीपिका, रेखा, शोभा, हिमांशी, पिंकी, शैली, सोनिया, ममता, गरिमा ,कोमल, दीपक व दयाराम का सराहनीय योगदान रहा।

# राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में छात्राओं ने जीता सिल्वर



**सोहना, सुभाष पुलानी।** पंजाब में राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में सोहना स्टेडियम के खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल जीता।

सीबीएसई बोर्ड द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 20 से 27 सितंबर 2025 तक पंजाब में आयोजित की गई। जिसमें सोहना स्टेडियम के तीन खिलाड़ी रिशा मेहता कक्षा 12वीं, काशीका कक्षा 11वीं, ऐसा कक्षा 10वीं की छात्राएं हैं जोकि सोहना के एक निजी स्कूल की छात्राएं हैं। जिन्होंने स्कूल की टीम में खेलते हुए गर्ल्स रिकवर राउंड 70 मीटर डिस्टेंस की दूरी पर टीम इवेंट में सिल्वर मेडल जीतकर नाम रोशन किया।

खेल विभाग के जिला तीरंदाज को भगवत सिंह ने बताया कि उपरोक्त तीनों खिलाड़ी सोहना के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में नियमित अभ्यास करती हैं।

इस अवसर पर खेल विभाग के डिप्टी डायरेक्टर ऑफ स्पोर्ट्स गिर्राज सिंह, प्रेसिडेंट खेल स्टेडियम समिति सोहना एवं उपमंडल अधिकारी (ना0) सोहना अखिलेश कुमार (एच.सी.एस.), कार्यवाहक जिला खेल अधिकारी गुरुग्राम आरती कोहली व स्कूल प्रिंसिपल ने खिलाड़ियों को पदक जीतने पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

# करमन गांव के रेलवे फाटक को खुलवाए जाने पर ग्रामीणों ने एसडीएम का किया आभार व्यक्त



**उत्तम भारत संवाददाता होडल।** पिछले काफी लम्बे समय से सीमावर्ती गांव करमन में जाने का रास्ता बंद पड़ा था। नैशनल हाइवे से गांव में जाने वाले रास्ते पर रेलवे फाटक पड़ता है। रेलवे फाटक पर फ़्लाई ओवर ब्रिज बनाया जाना है इसलिए इस रास्ते को रेलवे विभाग ने अवरोधक लगा कर बंद कर दिया गया था। रास्ता बंद होने के कारण ग्रामीणों को आने जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। रेलवे विभाग द्वारा बताया गया कि रेलवे ओवरब्रिज निर्माण में अभी काफी वक्त लगेगा। ग्रामीणों ने अपनी समस्या से एसडीएम होडल बेलीना लोहान को अवगत कराते हुए समाधान की मांग रखी।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में आने जाने के लिए लम्बा रास्ता तय करना पड़ रहा है। ग्रामीणों की समस्या को एसडीएम होडल ने गंभीरता से लिया और रेलवे विभाग से बात की । रेलवे विभाग को निर्देश जारी किया गया कि जब तक विभाग कार्य के सभी दस्तावेजों को पूरा करके निर्माण प्रक्रिया को शुरू नहीं करता तब तक गांव के रास्ते को पूरी तरह से खोल दिया जाए। इस निर्णय से न केवल आमजन की आवाजाही में सुविधा होगी, बल्कि विद्यार्थियों, किसानों, व्यापारियों एवं रोजमर्रा के आवागमन करने वाले नागरिकों को भी बड़ी राहत मिली है। आज गांव करमन की सरदारी के साथ जननायक जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष देवेंद्र सोरौत ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीम महोदया का आभार व्यक्त किया एवं उन्होंने कहा कि हम क्षेत्र की जनता की ओर से माननीय एसडीएम महोदया वैलिना राणा एवं रेलवे विभाग का हृदय से धन्यवाद करते हैं, जिन्होंने जनहित को ध्यान में रखते हुए लंबे समय से लंबित करमन फाटक को खोलने का निर्णय लिया। इस मौके पर मुख्य रूप से गांव के पूर्व सरपंच हुकम सिंह, सीताराम, विजयपाल थानेदार, वीरेंद्र नंबरदार, बलराम, सुखीराम, श्याम, मूलचंद, हरकेश, गयालाल, धनीराम आदि दर्जनों की संख्या में उपस्थित रहे।

# मेवात के गांवों व शहरों में लाइब्रेरी और शिक्षा विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश : उपायुक्त अखिल पिलानी



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** जिला उपायुक्त एवं मेवात विकास अभिकरण (एमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अखिल पिलानी ने मंगलवार को विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे से जुड़ी योजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए। उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि जिले के शहरी क्षेत्रों व गांवों में लाइब्रेरी का निर्माण प्राथमिकता से शुरू किया जाए और मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ समय पर सुनिश्चित कराया जाए।

उपायुक्त ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा एमडीए के माध्यम से जिले के चार शहरी क्षेत्रों में 100 सीटिंग क्षमता वाली आधुनिक लाइब्रेरी बनाने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त पंचायती राज विभाग को 54 गांवों में लाइब्रेरी स्थापित करने की संभावनाओं की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि हॉल व अन्य सार्वजनिक भवनों को देखकर लाइब्रेरी की स्थापना को प्राथमिकता दी जाए। उपायुक्त ने शिक्षा के क्षेत्र में मेवात क्षेत्र के बच्चों के लिए नई पहल की जानकारी देते हुए कहा कि 10वीं व 12वीं कक्षाओं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले सामान्य व अन्य वर्ग के विद्यार्थियों को 51 हजार रुपए तथा अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को 1 लाख 11 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मेवात पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत 11वीं व 12वीं कक्षा में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को भी छात्रवृत्ति का लाभ दिया जाएगा। इस कार्य को शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए।

## समाचार

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने पर पथ संचलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा

**उत्तम भारत संवाददाता, होडल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में संघ संचालकों द्वारा होडल में पर संचालन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। होडल बस स्टैंड के निकट स्थित संघ कार्यालय पर बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें संघ के अलावा सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। आयोजित बैठक में आर एस एस के 100 वर्ष पूरे होने पर कार्यकताओं द्वारा किए जाने वाले कार्यक्रमों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में धर्म जागरण मंच के जिला संयोजक एवं अधिवक्ता योगेश सौरोत ने बताया कि आगामी 2 अक्टूबर को पलवल जिले में दो दर्जन से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें होडल नगर में स्कूल 4 नंबर स्कूल नजदीक होडल थाना व सरस्वती स्कूल में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन सुबह आठ बजे से शुरू होगा, जिसमें आयोजित पथ संचालन विद्यालय शुरू होकर जगजीवन राम चौक होते हुए रावण ग्राउंड और वापिस स्कूल पहुँचेगा। आयोजित होने वाले आयोजन में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के गणमान्य व्यक्ति, मंदिरों के महंत,गौशाला संचालक शामिल होकर संचालन का पुष्प वर्षा कर स्वागत करेंगे। योगेश सौरोत ने बताया कि आरएसएस विश्व का सबसे बडा संगठन है और उक्त संगठन से जुडे कार्यकर्ता किसी भी प्रकार की दुघर्टना या अन्य किसी भी प्रकार की आपदा आने पर सबसे पहले सेवा के कार्यों से जुडते हैं। बैठक डॉ महेंद्र सिंह, लखविंदर, योगेश सौरोत, अजय, विक्रम सिंह, कुमारपाल, वीरसिंह, महेंद्र सिंह, पवन कुमार, अशोक सरपंच आदि मौजूद रहे।

# एक अक्टूबर को अलावलपुर, कौंडल, खांबी, किठवाड़ी व खिरबी में दिए जाएंगे पौधे

**उत्तम भारत संवाददाता, पलवल।** हर घर छाव-हर घर फल के तहत बागवानी को बढावा देने के लिए बागवानी विभाग द्वारा 1 अक्टूबर को जिले के पांच गांवों में फलदार पौधे निशुल्क बांटे जाएगे। जिला उद्यान अधिकारी डा. पुष्पेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उद्यान विभाग द्वारा हर घर छाव-हर घर फल योजना के तहत पलवल जिला के पांच गांवों नामतः अलावलपुर , कौंडल , खांबी , किठवाड़ी व खिरबी में प्रति गांव 100 किसानों को 500 पौधे कुल 2500 पौधे उनके घर, प्लाट या अन्य निजी जमीन में लगाने के लिए बिना किसी शुल्क के बांटे जाएगें। इसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपना आधार कार्ड व परिवार पहचान पत्र की फोटो प्रति जो कि स्वयं सत्यापित हो, जमा करानी होगी। किसानों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगा। इसके अतिरिक्त किसान स्वयं योजना के लिए विभाग के पोर्टल पर हर घर छाँव-हर घर फल लिंक पर जाकर पंजीकृत कर सकते है। उन्होंने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य सभी छोटे किसानों या व्यक्तियों को बागवानी से जोड़ने का है और यह योजना का प्रथम वर्ष है। इसी प्रकार आगामी वर्षों में भी प्रति वर्ष पांच अन्य गांवों में 2500 पौधे हर साल बांटने की योजना है।

# शहिद हसन खां मेवाती गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में सेवा पखवाड़ा कैंप का आयोजन किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** शहिद हसन खां मेवाती गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में सेवा पखवाड़ा के दौरान माननीय निदेशक महोदय के तत्वाधान में अंगदान (ऑर्गन डोनर अवेयरनेस) को प्रेरित करने के लिए कैंप का आयोजन किया गया जिसमें चिकित्सा अधीक्षक डॉ सुलभा नायक, डॉ अनुराग व डॉ शिबा दत्ता ने सिरकत की । इसमें आने वाले सभी अधिकारियों, कर्मचारीयों व सामान्य नागरिकों को प्रेरित करने की कमान संभाल रहे राजेंद्र कुमार छिंपा व वीरेंद्र सिंह त्यागी, सहायक नर्सिंग




अधीक्षक ने सभी को इसके बारे में विस्तार से समझाया और अंगदान करने के लिए प्रेरित किया जिससे प्रेरित होकर आज 12 लोगों ने अपनी सवेक्षा से पूर्ण अंगदान करने का निर्णय लिया है जो की मेवात जैसे क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि है ऐसा पहली बार हुआ है । आने वाले सभी कर्मचारीयों व अधिकारियों ने ऑनलाइन व ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन करके अपने सर्टिफिकेट भी जनरेट कर लीये है अंगदान करने वालो में डॉ सुलभा नायक, डॉ शिबादत्ता दास, राजेंद्र कुमार छिंपा, कृष्णा यादव, बनशंकरमां, मुकेश कुमार यादव, विनोद कुमार, अनुपमा (सहायक नर्सिंग अधीक्षक), दीप्ति (सीनियर नर्सिंग ऑफिसर) सरोज, अनुपमा सिंह (नर्सिंग ऑफिसर) व जितेंद्र कुमार गुलिया (अकाउंटेंट) शामिल है । कैंप के समापन पर रविंद्र कुमार व राजेंद्र कुमार छिंपा ने सभी अंगदाताओं का धन्यवाद किया और भविष्य में भी इस तरह के कैंप संस्थान द्वारा करवाए जाएं इसके लिए आग्रह किया है ताकि अंगदान करने के लिए आमजन को प्रेरित किया जा सके।

# दुर्गा अष्टमी पर किया गया कन्या पूजन

*** छोटी कन्याओं में मां का रूप देखा जाता है**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**चांदपुर।** नगर में नवरात्रों के दिन सात दिन व्रत रखने के बाद दुर्गा अष्टमी पर कन्या पूजन किया गया । दुर्गा अष्टमी पर नगर के बिजनौर बाईपास रोड स्थित प्राचीन कालीन मंदिर मां दुर्गा व काली मां के मंदिर पर भक्तों की काफी भीड़ दिखाई देती है । सनातन धर्म में नवरात्रों में हर घर सात दिन तक मां की पूजा और पाठ किया जाता है उसके बाद कुछ सनातन प्रेमियों के यहां पर अष्टमी पूजा की जाती है। जिसमें दुर्गा रूप में छोटी-छोटी कन्याओं का घर पर आगमन होता है। और व्रत रखने वाली महिला व पुरुष कन्याओं को अपने घर प्रसाद ग्रहण करते हैं और छोटी कन्याओं की पूजा भी करते हैं ।

हिंदू महापुराण में लिखा है की छोटी कन्या में मां दुर्गा वे सभी देवियों का रूप दिखाई देता है । मां शक्ति को स्त्री रूप में शक्ति का रूप दिया गया है जिससे छोटी कन्या को माह दुर्गा भी कहा जाता है । कुछ सनातन के यहां अष्टमी तक पूजन किया जाता है और नवमी के दिन छोटी-छोटी कन्याओं को अपने यहां बुलाकर उन्हें प्रसाद ग्रहण कर मां का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं । नगर में सनातन धर्म प्रेमियों के घरों पर छोटी-छोटी कन्याओं की लंबी कतार देखने को मिलती हैं । और हिंदू धर्म में कहा गया है कि आज के दिन मां शक्ति धरती पर विराजमान रहती हैं । इसीलिए नवरात्रों में की गई मां की पूजा का फल छोटी छोटी कन्याओं को प्रसाद ग्रहण का करने के बाद ही प्राप्त होता है और इस व्रत के बाद विजयदशमी का त्यौहार बड़े उल्लास के साथ बनाया जाता है । जिसे असत्य पर सत्य की जीत कहा जाता है ।

# फादरसन पब्लिक स्कूल में विजयदशमी का पर्व मनाया गया

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल का प्रांगण विजयदशमी के पावन अवसर पर उल्लास, उमंग और सांस्कृतिक गरिमा से सराबोर दिखाई दिया। विजयादशमी, जिसे अच्छाई की बुराई पर विजय का पर्व माना जाता है, का यह आयोजन छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों के लिए प्रेरणा और आस्था का अनमोल संगम बनकर उभरा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलमय वातावरण में गणेश वंदना से हुआ। बच्चों की मधुर वाणी और सुरों ने मानो वातावरण को भक्तिभाव से भर दिया और उपस्थित जनसमूह को आत्मिक शांति का अनुभव कराया। इसके उपरांत कक्षा 1 से 7 तक के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत ÷राम अभिषेक÷ नाट्य मंचन ने सभी का हृदय जीत लिया। इस प्रस्तुति में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्श चरित्र, सत्य और धर्म के प्रति उनकी निष्ठा तथा बुराई पर अच्छाई की विजय का जीवंत चित्रण किया गया। बच्चों के संवादों और भावभंगिमाओं ने दर्शकों को मानो त्रेता युग की उस दिव्य लीला में पहुँचा दिया।









समारोह की अनुपम झलक किड्स पैराडाइस के नन्हें-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुत ÷नवदुर्गा÷ नृत्य रही। छोटी-छोटी कलियों जैसे इन बच्चों ने जब शक्ति की नौ रूपों का मंच पर मनोहारी अभिनय प्रस्तुत किया तो पूरा सभागार मंत्रमुग्ध हो उठा। उनके कोमल कदमों में भक्ति, मासूमियत और संस्कृति की झलक एक साथ दिखाई दी, जिसने दर्शकों के मन को भावविभोर कर दिया।

कार्यक्रम का समापन रावण दहन के साथ हुआ, जिसने अच्छाई की बुराई पर विजय के संदेश को सजीव रूप से प्रस्तुत किया। रावण दहन के दृश्य ने उपस्थित जनसमूह में उत्साह और ऊर्जा का संचार कर दिया तथा सभी को धर्म, सत्य और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक भी उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों की प्रस्तुतियों और रावण दहन का हर्षोल्लास से आनंद लिया तथा विद्यालय द्वारा बच्चों को सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने के प्रयास की सराहना की। अभिभावकों ने इस आयोजन को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

विद्यालय की प्रधानाचार्य अमन कुमार सूर्यवंशी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों में न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन करते हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रबल करते हैं। उन्होंने सभी बच्चों, शिक्षकों और उपस्थित अभिभावकों को सफल आयोजन का हिस्सा बनने पर हार्दिक बधाई दी।

विजयदशमी का यह उत्सव विद्यालय परिसर में श्रद्धा, उल्लास और प्रेरणा का अद्भुत समागम बनकर सभी के लिए स्मरणीय हो गया।

# थाना प्रभारी का स्वागत





**उत्तम भारत संवाददाता**

**किरतपुर।** थाना प्रभारी का स्वागत एडवोकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अंकित रस्तोगी द्वारा बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में एडवोकेट तल्हा मकरानी, एडवोकेट समीर आदि अधिवक्ताओं सहित नगर के सम्मानित नागरिक उपस्थित रहे। थाना प्रभारी के आगमन पर पूर्व अध्यक्ष ने उन्हें पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि थाना प्रभारी के नेतृत्व में क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और भी मजबूत होगी तथा आमजन को न्याय और सुरक्षा का भरोसा मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि अधिवक्ताओं और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा, जिससे समाज में शांति और सौहार्द का वातावरण कायम रहेगा। थाना प्रभारी ने भी भरोसा दिलाया कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जनता की सेवा करेंगे और अधिवक्ता समाज को हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। स्वागत समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने नए थाना प्रभारी को शुभकामनाएँ दीं और उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर वातावरण पूर्णतः सौहार्दपूर्ण और उत्साहपूर्ण रहा।

# अहंकारी रावण ने भेष बदल किया माता-सीता का हरण

**बिजनौर।** नांगल सोती क्षेत्र के समीपवर्ती गांव सोफतपुर में श्री आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वाधान में चल रहें रामलीला मंचन में बीती रात्रि स्थानीय कलाकारों द्वारा अपने रंगमंच के कार्यक्रम में अहंकारी कपटी रावण द्वारा माता सीता का हरण कर ले जाने का बहुत ही सुंदर मंचन कियाद्य राम,लक्ष्मण और सीता चौदह वर्ष के लिए वनवास पर आए हुए हैंद्य तभी वहां पर लंका पति रावण ने अपनी साजिश रचते हुए मारीच नामक असुर को हिरण के रूप में श्री राम जी की कुटिया के पास भेजा माता सीता को वह माया रुपी हिरण पसंद आ जाता हैद्य माता सीता ने अपने पति श्री राम भगवान से उस हिरण को पकड़ कर लाने के लिए कहा उनकी इच्छा पूरी करने के लिए भगवान राम हिरण के पीछे दौड़ पढ़ते हैंद्य कुछ ही देर बाद एक जोर की आवाज वनों में सुनाई देती हैद्य जिसमें रावण द्वारा भेजे गए मारीच ने अपना रूप बदलकर हिरण



के रूप में उसने श्री राम को अपने पीछे आने के लिए यह सब रचा तभी जोर की आवाज आती है बचाओ बचाओ लक्ष्मण और माता सीता के कुटिया में रहते यह आवाज एक घबराहट और अनहोनी के रूप में माता सीता को सुनाई देती हैद्य माता सीता लक्ष्मण से कहती हैं कि देखो मेरे पति जो हिरण को पकड़ने गए थे वहीं से ये आवाज आ रही हैद्य उन्होंने अपने भाई की खबर लेने के लिए कहा आप तुरंत जाओ और देखो आपके भाई किसी परेशानी में हैद्य लक्ष्मण भाभी को अकेले ना छोड़ने की जिद करते हैं परंतु माता सीता उनको भेज देती हैद्य लेकिन लक्ष्मण जाते हुए एक लक्ष्मण रेखा खींच कर जाते हैं कि आपको इस रेखा से बाहर नहीं आना हैद्य आप अंदर सुरक्षित रहोगीद्य लेकिन रावण अपना भेष बदलकर साधु के रूप में भिक्षा लेने आता हैंद्य जैसे ही भिक्षा देने के लिए सीता माता रेखा से बाहर आती है तभी रावण सीता को हर ले जाता हैद्य इन सभी सुंदर लीलाओं का मंचन कलाकारों द्वारा डायरेक्टर अर्जुन सिंह की देखरेख में किया द्य सीता का अभिनय मांगे सिंह,रावण का अभिनय अनुज कश्यप,मारीच का अभिनय नीटू ,राम का अभिनय मोहित,लक्ष्मण का अभिनय विपिन सैनी ने कियाद्य सहयोग में मुख्य रूप से कपिल राणा ,अरुण कुमार, विनीत, अमित राणा नितिन,अंकित देशवाल, मिथुन, दिनेश, भीम, हनी जट राणा ,रोहित, नैपाल, विरेंद्र प्रजापति, प्रमोद, नीरज, मोहित, महिपाल, लेखपाल, आदि मौजूद रहे।

# संस्कृत में भाषण प्रतियोगिता की विजेता का आर्य समाज ने किया सम्मान

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मुरादाबाद।** आर्य समाज स्टेशन रोड पर उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा आयोजित महिला संस्कृत भाषण प्रतियोगिता में मुरादाबाद जनपद का प्रतिनिधित्व करते हुए आर्य दयानंद डिग्री कालिज की छात्रा और पूर्व छात्रा आर्ष कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की काशी चौधरी ने भाग लिया । काशी चौधरी ने अपनी संस्कृत के प्रति आत्मिक विधा से संस्कृत में योजस्वी भाषण देकर प्रतियोगिता में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त कर मुरादाबाद का नाम रोशन किया।





आर्य समाज संस्कृत और संस्कृति का पौषक तथा संरक्षक हैं। प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर आर्य समाज स्टेशन रोड ने काशी चौधरी को सम्मानित किया।

इस अवसर पर आर्य समाज के मंत्री रमेश सिंह आर्य एडवोकेट ने कहा कि महिला शिक्षा और उनके अधिकार के लिये महर्षि दयानंद सरस्वती ने विशेष आंदोलन चलाकर महिलाओं को शिक्षा और धार्मिक ज्ञान प्राप्त करने का अधिकार दिलाया था। आर्य समाज आज भी महिलाओं की शिक्षा के प्रोत्साहन के लिये सतत् प्रयत्नशील है। काशी चौधरी ने हम सबका मनोबल बढ़ाया है। हम आज काशी को सम्मानित करते हुए गौरवान्वित है।

समाज के प्रधान डॉ अभय श्रोत्रिय ने काशी के इस योगदान के लिए उनके माता पिता के संस्कारों की सराहना की। आर्य पुरोहित वीरेंद्र आर्य ने पुष्प वर्षा कर काशी को वेद मंत्रों के द्वारा आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर डा राममुनि वेद मुनि संतोष कुमार गुप्ता, रमेश सिंह आर्य एडवोकेट,प्रज्ञाशु आर्य, यशपाल आर्य कपिल आर्य सूर्य प्रकाश द्विवेदी रविंद्र आर्य रमाशंकर आर्य संदीप त्रिवेदी अमित आर्य निर्मल आर्य राकेश कुमार आर्य विजय कौशिक सुमित आर्य, अरविंद आर्यबंधु मयंक आर्य प्रभा सैनी आदि उपस्थित रहे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ्य शिविर का हुआ उद्घाटन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नगीना।** सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना पर लगने वाले स्वास्थ्य शिविर का उद्घघाटन एक भव्य समारोह में क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान मण्डल अध्यक्ष अंजलि मित्तल ने सामूहिक रूप से फीता काटकर किया। इससे पूर्व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक विशाल दिवाकर, डॉक्टर आशीष अहलावत, डॉक्टर माज, डॉ विशाल, डॉक्टर मीनाक्षी रस्तोगी, डॉक्टर विशेष सिंह, फार्मासिस्ट प्यारेलाल, फार्मासिस्ट मगन रावत, फार्मासिस्ट अभय चौहान, फार्मासिस्ट अनमोल सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प देकर किया। क्षेत्रिय मंत्री अनूप वाल्मीकि प्रदेश व केंद्र सरकार की उपलब्धियां पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सरकार देश के गरीब और असहाय लोगों को समर्पित है। सरकार देश के हर वर्ग का ध्यान रख रही है ये स्वास्थ्य शिविर जनता के प्रति सरकार की मंशा को दर्शाता है। जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन से प्रारंभ हुए सेवा पखवाड़े के अंतर्गत पूरे जनपद में इस प्रकार के स्वास्थ्य शिवरों का आयोजन किया जा रहा है इन शिवरों का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाना है।

शिविर में लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ आयुष्मान कार्ड व पुष्टाहार का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य शिविर में कुल 1252 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण का दवा का वितरण किया गया। शिविर की समाप्ति पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना के अधीक्षक विशाल दिवाकर ने स्वास्थ्य शिविर को सफल बनाने में सभी अतिथि डॉक्टरो तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सभी डाक्टर, पैरा मेडिकल स्टाफ व कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सतीश गौतम , नीरज बिश्नोई , सचिन शर्मा , सोहन सैनी , कृष्ण बल्देव सिंह, गर्वित चौधरी , आदि सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से डॉक्टर, कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# जनपद में किसी भी श्रेणी का ड्रोन बिना कार्यकारी मजिस्ट्रेट की अनुमति के किसी के द्वारा भी उडाये जाने पर प्रतिबन्ध - मनीष बंसल

*** जिला मजिस्ट्रेट ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत जारी किया गया आदेश**

*** जनपद में 31 अक्टूबर तक रहेगा आदेश प्रभावी**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत आदेश जारी करते हुए कहा कि सोशल मीडिया एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया के माध्यम से यह संज्ञान में आया है कि जनसामान्य में यह भय व्याप्त है कि कतिपय गिरोह द्वारा ड्रोन के माध्यम से चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कतिपय शरारती एवं असमाजिक तत्वों के द्वारा जान बूझकर ड्रोन उडाकर जनसामान्य में भय फैलाने का प्रयास किया जा रहा है,

जिसके कारण समाज में अशांति एवं किसी भी अप्रिय घटना के घटित होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

श्री बंसल ने कहा कि निकट भविष्य में सम्पन्न होने वाले त्यौहार व अन्य विभिन्न आयोजनों के अवसर पर तथा विभिन्न विभागों द्वारा समय-समय पर आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं एवं चयन व प्रवेश परीक्षाओं के दृष्टिगत औद्योगिक संस्थानों, सार्वजनिक उपक्रमों व शिक्षण संस्थानों और रेलवे स्टेशन आदि पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अप्रिय घटनायें घटित की जाने की साजिश की जा सकती है तथा कुछ तत्व/लोग जानबूझकर ऐसे कृत्य कर सकते है जिससे लोक परिशांति भंग होने की सम्भावना से इंकार नहीं किया जा सकता है। जिला मजिस्ट्रेट ने तांत्रिक मूल्यों के रक्षण हेतु शांति व्यवस्था की दृष्टि से जनपद में किसी भी श्रेणी एवं क्षमता का ड्रोन बिना कार्यकारी अथवा कार्यपालक मजिस्ट्रेट की अनुमति के किसी के द्वारा भी उडाये जाने पर प्रतिबन्ध लगाया है। इन सबको दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 के अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए लोक व्यवस्था कायम रखने हेतु तथा प्रजा तांत्रिक मूल्यों के रक्षण हेतु जनपद में निषेधात्मक आज्ञा लागू की है।

उपरोक्त वर्णित आदेश में शर्तो का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा-163 का यह आदेश जनपद में 31 अक्टूबर 2025 तक प्रभावी रहेगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत, जहर खाने की आशंका

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** कोतवाली क्षेत्र के गांव घाटेडा में एक महिला की रहस्यमयी हालात में मौत हो गई। शुरुआती जांच में पुलिस ने मामला ज़हर सेवन से जुड़ा होने की आशंका जताई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज मंगलवार को गांव घाटेडा निवासी शिवानी पत्नी शिवकुमार की अचानक हालत बिगड़ गई, परिजन कुछ समझ पाते उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र नागर मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे।

# सनातन धर्मशाला मंदिर से मां कालंद्री देवी की भव्य शोभा यात्रा निकाली

**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडावर।** दुर्गा अष्टमी के पावन अवसर पर सनातन धर्मशाला मंदिर से मां कालंद्री देवी की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा मोहल्ला बाजार मंगल, फरासटोली, पीतम गेट, बस स्टैंड, बाल्मीकि बस्ती, अंबेडकर चौक, बाजार कला, झंडा पार्क और जुगाड अड्डा होते हुए प्राचीन कालंद्री मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में सचिन अग्रवाल, सुनील पाल मनोहरिया, विपुल गुप्ता, रजनीश शर्मा, वासुदेव शर्मा, बॉबी सक्सेना, दिनेश पुष्पक, राजू खटीक, राहुल अग्रवाल, आशीष वर्मा, अक्षय खटीक, चर्चित राजपूत सहित अनेक श्रद्धालु शामिल रहे। यात्रा के दौरान



भक्ति भाव से भरे भजनों और जयकारों से वातावरण गुंजायमान रहा। मां कालंद्री देवी मंदिर पहुंचकर श्रद्धालुओं ने मां की आरती की और नारियल, चुनरी व प्रसाद चढ़ाया। इस अवसर पर हवन-यज्ञ और भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए थाना प्रभारी सुमित राठी, कस्बा इंचार्ज रामातार सिंह और सिपाही अश्वनी कुमार मुस्तैदी से तैनात रहे, जिससे शोभा यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।

# मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत विभिन्न विभागों द्वारा महिलाओं को सशक्त किए जाने के दृष्टिगत किए गये कार्यक्रम

*** जनपद में आयोजित हुआ कन्या पूजन का मैगा इवेंट**

*** परिवहन, प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, एनआरएलएम ने लाखों की संख्या में महिलाओं में सशक्त करने हेतु किया जागरूक**

*** महिलाओं को सशक्त करने के संबंध में दिलाई गयी शपथ**

*** मिशन शक्ति महिलाओं को समाज की मुख्य धारा में लाने का सशक्त उपकरण - मनीष बंसल**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशों के क्रम में मिशन शक्ति फेज-5.0 के अन्तर्गत जनपद में क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय सहारनपुर में आने वाली महिला नागरिकों को परिवहन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे फेसलेस आवेदन एवं सेवा, कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से उपलब्ध सेवाओं एवं सड़क सुरक्षा के विषय में संवेदनशील बनाते हुए जागरूक किया गया। श्री मनीष बंसल ने कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं को समाज की मुख्य धारा में लाने का सशक्त उपकरण है।

हमारी समाज की आधारशिला होने के नाते महिलाएँ आज केवल घर-परिवार तक सीमित न रहकर, नौकरी, व्यवसाय और विविध जिम्मेदारियों हेतु बड़ी संख्या में सड़कों पर आ रही हैं। ऐसे परिदृश्य में उनका मार्ग में सुरक्षित रहना अत्यंत आवश्यक है। इस उद्देश्य



से परिवहन विभाग न केवल सड़क सुरक्षा संबंधी जागरूकता बढ़ा रहा है, बल्कि अपने कर्मचारियों के व्यवहार को भी महिलाओं के प्रति और अधिक संवेदनशील एवं सहयोगी बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

उच्च शिक्षा विभाग के तहत विभिन्न कॉलेजों में हर महिला और बालिका निर्भीक होकर सम्मान के साथ जी सके संबंध में महिला सशक्तिकरण की शपथ दिलवाई गयी। शिक्षा विभाग ने बालिकाओं को सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों में भ्रमण कराया। अस्पताल के अन्तर्गत आने वाले सरकारी कार्यो पर चर्चा की गयी तथा पर्चा बनवाने एवं जांच करवाने की प्रक्रिया बताई गयी। इसके साथ ही बालिकाओं का चैकअप किया गया एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां उपलब्ध करवाई गयी। इसमें चिकित्सकों की टीम से बालिकाओं ने विभिन्न रोगों जैसे कैंसर, एनीमिया, दिल की बीमारी के विषय में प्रश्न पूछे जिसका चिकित्सकों द्वारा समाधान किया गया। विभिन्न प्राइमरी एवं माध्यमिक विद्यालयों की बालिकाओं का कन्यापूजन किया गया। 26188 बालिकाओं द्वारा प्रतिभाग किया गया।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न स्थलों में मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम संबंधी जागरूकता शिविर लगाए गये।

जनपद के समस्त विकासखण्डों में कन्या पूजन का कार्यक्रम किया गया तथा अष्टमी के अवसर पर समस्त अधिकारियों ने कन्याओं से आशीर्वाद प्राप्त किया।

नगर निगम ने राज्य स्तरीय विकास अभिकरण डूडा, लोक कल्याण मेला के अन्तर्गत मिलने वाले लाभ तथा विभाग संबंधी चल रही योजनाओं के संबंध में महिलाओं को जानकारी दी तथा गोष्ठी एवं रोजगार परक प्रशिक्षण दिया। साथ ही महिलाओं के कौशल उन्नयन हेतु संवाद किया गया।

एनआरएलएम द्वारा महिलाओं के ग्राम संगठन की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें महिलाओं को आत्मनिर्भता एवं सुरक्षा के उपायों पर विस्तृत चर्चा की गयी। विकासखण्ड सढौली कदीम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख विश्वास चौधरी उपस्थित रहे। इसके तहत स्वयं सहायता समूहों से जुडने पर प्रोत्साहित किया गया।

## सूचना

मै Amir Najmi s/o Nazim Nadvi निवासी मानकमऊ बड़ी नहर की पटरी सहारनपुर उ प्र 247001 ने अपना नाम Amir Najmi से बदलकर Amir Nazmi कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यो के लिए Amir Nazmi के नाम से जाना जायगा।

## सूचना

मैं Jubeda w/o Mohammad Nazim Nadvi निवासी बड़ी नहर की पटी, मानक मऊ सहारनपुर उ प्र 247001 ने अपना नाम Jubeda से बदलकर Zubaida Khatoon कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यो के लिए Zubaida Khatoon के नाम से जाना जायगा।

## सूचना

मै Aysha Bano w/o Amir Nazm निवासी मानकमऊ बड़ी नहर की पटरी सहारनपुर उ प्र 247001 ने अपना नाम Aysha Bano से बदलकर Aisha Bano कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यो के लिए Aisha Bano के नाम से जाना जायगा।

## सूचना

मै Sajid Hasan s/o Ameer Hasan निवासी हाउस नं. 11.बी/590 गली न. 5 आजाद कॉलोनी सहारनपुर उ प्र 247001 ने अपना नाम Sajid Hasan से बदलकर Mohammad Sajid कर लिया है अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यो के लिए Mohammad Sajid के नाम से जाना जायगा।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि-2025

**पहले से ही घोषित अनेक त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों के साथ–साथ रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा। इन रेल सेवाओं की समय–सारणी निम्नानुसार होगी :–**

**09309/09310 इंदौर जं. - हज़रत निज़ामुद्दीन - इंदौर जं. सुपरफास्ट विशेष ट्रेन (सप्ताह में दो दिन)** — 36 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09309 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09309 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09310 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09310 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 17:00 | इंदौर जं. | 21:00 | --- |
| 05:00 | --- | हजरत निजामुद्दीन | --- | 08:20 |

**चलने के दिन: 09309 इंदौर जं. से** दिनांक 03.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को) और **09310 हजरत निजामुद्दीन से** दिनांक 04.10.2025 से 01.12.2025 तक (प्रत्येक शनिवार एवं सोमवार को)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता.
**ठहराव:** देवास जं., उज्जैन जं., नागदा जं., रामगंज मंडी जं., कोटा जं., सवाईमाधोपुर जं., गंगापुर सिटी एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**09095/09096 बान्द्रा (टर्मि.) - अयोध्या कैंट - बान्द्रा (टर्मि.) विशेष ट्रेन (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09095 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09095 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09096 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09096 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:00 | बान्द्रा (टर्मि.) | 06:00 | --- |
| 17:30 | --- | अयोध्या कैंट | --- | 21:00 |

**चलने के दिन: 09095 बान्द्रा (टर्मि.) से** दिनांक 01.10.2025 से 19.11.2025 तक (प्रत्येक बुधवार को) और **09096 अयोध्या कैंट से** दिनांक 02.10.2025 से 20.11.2025 तक (प्रत्येक गुरूवार को)।
**स्थान:** 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य
**ठहराव:** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, नवसारी, सूरत, भरूच जं., वडोदरा जं., दाहोद, मेघनगर, रतलाम जं., नागदा जं., उज्जैन जं., मक्सी जं., शुजालपुर, सीहोर, संत हिरदाराम नगर, बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, उरई, कानपुर सेंट्रल, लखनऊ एवं बाराबंकी स्टेशन।

**09097/09098 बान्द्रा (टर्मि.)-लुधियाना जं.-बान्द्रा (टर्मि.) सुपरफास्ट विशेष ट्रेन (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 09097 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09097 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 09098 आगमन | रेलगाड़ी सं. 09098 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 21:50 | बान्द्रा (टर्मि.) | 10:20 | --- |
| 00:30 | --- | लुधियाना जं. | --- | 04:00 |

**चलने के दिन: 09097 बान्द्रा (टर्मि.) से** दिनांक 05.10.2025 से 30.11.2025 तक (प्रत्येक रविवार को) और **09098 लुधियाना जं. से** दिनांक 07.10.2025 से 02.12.2025 तक (प्रत्येक मंगलवार को)।
**स्थान:** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी।
**ठहराव:** बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, भरूच जं., वडोदरा जं., रतलाम जं., कोटा, सवाईमाधोपुर, गंगापुर सिटी, हिण्डौन सिटी, मथुरा जं., नई दिल्ली, पानीपत एवं अंबाला कैंट स्टेशन।

**07095/07096 चर्लपल्ली - हजरत निजामुद्दीन - चर्लपल्ली स्पेशल ट्रेन** — 4 फेरे

| रेलगाड़ी सं. 07095 आगमन | रेलगाड़ी सं. 07095 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं. 07096 आगमन | रेलगाड़ी सं. 07096 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| -- | 07:40 | चर्लपल्ली | 04:00 | -- |
| 16:00 | | हजरत निजामुद्दीन | -- | 19:00 |

**चलने के दिन: 07095 चर्लपल्ली** से दिनांक 07.10.2025 एवं 16.10.2025 (मंगलवार एवं गुरूवार) को और **07096 हजरत निजामुद्दीन** से दिनांक 08.10.2025 एवं 17.10.2025 (बुधवार एवं शुक्रवार) को।
**स्थान :** प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य।
**ठहराव:** जनगांव, काजीपेट, पेद्दपल्ली, मंचिर्याल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चन्द्रपुर, सेवाग्राम जं., नागपुर जं., आमला जं., इटारसी जं., भोपाल, बीना, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, आगरा कैंट एवं मथुरा जं. स्टेशन।

**उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में आने वाले ठहरावों और समय–सारणी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।**

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139

रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

3023/25

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## सम्पादकीय

# सोनिया गांधी फिलिस्तीन के लिए चिंतित क्यों हैं

कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने गुरुवार को एक लेख अखबार में लिखा है जो कि अंग्रेजी भाषा में है। उन्होंने अपने लेख के माध्यम से मोदी सरकार की विदेश नीति पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने सरकार की फिलिस्तीन नीति को मानवता और नैतिकता की घोर उपेक्षा करार दिया है। उन्होंने कहा है कि भारत को इस मामले पर अपना नेतृत्व दिखाना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि वो इजराइल के नेता बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अपनी व्यक्तिगत मित्रता के आधार पर इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। उनका कहना है कि इस मुद्दे पर सरकार की प्रतिक्रिया और गहरी चुप्पी मानवता एवं नैतिकता, दोनों का परित्याग है। उनका कहना है कि व्यक्तिगत कूटनीति की यह शैली कभी भी स्वीकार्य नहीं है और यह भारत की विदेश नीति का मार्गदर्शक नहीं हो सकती। उन्होंने अमेरिका का उदाहरण देकर इन नीति की विफलता की ओर इशारा किया है। उनका कहना है कि भारत इस मामले पर सबसे आगे रहा है जिसने पीएलओ को वर्षों के समर्थन के बाद 18 नवम्बर, 1988 को औपचारिक रूप से फिलिस्तीनी राष्ट्र की मान्यता दे दी थी। देखा जाए तो उनकी बात सही है क्योंकि भारत फिलिस्तीन को मान्यता देने वाला पहला गैर-इस्लामिक देश था। उन्होंने लिखा है कि 1971 में भारत ने तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान में नरसंहार को रोकने के लिए दृढ़ता से हस्तक्षेप किया था जिससे आधुनिक बांग्लादेश का निर्माण हुआ। फिलिस्तीन मुद्दे पर सोनिया गांधी का यह तीसरा लेख है जबकि उन्होंने पिछले कुछ महीनों में सिर्फ चार लेख लिखे हैं। चार में से तीन लेख फिलिस्तीन समस्या को लेकर लिखना बताता है कि वो इस मामले पर बहुत गंभीर हैं। सवाल यह है कि उनकी गंभीरता सिर्फ इस मामले पर ही क्यों है। देश में कई समस्याएं हैं लेकिन उन्हें सिर्फ फिलिस्तीन की चिंता क्यों है। दूसरी बात उन्होंने यह लेख अंग्रेजी में लिखा है जबकि इस देश के दो प्रतिशत लोग भी अंग्रेजी अखबार के लेख नहीं पढ़ते हैं। अगर उन्हें अपनी बात देश को बतानी थी तो अंग्रेजी में लिखने की क्या जरूरत थी। अगर वो अपने मुस्लिम मतदाताओं को अपनी बात पहुंचाना चाहती थी तो एक प्रतिशत मुस्लिम भी अंग्रेजी लेख नहीं पढ़ते होंगे। इस बात को समझने की जरूरत है कि वो किसको संदेश दे रही हैं। उन्होंने कहा है कि भारत अक्टूबर, 2023 में इजराइल और फिलिस्तीन के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद पिछले दो सालों में अपनी भूमिका से तटस्थ हो गया है। वो आगे कहती है कि 7 अक्टूबर, 2023 को हमास द्वारा इजराइली नागरिकों पर क्रूर और अमानवीय हमले के बाद इजराइल ने भी प्रतिक्रिया देते हुए भारी नरसंहार किया है। सोनिया जी ने जो कहा है, वो आज अधिकांश लोग कह रहे हैं। इसकी वजह यह है कि उनकी सोच है कि इजराइल के दो हजार लोग मारे गए थे। इसके जवाब में इजराइल ने 55000 लोग मार दिये हैं और अभी भी वो रुक नहीं रहा है। यह लोग भूल जाते हैं कि इतिहास गवाह है कि किसी क्रिया की प्रतिक्रिया की मात्रा क्या होगी, कभी तय नहीं किया जा सकता।

## विशेष

# पत्रकारों पर सरकारी और कॉर्पोरेट दबाव का विरोध करना लोकतंत्र के लिए बड़ा काम

-पी. सुधीर-

जिला न्यायालय ने अपने काम के लिए दंडित हुए पत्रकारों और वेबसाइटों की बात सुने बिना ही एकतरफा आदेश पारित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस बीच, अर्ध-न्यायिक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पूंजी बाजार उल्लंघनों के गंभीर आरोपों की जांच में देरी की। ये आरोप, जिनकी त्वरित जांच की आवश्यकता थी, हिंडनबर्ग रिपोर्ट द्वारा अडानी समूह के कथित गलत कामों का पदार्फाश करने के बाद ही जोर पकड़ पाए। फिर भी, सेबी ने तब से घोषणा की है कि अडानी बंधुओं ने कोई गलत काम नहीं किया।

भारत में विचित्र घटनाएं इतनी आम हो गई हैं कि अब वे लोगों को पहले जैसा चौंकाती नहीं हैं। यह आश्चर्यजनक है, क्योंकि हमारे गणतंत्रीय संविधान को अपनाने के बाद, अनुच्छेद 19 जिंदा और जीवंत है, जो नागरिकों के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की रक्षा करता है। नागरिकों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए भारत के संविधान की दुनिया भर में सराहना की गई, जिससे देश को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का तमगा मिला। लेकिन आज ऐसा नहीं है। आरएसएस के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के सत्ता में आने से एक बड़ा बदलाव आया है - खासकर मीडिया परिदृश्य में। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने हाल ही में दो मीडिया घरानों और कई यूट्यूब चैनलों को नोटिस भेजकर 138 वीडियो और 83 इंस्टाग्राम पोस्ट हटाने का आदेश दिया है। निंदनीय बात यह है कि इनमें अडानी समूह के आलोचनात्मक संदर्भ भी शामिल थे। आदेश में उत्तर-पश्चिम दिल्ली जिला न्यायालय के 6 सितंबर के एक फैसले का हवाला दिया गया, जिसने अडानी एंटरप्राइजेज द्वारा दायर मानहानि के एक मामले में एकतरफा आदेश पारित किया था। सरकार ने असाधारण तत्परता दिखाई - जो मानवाधिकार उल्लंघन से संबंधित मामलों में कम ही देखने को मिलती है।

जिला न्यायालय ने अपने काम के लिए दंडित हुए पत्रकारों और वेबसाइटों की बात सुने बिना ही एकतरफा आदेश पारित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। इस बीच, अर्ध-न्यायिक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने पूंजी बाजार उल्लंघनों के गंभीर आरोपों की जांच में देरी की। ये आरोप, जिनकी त्वरित जांच की आवश्यकता थी, हिंडनबर्ग रिपोर्ट द्वारा अडानी समूह के कथित गलत कामों का पदार्फाश करने के बाद ही जोर पकड़ पाए। फिर भी, सेबी ने तब से घोषणा की है कि अडानी बंधुओं ने कोई गलत काम नहीं किया।

जिन लोगों को निष्कासन नोटिस दिए गए, उनमें न्यूजलॉन्ड्री, द वायर और पत्रकार रवीश कुमार, अजीत अंजुम, ध्रुव राठी, आकाश बनर्जी (देशभक्त) और परंजॉय गुहा ठाकुरता शामिल थे। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि मोदी के करीबी सहयोगी गौतम अडानी अपनी कंपनियों के कुकृत्यों को छिपाने के लिए मानहानि का आरोप लगाएंगे। कॉर्पोरेट-सांप्रदायिक गठजोड़ इसी तरह काम करता है। फिर भी, सभी प्रभावित मीडिया संस्थाओं और व्यक्तियों ने अपने काम का दृढ़ता से बचाव किया है और इस आरोप को खारिज किया है कि उनकी रिपोर्टिंग बिना शोध या निराधार थी। इसे पूरी तरह से समझने के लिए, भारत के मीडिया परिवर्तन की पृष्ठभूमि पर गौर करना होगा। 30 दिसंबर, 2022 एक महत्वपूर्ण मोड़ था जब अडानी ने एक ऋण सौदे से जुड़े अधिग्रहण के नियम का फायदा उठाते हुए एनडीटीवी का लगभग पूरा नियंत्रण अपने हाथ में ले लिया। इससे भी पहले, 2019 की एक रिपोर्ट से पता चला था कि रिलायंस पहले से ही देश भर में 72 मीडिया चैनलों को नियंत्रित कर रहा था, और अपनी 'सर्वव्यापी उपस्थिति' का गर्व से प्रचार कर रहा था। कॉर्पोरेट नियंत्रण के इस तरह के संकेंद्रण और इसके अनुरूप आख्यानों को आकार देने की शक्ति ने भारतीय मीडिया में विविधता और संपादकीय स्वतंत्रता की मृत्यु का संकेत दिया है। भारत अब दुनिया का सबसे बड़ा मीडिया बाजार है। 189 भाषाओं और बोलियों में प्रकाशित होने वाले 1, 40, 000 से ज्यादा पंजीकृत समाचार पत्र और पत्रिकाएं हैं, जिनमें 22, 000 से ज्यादा दैनिक समाचार पत्र शामिल हैं। देश में 900 से ज्यादा टेलीविजन चैनल हैं - जिनमें से 350 समाचारों के लिए समर्पित हैं, जो चौबीसों घंटे प्रसारित होते हैं। 850 से ज्यादा एफएम रेडियो स्टेशन भी हैं, हालांकि केवल ऑल इंडिया रेडियो को ही समाचार प्रसारित करने की अनुमति है। ब्रॉडबैंड की पहुंच में तेजी से हो रहे विस्तार ने डिजिटल समाचार माध्यमों की बाढ़ ला दी है। इनमें से कई पुराने मीडिया समूहों से जुड़े हैं, लेकिन भारत में 82 करोड़ से ज्यादा सक्रिय इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के कारण, केवल डिजिटल प्लेटफॉर्म की संख्या लगातार बढ़ रही है।

# संघ और स्त्रियाँ: सेविका समिति से शताब्दी तक की यात्रा

-डॉ. प्रियंका सौरभ-

भारत के सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) एक महत्त्वपूर्ण संगठन के रूप में स्थापित है। 1925 में डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा स्थापित यह संस्था मूलतः पुरुष स्वयंसेवक के लिए बनी थी। इसकी शाखाओं, अनुशासन और विचारधारा ने धीरे-धीरे भारतीय राजनीति और समाज पर गहरा असर डाला। परन्तु जब हम महिलाओं की भूमिका की ओर देखते हैं, तो तस्वीर कुछ अलग मिलती है। आरएसएस के समानान्तर 1936 में जन्मी राष्ट्र सेविका समिति ने ही स्त्रियों के लिए रास्ता खोला। आज जब संघ अपनी शताब्दी मना रहा है, तब इस यात्रा पर नजर डालना जरूरी है कि स्त्रियों की भागीदारी कहाँ से शुरू हुई और 2025 तक वह किस मुकाम तक पहुँची।

**शुरूआती दौर: 1925 से 1936**

संघ की स्थापना 1925 में नागपुर में हुई। यह संगठन अनुशासन, परेड, शाखा और राष्ट्रवाद पर आधारित था। लेकिन इसकी संरचना पुरुष प्रधान रही। हेडगेवार स्वयं मानते थे कि स्त्रियों को अलग मंच चाहिए, क्योंकि उस समय के सामाजिक परिवेश में स्त्रियों का सीधे पुरुष शाखाओं में आना सहज नहीं माना जाता था। इसी पृष्ठभूमि में 1936 में लक्ष्मीबाई केलकर ने विजयादशमी के दिन वर्धा में राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना की। हेडगेवार ने भी इस पहल का स्वागत किया और सुझाव दिया कि महिलाएँ अपनी संस्था चलाएँ, ताकि वे अपनी शक्ति, संस्कृति और नेतृत्व को स्वतंत्र रूप से विकसित कर सकें। इस तरह महिलाओं की भागीदारी औपचारिक रूप से शुरू हुई।

**सेविका समिति की स्थापना और शुरूआती संघर्ष**

1939 में पहली बार समिति ने प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया। धीरे-धीरे अलग-अलग प्रांतों में इसकी शाखाएँ बनने लगीं। समिति का उद्देश्य केवल राष्ट्रवादी विचार फैलाना नहीं था, बल्कि स्त्रियों में ह्यमातृत्व, कर्तृत्व और नेतृत्व (मातृत्व, कर्तृत्व, नेतृत्व) जैसे गुणों का विकास करना भी था। इसमें शारीरिक प्रशिक्षण, योग, गीत, खेल, अनुशासन और समाज सेवा शामिल किए गए। आजादी के आंदोलन में भी समिति की महिलाओं ने परोक्ष रूप से भूमिका निभाई। परन्तु उनकी गतिविधियाँ मुख्यतः सांस्कृतिक और सामाजिक क्षेत्रों तक सीमित रहीं।

1940 से 1970 का दशक: विस्तार की ओर स्वतंत्रता के बाद के दशकों में समिति का नेटवर्क बढ़ा। लक्ष्मीबाई केलकर की मृत्यु (1978) तक संगठन कई राज्यों में फैल चुका था। उनके बाद सरस्वती आपटे प्रमुख संचालिका बनीं। इस समय तक शाखाओं की संख्या हजारों में पहुँच गई थी। समिति का जोर महिला शिक्षा, संस्कार, और सेवा परियोजनाओं पर रहा। आपातकाल (1975-77) में समिति से जुड़ी महिलाओं ने विरोध प्रदर्शनों में भी भाग लिया। इस दौर ने उन्हें राजनीतिक रूप से अधिक सचेत और सक्रिय बनाया।

**1980-2000: आधुनिकता और परम्परा का संगम**

90 के दशक में जब भारतीय राजनीति में भाजपा और संघ परिवार का प्रभाव बढ़ने लगा, तो महिलाओं की भागीदारी भी चर्चा में आने लगी। समिति ने इस समय शहरी और पेशेवर महिलाओं तक पहुँच बनाने की कोशिश की। महिला शिक्षिकाएँ, चिकित्सक और नौकरीपेशा स्त्रियाँ समिति के कार्यक्रमों से जुड़ने लगीं। 1994 में उषाताई चाटे और 2006 में प्रमिलाताई मेढे प्रखर नेतृत्व के रूप में सामने आईं। इन नेताओं ने महिला शाखाओं को आधुनिक मुद्दों—जैसे कामकाजी महिलाओं की चुनौतियाँ, शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार में संतुलन—से जोड़ा।

**2012 से आगे: शांथक्का का नेतृत्व**

2012 में वेंकट्रामा शांता कुमारी, जिन्हें लोकप्रिय रूप से शांथक्का कहा जाता है, राष्ट्र सेविका समिति की प्रमुख संचालिका बनीं। उनका जन्म 1952 में हुआ और वे लंबे समय से संघ परिवार के कार्य में सक्रिय थीं। उनके नेतृत्व में समिति ने अपना विस्तार और तेज किया। आज समिति के पास चार से पाँच हजार शाखाएँ हैं, जो लगभग 800 से अधिक जिलों में फैली हुई हैं। यद्यपि सटीक आँकड़े संगठन सार्वजनिक नहीं करता, लेकिन अनुमान है कि लाखों महिलाएँ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इससे जुड़ी हुई हैं। समिति शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, छात्रावास और महिला सशक्तिकरण परियोजनाएँ चला रही है। शहरी महानगरों में भी इसकी शाखाएँ सक्रिय हो रही हैं।

**संघ और महिला प्रश्न**

संघ के भीतर महिलाओं को औपचारिक सदस्यता या नेतृत्व स्थान नहीं दिया गया है। आरएसएस की शाखाएँ केवल पुरुषों के लिए ही हैं। महिलाएँ केवल समिति के माध्यम से संघ के विचारधारा संसार का हिस्सा बनती हैं। आलोचकों का कहना है कि यह व्यवस्था महिलाओं को मुख्यधारा से बाहर रखती है। वे पुरुषों के बराबर निर्णयकारी पदों पर नहीं पहुँच पातीं। परन्तु समर्थकों का मत है कि अलग संगठन होने से महिलाएँ स्वतंत्र रूप से नेतृत्व और गतिविधियाँ विकसित कर पाती हैं। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कई बार कहा है कि महिलाओं की भागीदारी प्राकृतिक रूप से बढ़ रही है। परन्तु अब भी नेतृत्व संरचना में असमानता साफ दिखाई देती है।

**वर्तमान स्थिति (2025)**

संघ अपनी शताब्दी मना रहा है। उसके लगभग 83, 000 शाखाएँ देशभर में सक्रिय बताई जाती हैं। वहीं राष्ट्र सेविका समिति की शाखाएँ भी लगातार बढ़ रही हैं। समिति अब गाँवों के साथ-साथ महानगरों में भी काम कर रही है। इसके प्रशिक्षण वर्गों में स्कूली छात्राओं से लेकर पेशेवर महिलाएँ तक भाग ले रही हैं। 2025 में समिति का चेहरा परम्परा और आधुनिकता का मिश्रण है—जहाँ एक ओर मातृत्व और परिवार आधारित मूल्य हैं, वहीं दूसरी ओर समाज सेवा और महिला नेतृत्व के अवसर भी हैं। समिति ने लाखों महिलाओं को संगठित कर आत्मविश्वास और सामूहिकता दी। शिक्षा, सेवा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से समाज पर ठोस असर पड़ा। महिलाओं को नेतृत्व और प्रबंधन का अवसर मिला। महिलाएँ संघ की मुख्य धारा (आरएसएस) में निर्णयकारी भूमिकाओं से बाहर रहीं। संगठन का वैचारिक ढाँचा महिलाओं को परम्परागत भूमिकाओं तक सीमित करता है। आधुनिक नारीवादी विमर्श से समिति का दृष्टिकोण टकराता है, क्योंकि वह स्वतंत्रता और समानता की बजाय मातृत्व और संस्कृति पर जोर देती है। सितंबर 2025 में आयोजित व्याख्यानमाला के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि आज महिलाओं की भागीदारी समाज और राष्ट्र निर्माण में पहले से कहीं अधिक आवश्यक है। व्याख्यानमाला में यह भी कहा गया कि 2025 का भारत उस मुकाम पर खड़ा है, जहाँ महिला नेतृत्व केवल "पूरक" नहीं बल्कि "निर्णायक" भूमिका निभा रहा है। वक्ताओं ने यह भी जोड़ा कि आधुनिक शिक्षा, तकनीक और आर्थिक आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में महिलाएँ जिस तरह से आगे बढ़ रही हैं, संघ परिवार को भी उसी अनुरूप अपनी संरचना और कार्यपद्धति को और खुला बनाना होगा। व्याख्यानमाला में अन्य वरिष्ठ कार्यकर्ताओं और विचारकों ने भी महिला नेतृत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि कैसे राष्ट्र सेविका समिति की महिलाएँ दशकों से शिक्षा, संस्कृति और सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में काम कर रही हैं। यह तर्क दिया गया कि यदि 1925 में संघ की नींव रखी गई थी, तो उसी दशक में महिलाओं के लिए समानांतर संगठन की स्थापना इस बात का प्रमाण है कि महिलाओं की उपस्थिति को शुरूआत से ही महत्वपूर्ण माना गया।

1925 से 2025 की यात्रा दिखाती है कि संघ की विचारधारा से प्रेरित महिलाओं ने अपना अलग संगठन खड़ा कर लिया और उसे राष्ट्रीय स्तर तक फैलाया। लक्ष्मीबाई केलकर से लेकर शांथक्का तक यह सिलसिला निरंतर चला है। आज जब भारतीय समाज में महिलाएँ राजनीति, शिक्षा, व्यवसाय और सेना तक में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं, तब यह सवाल और महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि— क्या भविष्य में महिलाएँ सीधे संघ की शाखाओं और नेतृत्व में भी शामिल होंगी, या वे हमेशा समानान्तर संगठन तक ही सीमित रहेंगी? संघ की शताब्दी महिलाओं की इस यात्रा का पड़ाव भी है—एक यात्रा जिसमें परम्परा, अ नुशासन, सेवा और नेतृत्व का संगम है, लेकिन समानता और सहभागिता की चुनौती अब भी शेष है।

# जीवनधारा नदियों के लुप्त होने का खतरा: संरक्षण का संकल्प

-ललित गर्ग-

नदियां मात्र जलधाराएं नहीं हैं, वे जीवन की धमनियां हैं, सभ्यता की जननी हैं और प्रकृति का शाश्वत उपहार हैं। मानव सभ्यता का इतिहास गवाह है कि हर संस्कृति और हर महान नगरी का उदय नदियों के तट पर हुआ। गंगा, सिंधु, नील, अमेजन, यांग्त्सी जैसी नदियाँ केवल भूगोल का निर्माण ही नहीं करतीं, बल्कि कृषि, व्यापार, परिवहन, ऊर्जा, आस्था और संस्कृति को भी दिशा देती हैं। विश्व स्तर पर हर वर्ष सितंबर के चौथे रविवार को मनाया जाने वाला विश्व नदी दिवस हमें यह स्मरण कराता है कि नदियां हमारी अस्तित्व-रेखा हैं और उनका संरक्षण करना किसी विकल्प का नहीं बल्कि हमारे जीवन के अस्तित्व का प्रश्न है। 2005 में, संयुक्त राष्ट्र के जीवन के लिए जल दशक की शुरूआत के उपलक्ष्य में, नदी अधिवक्ता मार्क एंजेलो ने विश्व नदी दिवस के गठन का प्रस्ताव रखा। यह अंतर्राष्ट्रीय प्रयास कनाडा में 1980 में एंजेलो द्वारा शुरू किए गए बीसी नदी दिवस की सफलता से प्रेरित था। विश्व नदी दिवस नदियों के महत्व को रेखांकित करता है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नदियों की बेहतर देखभाल-संरक्षण-संवर्धन का समर्थन करते हुए जन जागरूकता बढ़ाने का प्रयास करता है। इस वर्ष की थीम हमारी नदियाँ, हमारा भविष्य है, जो नदियों की रक्षा, जल अधिकारों को बनाए रखने और नदी प्रबंधन में स्थानीय समुदायों की आवाज को सुनिश्चित करने की आवश्यकता पर केंद्रित है।

संयुक्त राज्य अमेरिका का लगभग 65 प्रतिशत पेयजल नदियों से आता है, इसी तरह भारत सहित अनेक देशों में पेयजल का मुख्य स्रोत नदियां ही है। नदियां हमें बिजली पैदा करने, फसलों को पानी देने और पीने योग्य पानी उपलब्ध कराती हैं। यही कारण है कि एम्स्टर्डम, बैंकॉक और बर्लिन जैसे समृद्ध शहर नदियों के किनारे बसे हैं। दुर्भाग्य यह है कि जिन नदियों ने हमें जीवन दिया, हमने उन्हीं को प्रदूषण और विनाश की गर्त में धकेल दिया। औद्योगिक इकाइयों का रासायनिक कचरा, नगरों का गंदा पानी, प्लास्टिक और घरेलू अपशिष्ट ने नदियों को गटर में बदल दिया है। अंधाधुंध बांध निर्माण और जलविद्युत परियोजनाओं ने उनकी प्राकृतिक धारा को बाधित किया है। धार्मिक आस्थाओं और अंधविश्वासों के नाम पर मूर्तियों और अस्थियों का विसर्जन नदियों की पवित्रता को विषाक्त बना रहा है। जलवायु परिवर्तन और ग्लेशियरों के पिघलने से नदियों के अस्तित्व पर संकट गहरा रहा है। भारत में गंगा, यमुना, चंबल, साबरमती जैसी नदियां इस प्रदूषण और शोषण का शिकार हैं, वहीं विश्व स्तर पर अमेजन, नील और डेन्यूब जैसी नदियां भी प्रदूषण और अत्यधिक दोहन की मार झेल रही हैं। पृथ्वी की आबादी का एक बड़ा हिस्सा अपनी जीविका के लिए मछलियों पर निर्भर है, इसलिए हमें औद्योगिक कचरे के कारण नदियों के क्षरण को सक्रिय रूप से रोकने और पानी के नीचे के पारिस्थितिकी तंत्र का संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है।

नदियां केवल जल का स्रोत नहीं बल्कि जीव-जंतुओं और वन्य जीवन की धुरी हैं। असंख्य मछलियां, कछुए, पक्षी और जलीय प्राणी नदियों से अपना जीवन पाते हैं। जब नदी प्रदूषित होती है तो यह जैवविविधता समाप्त होने लगती है, खेत बंजर हो जाते हैं, भूजल स्तर गिर जाता है और प्रकृति का संतुलन बिगड़ने लगता है। नदियों की मृत्यु वास्तव में पृथ्वी/सृष्टि की मृत्यु है। इन परिस्थितियों में यह आवश्यक है कि नदियों के संरक्षण को हम केवल सरकारी योजनाओं या नीतियों तक सीमित न रखें, बल्कि इसे जनांदोलन का रूप दें। प्रदूषण पर कठोर नियंत्रण, जल प्रबंधन, वर्षा जल संचयन, शोधन संयंत्रों की अनिवार्यता और सामाजिक जागरूकता ही वे उपाय हैं जिनसे नदियों को नया जीवन दिया जा सकता है। गंगा एक्शन प्लान और नमामि गंगे जैसी योजनाएँ तभी सार्थक होंगी जब समाज ईमानदारी से अपने हिस्से का कर्तव्य निभाएगा। नदियों को गंदा करना आत्मघात है और उन्हें बचाना जीवन रक्षा का संकल्प। भारत में कई नदियां सूखने या प्रदूषित होने के कारण मरने के कगार पर हैं। इन नदियों की हालत इतनी खराब हो गई है कि कुछ तो नालों में बदल गई हैं और उनका नदी होना भी मुश्किल है। तेजी से बढ़ते प्रदूषण, तथाकथित भौतिकवादी सोच एवं नदियों के प्रति उपेक्षा एवं दोहन के कारण कई नदियां अब मृत होने की कगार पर है। गंगा और यमुना जैसी पवित्र नदियां भी दुनिया की प्रदूषित नदियों में शामिल हो चुकी है। नदियां के अत्यधिक खतरे में होने से मानव जीवन, पर्यावरण एवं प्रकृति भी संकट में है। जरूरत है मानसूनी जल को नदियों से जोड़ने एवं संरक्षित करने की। देश में सर्वत्र नदियों का अस्तित्व खतरे में है। विशेषतः उत्तर प्रदेश में नदियों की संख्या लगभग 1, 000 है, जिनका 55 हजार किलोमीटर का नेटवर्क है। उनमें से 30 हजार किलोमीटर क्षेत्र में जल घटा है या सूखा है। प्रदेश की 100 छोटी और सहायक नदियां सूख चुकी हैं। बिहार की 50 से अधिक नदियां संकट में हैं। इनमें 32 बड़ी नदियां सूख चुकी हैं, जबकि 18 में पानी थोड़ा बचा है। यमुना नदी भारत की सबसे प्रदूषित नदियों में से एक है और यह अत्यधिक प्रदूषण और पानी के अत्यधिक दोहन के कारण मरने के कगार पर है। साहिबी नदी, जो कभी दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान की एक महत्वपूर्ण नदी थी। हैरानी की बात है कि गंगा, सोन और अघवारा जैसी बड़ी नदियों में भी पानी कम है। उत्तराखंड में अल्मोड़ा-हल्द्वानी की लाइफलाइन कोसी और गौला नदियों का जलस्तर कम हो रहा है। जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा के तरीकों में बदलाव आया है, जिससे कुछ क्षेत्रों में सूखे की स्थिति बढ़ गई है और नदियों में पानी का प्रवाह कम हो गया है। नदियों से रेत का अवैध खनन भी नदियों के पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा रहा है और नदियों के बहाव को बदल रहा है। जंगलों की कटाई से मिट्टी का कटाव बढ़ रहा है, जिससे नदियों में गाद जमा हो रही है और उनकी गहराई कम हो रही है।

भारत नदियों का एक अनोखा देश है जहां नदियों को पूजनीय माना जाता है। गंगा, यमुना, महानदी, गोदावरी, नर्मदा, सिंधु (सिंधु), और कावेरी जैसी नदियों को देवी-देवताओं के रूप में पूजा जाता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के शासन में बनाया गया जल शक्ति मंत्रालय, नदी घाटियों में आर्द्रभूमि के पुनरुद्धार और संरक्षण और नदी प्रदूषण के खतरनाक स्तर से निपटने पर ध्यान केंद्रित करता है। देश के समक्ष वाटर विजन 2047 प्रस्तुत किया गया है यानी आजादी के सौ वर्ष पूरे होने तक देश को प्रत्येक वह कार्य करना है, जो देश को पानी के मामलों में सबल बना सके। इसमें हमारी नदियां भी शामिल हैं। नदियां मानव अस्तित्व का मूलभूत आधार है और देश एवं दुनिया की धमनियां हैं, इन धमनियों में यदि प्रदूषित जल पहुंचेगा तो शरीर बीमार होगा, लिहाजा हमें नदी रूपी इन धमनियों में शुद्ध जल के बहाव को सुनिश्चित करना होगा। नदियों को राष्ट्रीय संपत्ति घोषित किये जाने की जरूरत है। देश में नदी जल एवं नदियों के लिए कानून बने हुए है, आवश्यक हो गया है कि उस पर पुनर्विचार कर देश के व्यापक हित में विवेक से निर्णय लिया जाना चाहिए। हमारे राजनीतिज्ञ, जिन्हें सिर्फ वोट की प्यास है और वे अपनी इस स्वार्थ की प्यास को इस पानी से बुझाना चाहते हैं। यह किसी से छिपा नहीं है कि हमारे देश में गर्मी और लू के दिन जहां बढ़ रहे हैं, वहीं बरसात के दिन घटते जा रहे हैं। ऐसे में मानसूनी वर्षा के जल को यदि सलीके से नहीं सहेजा गया तो देश की सामाजिक-आर्थिक-प्राकृतिक स्थिति पर जल-संकट का बड़ा घातक प्रभाव होगा। विश्व नदी दिवस हमें यह चेतावनी देता है कि यदि नदियां सूख जाएंगी, प्रदूषित हो जाएंगी या विलुप्त हो जाएंगी तो मानव सभ्यता का अस्तित्व भी खतरे में पड़ जाएगा।

# बिहार की लड़ाई टिकट बंटवारे पर आई

-राधा रमण-

बिहार में विधानसभा चुनाव की लड़ाई टिकट बंटवारे पर आकर ठहर गई है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) हो या इंडिया गठबंधन (महागठबंधन) दोनों के सहयोगी दल एक अदद सीट के लिए एक दूसरे के विरोधी बने हुए हैं। ऊपर से दोनों गठबंधनों के नेता भले ही सार्वजनिक रूप से यह दावा करते हैं कि सब ठीक-ठाक है और सीट बंटवारे की कोई समस्या नहीं है। लेकिन भीतर ही भीतर खींचतान जारी है। बिहार में इस साल नवंबर में विधानसभा चुनाव अपेक्षित है। राज्य में 22 नवंबर से पहले सरकार का गठन जरूरी है, क्योंकि वर्तमान सरकार का कार्यकाल 22 नवंबर को पूरा हो रहा है।

पहले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की बात करते हैं। इस गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) है। वर्तमान विधानसभा में उसके 80 विधायक हैं। दूसरे स्थान पर जनता दल (यूनाईटेड) है। उसके 45 विधायक हैं। तीसरे स्थान पर चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) है। विधानसभा में लोजपा का कोई विधायक नहीं है, लेकिन पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में उसका स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है। उसे चुनाव लड़ने के लिए कुल पांच सीटें दी गई थीं और उसने सभी सीटों पर जीत हासिल की थी। चिराग दलित नेता स्व रामविलास पासवान के बेटे हैं और फिलहाल केंद्रीय सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। चौथे स्थान पर जीतनराम मांझी की पार्टी हिन्दुस्तान अवाम मोर्चा (हम) है। विधानसभा में उसके चार विधायक हैं। चिराग की तरह मांझी भी केंद्रीय सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। गठबंधन में आखिरी पायदान पर उपेन्द्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक समता पार्टी (रालोमो) है। कुशवाहा पिछले साल लोकसभा का चुनाव हार गए थे। बाद में भाजपा ने अपने कोटे से उन्हें राज्यसभा का सदस्य बनाया है।

एनडीए की सबसे बड़ी पार्टी होने के कारण भाजपा का दावा इस बार अधिक सीटों पर लड़ने का बनता है। लेकिन मुख्यमंत्री होने और गठबंधन का चेहरा होने के कारण जदयू इस बार भी बराबर सीटों सीटों का दावा कर रही है। पिछले विधानसभा चुनाव में जदयू 115 सीटों पर लड़ी थी, लेकिन उसे महज 43 सीटों पर जीत मिली थी। तब चिराग पासवान की लोजपा (आर) एनडीए के साथ नहीं थी। उसने चुन-चुनकर जदयू उमीदवारों के खिलाफ प्रत्याशी उतार दिए थे। नतीजतन नीतीश कुमार की जदयू तीसरे स्थान पर खिसक गई थी। लोजपा (आर) के अधिकांश उम्मीदवार भाजपा के कार्यकर्ता थे और चुनाव परिणाम के बाद धीरे-धीरे भाजपा में शामिल हो गए। नीतीश और जदयू के नेता मन मसोस कर रह गए। इसलिए इस बार सीटों के बंटवारे में जदयू आर-पार के मूड में है। उसकी चाहत तो दोबारा 115 सीटों की है लेकिन भाजपा के लिए भी यह चुनाव करो या मरो सरीखा है। उधर चिराग पासवान 35 से 40 सीटों पर अड़े हुए हैं। इस बीच जीतनराम मांझी ने बता दिया है कि यदि उनकी पार्टी को 15-20 से कम सीटें मिली तो वह मजबूर होकर 100 सीटों पर उम्मीदवार उतार देंगे। राष्ट्रीय लोक समता पार्टी के सुप्रीमो उपेन्द्र कुशवाहा सीटों की संख्या तो नहीं बताते, लेकिन इतना जरूर कहते हैं कि अगर इस बार भी उन्हें डुबाने की कोशिश की गई, तो डुबाने वाले भी डूब जाएंगे। कुशवाहा लोकसभा चुनाव में हुई अपनी करारी हार को अब तक नहीं पचा पाये हैं।

एनडीए की तरह महागठबंधन में भी सीटों का पेंच सुलझता नजर नहीं आ रहा है। महागठबंधन में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अलावा कांग्रेस, भाकपा, माकपा, माले, झामुमो, मुकेश सहनी की विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) और पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) शामिल है। इसमें कांग्रेस ने 76 उम्मीदवारों के नामों के साथ अपनी सूची तेजस्वी यादव को सौंप दी है। महागठबंधन पर दबाव बढ़ाने के लिए कांग्रेस ने पटना में आजादी के बाद पहली बार अपनी राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक भी की है। पिछली बार कांग्रेस 70 सीटों पर लड़ी थी जिसमें 19 जीती थी। उसका स्ट्राइक रेट सबसे कम था। इस बार राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा निकालकर कांग्रेस ज्यादा उत्साहित है। वीआईपी के मुकेश सहनी भी 60 सीटों का दावा कर रहे हैं।

पिछली बार मनमुताबिक सीटें नहीं मिलने के कारण वह आखिरी समय में महागठबंधन से अलग हो गए थे। बिहार में वामदलों (भाकपा, माकपा और माले) का स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा था। तीनों दलों ने 29 सीटें लड़कर 19 जीती थीं। इस बार वामदल भी 40 सीटें मांग रहे हैं। कांग्रेस को बिना मांगे सलाह देते हुए माले महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य कहते हैं कि ज्यादा सीटें लड़कर हार जाने से बेहतर कम सीटें लड़कर ज्यादा जीतना अच्छा होता है।

बिहार की लड़ाई को त्रिकोणीय बनाने वाले जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर सभी 243 सीटों पर लड़ने का दावा करते हैं। उनका प्रचार भी सभी सीटों पर चल रहा है। तीन साल से प्रशांत पूरे बिहार में घूमते रहे हैं।

हालांकि उन्होंने अभी उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। संभवतः उनकी नजर दोनों गठबंधनों की सीटें घोषित होने पर है। जाहिर है जिसे कहीं जगह नहीं मिलेगी वह जनसुराज की तरफ झुकेगा। इस बीच प्रशांत ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, मंत्री मंगल पाण्डेय, मंत्री अशोक चौधरी और सांसद संजय जायसवाल भ्रष्टाचार के संगीन आरोप लगाकर बिहार की सियासत में भूचाल ला दिया है। उन्होंने उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को हत्यारोपी बताते हुए उनकी शैक्षणिक डिग्री पर भी सवाल उठाये हैं। प्रशांत यहीं नहीं रुकने वाले हैं। वह कहते हैं की मेरे पास पुख्ता प्रमाण है। मैं बारी-बारी से सबकी पोल खोलूंगा। अब जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार, अशोक चौधरी से और पूर्व केंद्रीय मंत्री आर के सिंह भाजपा के तीनों नेताओं से सफाई देने की मांग कर रहे हैं। चुनाव से पहले प्रशांत किशोर के आरोपों पर स्थिति स्पष्ट नहीं की गई तो नुकसान तय है, क्योंकि जनता की नजर में प्रशांत का पलड़ा भारी दिखता है।

बहरहाल, गांव-गली से लेकर चौक-चौराहों पर सियासी चर्चा आम है।

पिछले दिनों राजद ने बिहार अधिकार यात्रा निकाली थी जो दस जिलों जहानाबाद, नालंदा, मुंगेर, बेगुसराय, मधेपुरा, खगड़िया, सुपौल, समस्तीपुर, वैशाली होते हुए पटना में समाप्त हुई। फिलहाल भाजपा की चलो जीते हैं रथयात्रा निकाली जा रही है। इसमें लोगों को प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित फिल्म दिखाई जा रही है। पिछले दिनों बाढ़ में इस रथयात्रा पर लोगों ने गुस्से में पथराव कर दिया था। दरभंगा और वैशाली में प्रधानमंत्री की मां को गाली देने का मामला भी बिहार में तूल पकड़ रहा है। और तो और, 15 सितंबर को पूर्णिया एयरपोर्ट का उद्घाटन करने गए प्रधानमंत्री ने खुद इस मुद्दे को धार दी। कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार कहते हैं कि सभ्य समाज में गाली-गलौज ठीक बात नहीं है। लेकिन मैं पूछते-पूछते थक गया, भाजपा का कोई नेता अथवा मीडिया का कोई मित्र यह बताने को तैयार नहीं है कि सिरफिरे ने प्रधानमंत्री की माता जी को कौन सी गाली दी है।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

P-07:28 paga09_jhn.qxd 9/30/2025 8:42 PM Page 1



# बालिकाओं और महिलाओं के सम्मान में हुआ मेगा इवेंट





*** 182 बालिकाओं और महिलाओं का हुआ सम्मान, कन्या पूजन और जन्मोत्सव भी मनाया गया**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत मंगलवार को शिवानी बैंक्वेट हाल में महिलाओं और बालिकाओं के सम्मान तथा स्वावलंबन के लिए भव्य मेगा इवेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कन्या पूजन एवं कन्या जन्मोत्सव भी मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने की, जबकि जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स, आचार्य सुमेधा जी, नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन, शशि त्यागी, प्रीति चौधरी, अंजलि कटारिया, मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, ब्लॉक प्रमुख गजरौला मीनाक्षी चौधरी व मधु चतुर्वेदी सहित अन्य गणमान्य अतिथिगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। कन्या गुरुकुल चोटीपुरा की छात्राओं ने योग, गीत व विचार प्रस्तुत कर महिला सशक्तिकरण का संदेश दिया। शिक्षा, खेल, योगा, भाषण, नृत्य, निबंध और कविता आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 73 बालिकाओं को मोमेंटो, प्रमाण पत्र और स्कूल बैग देकर सम्मानित किया गया।

कन्या पूजन के अंतर्गत 9 कन्याओं का पूजन और 11 महिलाओं की गोदभराई संपन्न हुई। इसके साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को बेबी किट, मच्छरदानी, मशीनें और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। शिक्षा, चिकित्सा, पुलिस, सफाई, आंगनबाड़ी, कृषि, महिला कल्याण समेत विभिन्न क्षेत्रों में योगदान देने वाली 59 महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। कुल 182 महिलाओं और बालिकाओं को मोमेंटो व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। सरकार जन्म से विवाह तक बेटियों के लिए अनेक योजनाएं चला रही है। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं को सम्मानित कर दूसरों को प्रेरित करने का संदेश दिया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने कहा कि मिशन शक्ति महिलाओं की सुरक्षा और आत्मनिर्भरता की दिशा में मील का पत्थर है। सभी थानों पर मिशन शक्ति केंद्र स्थापित किए हैं जहां महिलाओं की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने कहा कि ÷बेटे मान हैं तो बेटियां स्वाभिमान हैं।÷ उन्होंने सभी से बालिकाओं को शिक्षित करने का आह्वान किया।

# श्री वेंक्टेश्वरा में शारदीय नवरात्रों में 'डाँडिया एवं गरबा- 2025' की धूम



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** श्री वेंकटेश्वरा विश्वविद्यालय में शारदीय नवरात्रि-2025 के अवसर पर ''डाँडिया एवं गरबा सेलीब्रेशन-2025'' का भव्य आयोजन किया गया। पारम्परिक वेशभूषा में सजे संस्थान के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने लोकगीतों और धार्मिक फिल्मी गीतों की धुन पर देर रात तक जमकर डाँडिया और गरबा किया। समारोह का शुभारम्भ दुर्गा पंडाल में माँ दुर्गा एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे, कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय, मुख्य पुरोहित आचार्य पं. रामनिवास शास्त्री सहित गणमान्य अतिथियों ने आरती एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत ''घर में पधारे गजानन जी'' गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद ''ढोली तारो ढोल बाजे'', ''ढोलीडा-ढोलीडा'', ''चौगाड़ा तारा'' एवं ''राम चाहे लीला चाहे'' जैसे गीतों पर शानदार प्रस्तुतियाँ हुई। इस अवसर पर वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यश श्री सुधीर गिरि ने सभी देशवासियों को नवरात्र एवं विजयदशमी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ''डाँडिया एवं गरबा नृत्य न केवल सांस्कृतिक-धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह मातृशक्ति के सम्मान और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। भारत में सदियों से मातृशक्ति पूजनीय रही है और अनन्तकाल तक पूजनीय रहेगी।'' प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि ''डाँडिया उत्सव अच्छाई की जीत और मातृशक्ति के सम्मान का आधार स्तम्भ है। मातृशक्ति के बिना सृष्टि की कल्पना ही संभव नहीं है।'' वहीं कुलपति प्रो. कृष्ण कान्त दवे और कुलसचिव प्रो. पीयूष कुमार पाण्डेय ने भी अपने विचार रखे। समारोह को सफल बनाने में डीन एकेडमिक डॉ. राजेश सिंह, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. मंजरी राणा, डॉ. योगेश्वर शर्मा, डॉ. अश्विन सक्सेना, डॉ. ओमप्रकाश, डॉ. दर्पण कौशिक, डॉ. राजवर्द्धन, डॉ. रीना जोशी, डॉ. एस.के. श्रीवास्तव, डॉ. आशुतोष, डायरेक्टर लीगल देव प्रताप सिंह, डॉ. मोहित शर्मा, एस.एस. बघेल, नागेन्द्र प्रताप सिंह, प्रीतपाल, मेरठ परिसर से निदेशक प्रताप सिंह और मीडिया प्रभारी विश्वास राणा सहित अनेक प्राध्यापक एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नगर पालिका के जन्म मुत्यु प्रमाण पत्र कार्यालय मे सभासद और कर्मचारी के बीच कहासुनी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** नगर पालिका मे उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया जब सभासदों और पालिका कर्मी के बीच कहासुनी हो गई। सूचना पाकर पुलिस मौके पर जा पहुंची। पालिका ईओ व चैयरमने पति ने भी विवाद की जानकारी की। दरअसल मंगलवार को नगर पालिका परिषद मे सभासद मौ0 गौहर तथा अनीस अहमद की जन्म मृत्यु कार्यालय मे अरूण कुमार से कहासुनी हो गई। बात इतनी बड़ गई की हंगामा खड़ा हो गया। थोड़ी देर मे वाल्मीकि समाज के लोग नगर पालिका मे जमा हो गये। विवाद की सूचना पर पुलिस भी मौके पर जा पहुंची। उधर चैयरमेन पति चौधरी मुशीर अली खां और ईओ डॉ0 मणिभूषण तिवारी पहुंचे तो कर्मचारियों ने अपना पक्ष रखा। काफी देर तक विवाद को निपटाने को लेकर प्रयास चलते रहे। उधर पालिका कर्मी अरूण कुमार निवासी आलम सराय ने पुलिस को दी गई तहरीर मे आरोप लगाया कि सभासद जबरन गलत हस्ताक्षर करा रहे थे। नहीं करने पर गाली गलोच करते हुए मारपीट कर जाति सूचक शब्द कहे गये। सभासदों ने अपने उपर लगे आरोपों को झूठा बताया है।

# स्वर्ण जयंती महोत्सव के साथ निकाली गई मां भगवती की 50 वीं शोभायात्रा



*** आकर्षण का केन्द्र बनी रहीं झांकिया, दर्शन करने के लिए उमड़े बड़ी संख्या मे श्रद्वालु**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** नगर मे मां भगवती की 50 वी भव्य शोभायात्रा निकाल कर स्वर्ण जयंती महोत्सव मनाया गया। रथ यात्रा मार्ग पर आधुनिक लाइटों से निर्मित 11 स्वागत द्वार बनाए गए, फूलों से भी सजाया गया रथ यात्रा का मार्ग, वैष्णो देवी भवन के मार्ग के तर्ज पर रथयात्रा मार्ग की सजावट की गई। भगवान हरि-हर मिलन की झांकी, अश्वमेध यज्ञ का घोड़ा पड़े हुए लव कुश और भारतीय सेना के अदम्य साहस ऑपरेशन सिंदूर की झांकी रही शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र, श्रद्धालुओं ने किया श्री मेहंदीपुर बालाजी सरकार के दर्शन, मां काली के विराट रूप के दर्शन और नौ देवियों की झांकी के दर्शन के लिए भी भीड़ जुटी। दिल्ली, मेरठ, मथुरा, कासगंज के कलाकार हुए शोभायात्रा में शामिल, मेरठ के कलाकारों के द्वारा किया गया महारास और उत्तराखंड के कलाकारों के द्वारा जल राशि का अखाड़ा भी रहा आकर्षण का केंद्र रहे।

श्री नवदुर्गा महोत्सव समिति के द्वारा मां भगवती की 50वीं शोभायात्रा निकालकर इस वर्ष स्वर्ण जयंती महोत्सव के रूप में मनाया गया है जहां इस बार मां भगवती की शोभायात्रा के 50 वर्ष पूरे होने पर शोभा यात्रा को पहले सालों के मुकाबले कई गुना भव्यता दी गई। जहां आर्य समाज रोड से शुरू होकर डाकखाने तक के रथ यात्रा मार्ग पर संभल में कुल 11 स्वागत द्वारा बनवाए गए जिसमें दिल्ली से आई हुई कंपनी के द्वारा आधुनिक लाइटों से निर्मित विशेष स्वागत द्वार बनाए गए। वही आर्य समाज रोड से लेकर मोहल्ला देर बाजार गंज कोतवाली और डाकखाना रोड तक श्री नवदुर्गा महोत्सव समिति के द्वारा लाइटों से पूरे मार्ग को जगमग कराया गया जहां पूरा रथ यात्रा का मार्ग रोशनी से नहाता हुआ नजर आया। वही 50 वीं शोभायात्रा को पहले के ज्यादा मुकाबला भव्यता देने के लिए शोभायात्रा मार्ग पर फूलों से तैयार सेल्फी प्वाइंट भी बनाए गए। जहां फूलों से निर्मित माता अन्नपूर्णा का दरबार, फूलों से तैयार मां दुर्गा की झांकी और वैष्णो देवी भवन के मार्ग पर फूलों से होने वाली सजावट की तर्ज पर भी संभल में रथ यात्रा मार्ग पर सजावटकी गई हैं। इस दौरान एसडीएम विकास चंद्र और सीओ आलोक भाटी के साथ ही समिति अध्यक्ष राजेश सिंघल, महामंत्री विवेक गोयल, उपाध्यक्ष सत्यप्रकाश शर्मा व नीरज रस्तोगी और कोषाध्यक्ष नवनीत कुमार के साथ ही संरक्षक अनुज गर्ग, आशुतोष रस्तोगी और प्रवीण रस्तोगी ने विधिवत ढंग से मां मा दुर्गा के भव्य सिंहासन पर मां दुर्गा की प्रतिमां का पूजन किया। मंत्रो उच्चारण और विधि विधान से पूजन के उपरांत समिति के संरक्षक उमेश गर्ग, विवेकशील अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, चंद्रपरकाश भारद्वाज औविपिन अग्रवाल,अमित वार्ष्णेय और रोहित गुप्ता के द्वारा मां दुर्गा के मुख्य सिंहासन पर ज्योत प्रज्वलित की गई और जिसके बाद मुख्य सिंहासन पर मां दुर्गा की आरती की गई। जिसके बाद शोभायात्रा प्रबंधक अतुल अग्रवाल, शशांक अग्रवाल, मयंक गुप्ता, प्रभात रस्तौगी, आशुतोष कथुरिया, गोपाल शर्मा के द्वारा शोभायात्रा को विधिवत ढंग से शुरू कराया गया। जबकि शोभायात्रा के दौरान अनुज रस्तौगी, नवनीत कुमार, अभिनीत माथुर, अमित अग्रवाल, गौरव कुमार, प्रतीक गुप्ता, मोहित रस्तोगी और आशुतोष गुप्ता और अभिनव माथुर के द्वारा अखाड़े की व्यवस्थाएं संभाली गई। इसी के साथ मनोज मित्तल, अंकित अग्रवाल, पलाश शर्मा, विजय चंद्रा, मोहित आर्य, शैलेंद्र अग्रवाल आदि सदस्यों ने शोभायात्रा के कलाकारों के जलपान की व्यवस्था संभाली। मां भगवती के भव्य सिंहासन पर सत्य प्रकाश शर्मा, उमेश गर्ग, नवनीत कुमार, अभिनीत माथुर के द्वारा शोभायात्रा में प्रसाद वितरित किया गया। वही इस दौरान शोभायात्रा में समिति के सदस्य अर्पित सक्सेना, प्रतीक गुप्ता, हितेश मिश्रा, अंकित अग्रवाल आदि सदस्यगण शामिल रहे।

# एंजिल पब्लिक स्कूल की छात्रा निष्ठा बनी एक दिन की एआरटीओ



*** सड़क पर उतरकर पढ़ाया यातायात के नियमों का पाठ, काटे चालान तो बांटे फूल**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मिशन शक्ति अभियान चल रहा है और महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा व स्वाबलंबी बनाये जाने के लिए जागरूक किया जा रहा है। साथ ही बालिकाओं को आगे बढ़ने के लिए अफसरो की कुर्सीयों पर भी बैठाकर सरकारी कामकाज से रूबरू कराया जा रहा है।

मंगलवार को एंजिल पब्लिक स्कूल की छात्रा निष्ठा सिंह को एक दिन का एआरटीओ बनाया गया। एआरटीओ निष्ठा सिंह ने यातायात पुलिस के और अफसरो के साथ नगर के चन्दौसी चौराहे पर वाहनो की चैकिंग करते हुए यातायात के नियमों से जागरूक कराते हुए वाहन चालकों से हेल्मेट लगाने और अपनी साइड पर चलकर नियमों को अपनाने वाहन चलाते हुए सीट बेल्ट लगाने का आहवान किया। बाईक सवार व्यक्ति का चालान भी किया गया। बाकि रोड से गुज़रने वाले दो पहिया वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर अपील की गई कि वह इस बार गुलाब का फूल लें और यातायात के नियमों को समझते हुए अगली बार हेल्मेट लगाकर ही सफर तय करें। जान है तो जहांन है यातायात के नियमों को अपनाना ज़रूरी है। एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी ने कहा कि आज सभी से गुलाब के फूल देकर यातायात के नियमों को अपनाने का आहवान किया गया है, समझाया गया है। दस दौरान यातायात प्रभारी प्रमोद कुमार मान सिंह आदि रहे।

# विकसित उत्तर प्रदेश 2047 के लिए लोगों से मांगे जा रहे हैं सुझाव



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान के अन्तर्गत रोटरी क्लब के प्रतिनिधि एवं आईएमए के सदस्य तथा राशन डीलरों के साथ विजन डॉक्यूमेंट 2047 के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी के द्वारा समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश /2047 के प्रमुख बिन्दुओं के विषय में समस्त आईएमए के सदस्य एवं रोटरी क्लब के प्रतिनिधि तथा राशन डीलरों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भारत 2047 में स्वतंत्रता की 100 वीं वर्षगांठ मनायेगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए 12 सेक्टर चिन्हित किये गये। कृषि एवं संबद्ध सेक्टर, पशुधन संरक्षण सेक्टर, औद्योगिक विकास सेक्टर, आईटी, पर्यटन, नगर एवं ग्राम्य विकास, अवस्थापना, संतुलित विकास, समाज कल्याण, स्वस्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं सुशासन सेक्टर पर कार्य किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि समर्थ उत्तर प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान 5 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत 12 सेक्टर को चिन्हित किया गया है जिनपर कार्य किया जाएगा। इनके अतिरिक्त एक 13 वां सेक्टर पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए चिन्हित किया है जिसके 4 बिन्दुओं पर सुझाव प्राप्त किये गये हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि वही योजना सस्टेनेबल होती है जिसमें सभी लोगों के सुझाव होते हैं सब लोगों में भी वह सुझाव जो कॉमन सुझाव निकल कर आये। उन्होंने कहा कि सभी लोग क्यूआर कोड को स्कैन कर अपना विचार या संकल्प साझा करें। इसमें सभी की प्रत्यक्ष भागीदारी हो। जिलाधिकारी ने कहा कि जो सबसे ज्यादा सुझाव दिलायेगा उन लोगों को सम्मानित भी किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यह समृद्धि का शताब्दी वर्ष है। समर्थ, सशक्त एवं समृद्ध प्रदेश बनाने में समस्त लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि विकसित उत्तर /2047 के विजन डॉक्यूमेंट के लिए यह संवाद सुझाव परामर्श डॉक्टर, डीलर्स तथा रोटरी क्लब के प्रतिनिधि उनके परिजनों के माध्यम से जाना चाहिए। हमारा मिशन है समग्र विकास जिसमें सभी लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होंगी। इसके अंतर्गत परम्परा और आधुनिकता का सामजस्य लेते हुए सांस्कृतिक पुनर्जागरण को भी स्थापित किया जाएगा। विकसित देश बनाने के लिए हर परिवार को काम करना होगा। और उन्होंने कहा कि सभी लोग और लोगों को जागरूक करें जिससे एक जन आंदोलन की तरह लोग अपने सुझावों को साझा करें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पंकज कुमार विश्नोई, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं जिला पूर्ति अधिकारी शिवि गर्ग समस्त रोटरी क्लब एवं आईएमए के सदस्य तथा समस्त राशन डीलर उपस्थित रहे।

# पूर्व अध्यक्ष अखिल कुमार जैन के निधन पर शोक सभा का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** सम्भल ज़िला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता अखिल कुमार जैन का आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमे अधिवक्ताओं ने उनके जीवन, योगदान और सरल स्वभाव को स्मरण करते हुए दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। सभी सदस्यों ने एक स्वर मे यह निर्णय लिया कि श्री जैन का मार्ग दर्शन और योगदान को सैदव स्मरण रखा जाएगा। इस मौके पर डीसी लल्लन प्रसाद, एसीआई रूचि अग्रवाल, राजू स्तोगी एड0, संजीव कुमार शर्मा एड0, महफूज़ हुसैन एड0, ज़ियाउद्दीन एड0, कपिल गम्भीर, गुफ़रान खां एड0, शाने आलम एड0, ईश्वरचन्द्र एड0, मौ0 शुऐब एड0, मौ0 आज़म एड0, मौ0 अज़ीम एड0, केपी एड0 आदि रहे।

# आजाद अधिकार सेना के लोगों की अवैध नजरबंदी पर मानवाधिकार आयोग में शिकायत

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** उत्तर प्रदेश मानवाधिकार आयोग ने आजाद अधिकार सेना के पदाधिकारी देवेंद्र सिंह को बुलंदशहर तथा खिजर गौस और जरीफमिर्जा को संभल में नजरबंद किए जाने को अवैध बताते हुए इसके संबंध में अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर द्वारा शिकायत की गई है। डॉ नूतन ठाकुर राष्ट्रीय महासचिव आजाद अधिकार सेना ने बताया कि भेजी गई शिकायत पर केस दर्ज करते हुए अग्रिम कार्रवाई प्रारंभ की है।ठाकुर ने अपनी शिकायत में कहा था कि उनकी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल शांति के साथ में बरेली की घटना की जानकारी लेना चाहता था. इसके बारे में पार्टी की ओर से स्वयं मेरे द्वारा सभी सक्षम पदाधिकारी को लिखित में पत्र भेजा भी गया था। इसके बाद भी पुलिस ने बुलंदशहर में देवेंद्र सिंह को और संभल में खिजर गौस और जरीफमिर्जा को अवैध रूप से नजर बंद किया।

# हनुमान जी द्वारा लंका दहन का लीला मंचन देखने पहुंचे अतिथि



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** नगर पालिका परिषद, संभल में श्री रामलीला कमेटी, संभल द्वारा आयोजित भव्य एवं दिव्य आदर्श श्री रामलीला में सर्वप्रथम आचार्य प्रमोद कृष्णम् द्वारा भगवान गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर श्री राम दरबार की आरती उतारी गई।

इस दौरान डॉ0 अरविंद गुप्ता, अध्यक्ष अनंत अग्रवाल, प्रबंधक वैभव गुप्ता आदि उपस्थित रहे। श्री रामलीला मंचन के व्यास जी बताते हैं कि लंका दहन का मंचन श्री रामलीला का एक महत्वपूर्ण और रोमांचक हिस्सा है, जिसमें पवन पुत्र हनुमान द्वारा लंका जलाने की घटना को नाटकीय रूप से प्रस्तुत किया जाता है। तदुपरांत कलाकारों द्वारा मंचन प्रारंभ किया जाता है जिसमें दर्शाया गया है कि हनुमान जी माता सीता की खोज में लंका पहुँचते हैं। जहां वह अशोक वाटिका को तहस-नहस कर देते हैं। आज के कार्यक्रम में इन विशिष्ट महानुभावों की उपस्थिति रही। अजय सिंघल, सचिन सिंह, लुवकुश चाहल, अरविन्द सिंह एड0, महेन्द्र सिंघल आदि। श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल ओर उनकी टीम ने आचार्य प्रमोद कृष्ण एवं आए हुए अतिथियों का भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया। इस दौरान रितिक शर्मा, समीर अग्रवाल, शिवम् अग्रवाल, उमेश सैनी, विकास अग्रवाल, अनुराग गुप्ता, सचिन चौधरी, मनीष चौधरी, कमलकांत तिवारी, शोभित गुप्ता आदि ने सपरिवार सहभागिता की। कार्यकर्त्ताओं के रूप में उज्ज्वल सक्सेना, ऋषभ श्रीवास्तव, अभिलाष, पंकज, कमल, संजीव, अजय कुमार शर्मा, सुबोध गुप्ता, योगेश गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अनिकेत, शंकर शर्मा, वंश ठाकुर, गणेश, ऋषभ ठाकुर, निहाल बाल्मीकि, साहिल गांधी, अभिषेक बंसल आदि उपस्थित रहे। आचार्य प्रमोद कृष्ण जी ने सुंदर व सुव्यवस्थित कार्यक्रम के लिए, मनमोहक मंचन करने वाले योग्य कलाकारों,श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनंत अग्रवाल, प्रबंधक वैभव गुप्ता और उनकी टीम को बधाई व शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन एड0उमेश शर्मा किया।

# ममता कैटल फीड का ग्राम गालिबपुर ब्लॉक असमोली मे शुभारम्भ



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** मुख्यमंत्री के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजना इन्वेस्ट यूपी के अंतर्गत महिला उद्यमी इकाई की श्रेणी में पशु आहार की उत्पादन इकाई ममता कैटल फीड का ग्राम गालिबपुर ब्लॉक असमोली जिला संभल में जिलाधिकारी डॉक्टर राजेंद्र पैंसियाएवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई द्वारा 29 सितम्बर को पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया। संस्थान की ओर से पंचम सिंह, कुलदीप सिंह, नरेंद्र सिंह, खगेंद्र सिंह, हर्ष आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि इस प्रकार की उद्यमी इकाइयों के द्वारा मुख्यमत्री की सोच के अनुसार न केवल ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे अपितु जिले की अर्थ व्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने के साथ महिला सशक्ति करण में भी सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि उद्यमशीलता के साथ किसानों की आय बढ़ाने के विचार पर भी काम किया जाएगा।

# डीएम व एसपी की अध्यक्षता मे विकास प्राधिकरण की बैठक मे कार्यो को लेकर चर्चा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** जिलाधिकारी कार्यालय बहजोई में जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में बहजोई,संभल, चंदौसी विकास प्राधिकरण के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम बैठक में संभल विकास प्राधिकरण के प्रस्तावित प्रस्ताव के विषय में विस्तार पूर्वक विकास प्राधिकरण से संबंधित अधिकारियों के द्वारा अवगत कराया गया। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने समस्त नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विकास प्राधिकरण से संबंधित जो भी सूचनाओं उपलब्ध करानी है वह समय रहते हुए शीघ्रता से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें जिससे प्रस्तावित नगर विकास प्राधिकरण का प्रस्ताव भेजा जा सके। और जिलाधिकारी ने कहा कि समस्त सूचनाओं को भेजें उसके उपरांत शीघ्रता से ही पुनः बैठक का आयोजन किया जाएगा। इसके उपरांत नगर निकाय की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा के द्वारा वंदन योजना के द्वारा कराये जा रहे पर्यटन से संबंधित कार्य एवं नगर पालिका एवं नगर पंचायत में चलाए जा रहे निर्माण कार्यों के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। जिसको लेकर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जो भी पर्यटन एवं नगर पालिका के द्वारा निर्माण कार्य नगर क्षेत्र में कराए जा रहे हैं यथाशीघ्र गुणवत्तापूर्ण समय से करना सुनिश्चित करें। अपर जिलाधिकारी ने नगर पालिका बहजोई एवं नगर पंचायत गुन्नौर, बबराला तथा नरौली, सिरसी आदि में गौशाला के निर्माण कार्य के विषय में जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, सिटी मजिस्ट्रेट संभल सुधीर कुमार, डिप्टी कलेक्टर सौरभ कुमार पाण्डेय, विकास प्राधिकरण से संबंधित अधिकारी, समस्त नगर पालिका के अध्यक्ष एवं नगर पालिका एवं नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।


**उत्तर रेलवे**

**ई–खुली निविदा सूचना**

मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा दिनांक **22.10.2025** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

**क्रम सं:** ए, **कार्य का नाम:** रेल भवन परिसर के चारों ओर आरसीसी चारदीवारी सहित क्षतिग्रस्त चारदीवारी की मरम्मत के कार्य हेतु।
**अनुमानित लागत:** रुपये 46973094.58 **धरोहर राशि:** रुपये 384900.00 **समापन अवधि:** 09 महीने

**क्रम सं:** बी, **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/सरदार पटेल मार्ग के कार्य क्षेत्र में परिसंचरण क्षेत्र सहित क्षतिग्रस्त दरवाजे/ खिड़की, फर्श, शौचालय आदि का सुधार और बरार स्क्वायर रेलवे कॉलोनी में अन्य विविध कार्य और क्षतिग्रस्त पानी की टंकी का प्रतिस्थापन और पानी की टंकियों के लिए सुरक्षा पिंजरे का प्रावधान और टाइप–I, II में सुरक्षा लोहे के गेट सहित बाहरी घरों में अन्य विविध कार्य हेतु।
**अनुमानित लागत:** रुपये 25999975.37 **धरोहर राशि:** रुपये 280000.00 **समापन अवधि:** 06 महीने

**क्रम सं:** सी, **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र में बड़ौदा हाउस में लेखा भवन (एनेक्सी–II) की दूसरी मंजिल पर स्थित सम्मेलन हॉल का सुधार कार्य हेतु।
**अनुमानित लागत:** रुपये 25482887.96 **धरोहर राशि:** रुपये 277400.00 **समापन अवधि:** 06 महीने

**क्रम सं:** डी, **कार्य का नाम:** सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा–III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र में अनुलग्नक–II में एनआरएसए (उत्तर रेलवे खेल संघ) खंड का सुधार/उन्नयन और अनुलग्नक–I में चौथी मंजिल के गलियारे का सुधार और बड़ौदा हाउस में इंजीनियरिंग विभाग (अनुलग्नक–I) की चौथी मंजिल पर स्थित सम्मेलन कक्ष का सुधार कार्य हेतु।
**अनुमानित लागत:** रुपये 32747605.23 **धरोहर राशि:** रुपये 313700.00 **समापन अवधि:** 08 महीने

● निविदा दिनांक: **22.10.2025** को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी।

**पत्र संख्या:– 128–डब्ल्यू/269/निविदा सूचना/25–26/डब्ल्यू–ई/टेंडर नं: 25 (ए,बी,सी,डी) दिनांक 29.09.2025** **3015/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

P-08:28 paga09_jhn.qxd 9/30/2025 7:57 PM Page 1



## मिशन शक्ति जागरूकता कार्यक्रम



रामपुर। पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद, महोदय द्वारा पुलिस अधीक्षक रामपुर के साथ पुलिस लाइन सभागार कक्ष में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर( नोडल मिशन शक्ति अभियान 5.0) व जनपद के समस्त थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्र / एन्टी रोमियो टीम के प्रभारियों/ कर्मचारीगण के साथ गोष्ठी आयोजित की गई । गोष्ठी में मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रदान किए गए । इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर, समस्त क्षेत्राधिकारी सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे । गोष्ठी के उपरान्त श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक, मुरादाबाद परिक्षेत्र, मुरादाबाद महोदय द्वारा पत्रकार बंधुओं के साथ प्रेस वार्ता की गई। मिशन शक्ति अभियान की विस्तृत जानकारी दी गई एवं सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केन्द्रों के हेल्पलाइन नम्बरों से संबंधित पम्पलेट प्रदान किए गए। साथ ही अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु पत्रकार बंधुओं से सहयोग की अपील की गई।

## कक्षा-6 में प्रवेश हेतु चयन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** श्रम विभाग कार्यालय रामपुर उत्तर प्रदेश से प्राप्त सूचना के आधार पर हमारे स्कूल की छात्रा इन्द्रवती पुत्री श्री निर्वल सिंह का अटल आवासीय विद्यालय बिलारी मण्डल / जिला मुरादाबाद में कक्षा-6 में प्रवेश हेतु चयन हो गया है। इसकी प्रवेश परीक्षा 23/02/2025 सम्पन्न हुई थी,जैसे ही चयन होने की सूचना छात्रा के घर वालों को मिली तब से पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। चयनित छात्रा इन्द्रवती के सम्मान में प्राथमिक विद्यालय खजुरिया में लघु सम्मान समारोह का आयोजन कर खुशी का इज़हार किया गया। चयनित छात्रा को माता-पिता सहित फूल-माला पहनाकर, मिठाई खिलाते हुए सुनहरे भविष्य की शुभकामनाओं के साथ उपहार देकर सम्मानित किया गया।

## रथ को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत मा0 सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जेपीएस राठौर ने शहर विधायक श्री आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री नन्द किशोर कलाल की उपस्थिति में महिला कल्याण विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से सम्बन्धित जन-जागरूकता रथ को विकास भवन परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। महिला कल्याण विभाग की ओर से जिला प्रोबेशन अधिकारी श्रीमती ईरा आर्या ने मा. मंत्री को महिला कल्याण विभाग द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के हित में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि यह जन-जागरूकता रथ रामपुर शहर से होते हुए विकास खण्ड चमरौआ, शाहाबाद, बिलासपुर, मिलक, सैदनगर में सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में जनमानस को जागरूक करेगा।

## आत्मीय संवाद करते हुए प्रसाद वितरित किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत स्थित राजकीय बाल गृह शिशु एवं दत्तक ग्रहण इकाई का भ्रमण किया गया । इस अवसर पर शारदीय नवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा कन्या पूजन किया गया तथा बालिकाओं पर पुष्प वर्षा कर प्रसाद वितरित किया गया । उन्होंने बालिकाओं से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा आमजनमानस को सन्देश दिया कि नारी सम्मान, सुरक्षा एवं स्वावलम्बन ही मिशन शक्ति अभियान का मूल उद्देश्य है । इस दिशा में रामपुर पुलिस द्वारा सतत प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे प्रत्येक बालिका आत्मनिर्भर एवं सशक्त बन सके ।

## सैफनी में खुले कुएं में गिरा बछड़ा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**सैफनी।** नगर के एक खुले कुएं में गिरे एक बछड़े को नगर पंचायत कर्मियों और स्थानीय लोगों की मदद से कई घंटों की मेहनत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस दौरान बछड़े को चोटें आई, जिसके बाद पशु चिकित्सक को बुलाकर उसका इलाज कराया गया और फिर उसे गौशाला भेज दिया गया। यह घटना तब हुई जब एक बछड़ा खुले हुए कुएं में गिर गया। राहगीरों ने तुरंत इस बात की सूचना नगर पंचायत को दी। सूचना मिलते ही नगर पंचायत के कर्मी, जिनमें सुपरवाइजर विशाल और राजू सैनी शामिल थे, मौके पर पहुंचे। उनके साथ नमन रस्तोगी, शिवम शर्मा, अर्चित शर्मा, प्रशांत शर्मा, सचिन कुमार और नरेश शर्मा जैसे स्थानीय लोग भी बचाव कार्य में जुट गए। कई घंटों की कड़ी मशक्कत और रस्सी की सहायता से बछड़े को कुएं से बाहर निकाला जा सका। बाहर निकालते समय बछड़ा घायल हो गया था। तुरंत ही एक डॉक्टर को बुलाया गया जिन्होंने मौके पर ही उसका उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद बछड़े को सुरक्षित गौशाला पहुंचा दिया गया, जहाँ उसकी देखभाल की जा रही है।

इस घटना ने एक बार फिर से खुले कुओं की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ऐसे खुले कुओं को ढकने की मांग की है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।

## सीता के वियोग में दुखी हुए श्रीराम



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** श्री आदर्श रामलीला कमेटी की ओर से ज्वाला नगर में मंगलवार लंका दहन, अंगद रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति आदि का मनोहर मंचन राधिका कृष्ण कला मंडल वृंदावन मथुरा के कलाकारों द्वारा किया गया। लंका दहन का आकर्षक मंचन कर कलाकारों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध दिया। जब हनुमान जी समुद्र लांघकर माता सीता की खोज में लंका पर पहुंचते हैं जहां हनुमान जी माता सीता को अपने बारे में बताते हैं और भगवान श्रीराम का संदेश व अंगूठी देते हैं भूख लगने पर माता सीता की आज्ञा लेकर हनुमान जी अशोक वाटिका में फल खाते हैं और पूरी वाटिका को उजाड़ देते हैं। जब सैनिक यह खबर रावण को देते हैं तो रावण हनुमान जी को पकड़ने का आदेश देता हैं तब मेघनाथ अशोक वाटिका मे पहुंचकर ब्रह्मास्त्र से हनुमान जी को बांधकर रावण के दरबार मे ले जाते हैं। रावण हनुमान जी को मारने का आदेश देता है तभी वहां मौजूद असुर और भयानक दंड देने को कहकर उनकी पूंछ में आग लगा देते हैं तब हनुमान जी यहां वहां उछल कर पूरी लंका ही जला देते हैं। दर्शक मनमोहक लीला देख भावुक हो जाते है।

इस अवसर पर सुरेश अग्रवाल, अवधेश शर्मा, डॉ तेजवीर यादव, त्रिभुवन पंडित, अनुज सक्सेना, आशु गुप्ता, डॉ अनिल सक्सेना, चितरंजन श्रीवास्तव, सुभाष सक्सेना, संजू बाबा, नवनीत सक्सेना, मोहित मल्होत्रा, संजू प्रजापति, अन्नु गंगवार, पीयूष कुमार, धर्मवीर यादव, रामेंद्र गुप्ता, देवेश गुप्ता, दिनेश कश्यप, पुनीत अग्रवाल, अन्नु सक्सेना, अरुण कीर्ति सक्सेना, संजीव दयाल सक्सेना, विशाल शर्मा, विक्की सक्सेना, अनुज यादव, राजेश नायक, रवि रामपुरी, मक्खन लाल सैनी, सोनू शर्मा, अखिलेश बिसारिया, विजय चौहान, राहुल शर्मा, मिंटू गुप्ता, सचिन सिंह, जगन सिंह लोधी, प्रेमपाल यादव, विनोद कश्यप, राजीव लोचन, ओपी सक्सेना, संतोष प्रसाद आदि समस्त पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पंपलेटस वितरन किए



**उत्तम भारत संवाददाता**

**टांडा।** मंगलवार को मिशन शक्ति फेज -5.0 के अंतर्गत मीना बाजार, व रामपुर तिराहा, सर सैयद गर्ल्स इण्टर कालेज कस्बा व थाना टांडा में महिलाओं व बालिकाओं को हेल्पलाइन नंबर 1090 चाइल्ड केयर हेल्पलाइन नंबर 1098 घेरलू हिंसा हेल्पलाइन नंबर 181 पुलिस आपातकालीन सेवा 112 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 व साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 की जानकारी देते हुए पंपलेटस वितरन किए । इस अवसर पर सीओ टांडा कीर्ति निधि आनन्द,कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार, महिला सुरक्षा दल की उपनिरीक्षक आराधना तोमर आदि मौजूद रहे।

## विदाई समारोह का आयोजन किया गया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश पुलिस सेवा से सेवानिवृत्त होने पर रिजर्व पुलिस लाईन स्थित सभागार कक्ष में विदाई समारोह का आयोजन किया गया । पुलिस कर्मी द्वारा उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है, सेवानिवृत्त होने वाले पुलिसकर्मियो को अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा सप्रेम मोमेंटो, उपहार भेंट कर एवं फूलमाला पहना कर सभी को अच्छे स्वास्थ्य एवं खुशहाल जीवन की शुभकामनाये देते हुए विदाई दी गयी । 30.09.2025 को अधिवर्षता आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी/कर्मचारी गण का सेवा विवरण इस प्रकार है 01- निरीक्षक लेखा 870250013 सुबोध कुमार सक्सेना पुत्र स्वः भोला सहाय सक्सेना।

## कन्या पूजन का कार्यक्रम



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** मिशन शक्ति फेस.5 के अंतर्गत कन्या पूजन का कार्यक्रम जिलाधिकारी महोदय के आदेश अनुसार एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी महोदय के नेतृत्व में जनपद रामपुर मै शारदीय नवरात्रि के नवमी दिवस के अवसर पर समाज में बालिकाओं के जन्म के प्रति सोच में सकारात्मक बदलाव के उद्देश्य से राजकीय शिशु बाल ग्रह रामपुर में आज कन्या पूजन का कार्यक्रम किया गया। पुलिस अधीक्षक महोदय रामपुर एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी महोदय की उपस्थिति में कन्या पूजन एवं उनके लिए प्रसाद का भव्य आयोजन राजकीय शिशु बाल ग्रह रामपुर में किया गया कन्याओं का तिलक करके उन्हें भोज कराया गया और साथ ही साथ सभी कन्याओं को गिफ्ट दिया गया। कार्यक्रम में बन स्टॉप सेंटर की टीम चाइल्डलाइन की टीम एवं राजकीय शिशु बाल ग्रह के सभी स्टाफ द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## पालिका परिषद द्वारा निर्मित पारिजात उपवन का उद्घाटन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** पालिका निधि राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा निर्मित पारिजात उपवन का उद्घाटन जनपद के मा0 प्रभारी मंत्री/सहकारिता राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री जेपीएस राठौर ने शहर विधायक श्री आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी श्री नन्द किशोर कलाल एवं अध्यक्ष नगर पालिका परिषद रामपुर की उपस्थिति में रामपुर-बरेली रोड स्थित सिविल लाइन क्षेत्र में किया। यह भूमि पूर्व में अतिक्रमण से मुक्त कराई गई थी, जिसे व्यवस्थित रूप से विकसित करते हुए नगर पालिका परिषद ने आमजन के लिए आकर्षक उपवन का रूप प्रदान किया है। प्रभारी मंत्री जी ने कहा कि नगर के सौंदर्यीकरण एवं नागरिकों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका रामपुर को निर्देश दिए कि पार्क के चारों ओर पाथवे का निर्माण कराया जाए, ताकि स्थानीय नागरिकों को टहलने, व्यायाम एवं भ्रमण के लिए बेहतर सुविधा प्राप्त हो सके।

## सफाई मित्र सम्मान समारोह हुआ आयोजित



**उत्तम भारत संवाददाता**

**शाहबाद।** प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन नारी शक्ति कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार नगर पंचायत शाहाबाद में महिला सफाई मित्र सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें कुमार संजय डिप्टी कलेक्टर /अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शाहाबाद एवं स्वच्छता प्रेरक वसीम अहमद खान द्वारा संयुक्त रूप से निकाय क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाली महिला सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया इस अवसर पर उन्होंने कहा कि नारी ही देश की शक्ति है आज हर क्षेत्र में नारी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर देश निर्माण में अपना योगदान दे रही है उन्होंने अपील की महिला सफाई मित्र अपने कार्य के अतिरिक्त आम नागरिकों में सफाई के प्रति जागरूक कर अपना अहम योगदान करे जिससे कि नगर पंचायत शाहाबाद स्वच्छ और स्वस्थ बने उन्होंने इस कार्यक्रम के माध्यम से अपील की के सभी लोग शाह बात को स्वच्छ सुंदर बनाने हेतु नगर पंचायत का सहयोग करें।

## विभिन्न मुद्दों पर की गयी गोष्ठी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जनप्रतिनिधि द्वारा जिलाधिकारी, रामपुर एवं पुलिस अधीक्षक, रामपुर के साथ मिशन शक्ति अभियान-5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत प्रचार वाहन को विकास भवन रामपुर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया । इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है । कार्यक्रम के उपरान्त मा0 जनप्रतिनिधि द्वारा जिलाधिकारी, रामपुर एवं पुलिस अधीक्षक, रामपुर के साथ पारिजात उपवन का उद्घाटन कर वृक्षारोपण किया गया । साथ ही विकास भवन, रामपुर में मिशन शक्ति अभियान का सफल क्रियान्वयन, जनपद रामपुर के विकास कार्य एवं शान्ति/कानून व्यवस्था के सम्बन्ध में गोष्ठी कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे ।

## प्रशासनिक कार्यों को सराहा



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** जनपद के मा. प्रभारी मंत्री/राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सहकारिता विभाग श्री जेपीएस राठौर की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने जनपद में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देशित किया कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जनहित में संचालित प्रत्येक योजना का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, पोषण तथा अन्य मूलभूत आवश्यकताओं से जुड़ी योजनाओं का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराया जाए ताकि आमजन में जागरूकता बढ़े और कोई भी पात्र व्यक्ति योजना का लाभ लेने से वंचित न रहे।

उन्होंने दुग्ध विकास विभाग को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से दुग्ध समितियों के गठन को सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग को एक माह के भीतर सड़कों के सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत कार्य पूरा करने के साथ ही प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## शिक्षक संघ ने लेखाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने करने वाले शिक्षकों ने चयन वेतनमान लगवाने को लेकर लेखा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

मंगलवार को एक दर्जन से अधिक शिक्षक जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉक्टर राजवीर सिंह के नेतृत्व में एकत्र होकर लेखा अधिकारी कार्यालय पहुंचे, जहां पर उन्हें लेखा अधिकारी विकास खंडेलवाल को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में शिक्षकों ने कहा कि उन्होंने विभाग में रहते हुए 10 वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण लिए हुए कई महीने बीत गए। इस दौरान उन्होंने दो माह पूर्व 438 शिक्षकों की पत्रावली भी उपलब्ध करा दी हैं। लेकिन अभी तक चयन वेतनमान लागू नहीं किया गया है। जबकि नियमानुसार यह चयन वेतन मान जनवरी से मार्च के बीच लग जाना चाहिए था। उन्होंने लेखा अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर चयन वेतनमान लगवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में डॉक्टर राजवीर सिंह के अलावा जिलामंत्री अंजुम स्नेही, नजाकत अली आदि मौजूद

## टैबलेट वितरण का कार्यक्रम हुआ



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** दिनांक 30.09.2025 को राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रामपुर में टैबलेट वितरण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता सिंह सैनी, मा0 सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि टैबलेट वितरण का उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है इस योजना के तहत छात्राओं को डिजिटल उपकरणों से सुसज्जित करना है, ताकि वे अपनी शिक्षा को और अधिक प्रभावी एवं उन्नत बना सकें। यह टैबलेट उनके शैक्षणिक विकास में सहायक सिद्ध होंगे। प्रधानमंत्री का भी यही सपना है कि छात्राएं आगे बढ़ सकें जिससे उनका भविष्य उज्ज्वल हो सके और पुरुषों से कंधा से कंधा मिला कर चल सकें।

## 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** अभियुक्त मियां जान पुत्र असगर अली निवासी ग्राम खौदकला थाना स्वार जनपद रामपुर द्वारा इंस्टाग्राम आईडी समीर अंसारी से सोशल मीडिया पर ए0आई0 के जरिये माननीय मुख्यमन्त्री जी उ0प्र0 का आपत्तिजनक फोटो तैयार कर वायरल करने के सम्बन्ध में आज दिनांक 30.09. 2025 को थाना स्वार पर मु0अ0 सं0- 407/2025 धारा- 353(2) बीएनएस व 67 आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया ।

## कार्यशाला का आयोजन कर जागरुक किया



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश शासन के आदेश के क्रम में आज दिनांक- 30.09. 2025 को पुलिस अधीक्षक, रामपुर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी स्वार द्वारा थाना मिलकखानम क्षेत्रान्तर्गत विक्टोरिया रिसोर्ट में महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत कार्यशाला का आयोजन कर जागरुक किया गया । उक्त कार्यशाला में बालिकाओं/महिलाओं को महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया ।

## लाखों का माल चोरों ने किया साफ



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र के अजीतपुर में चोरों ने किया लाखों का माल साफ अजीतपुर निवासी अतुल रहमान अपने परिवार के साथ बाजपुर गए हुए थे रात्रि किसी समय चोरों ने उनके घर में घुसकर लाखों रुपए का माल साफ कर दिया पीड़ित का आरोप है कि घर में रखी 20 तोला चांदी 11 तोला सोना सहित 30 हजार रुपए नगद लेकर फरार हो गए पीड़ित ने बताया कि बाहर से गेट में लगा ताला भी टूटा हुआ मिला ताला टूटा देख कर मकान स्वामी के होश उड़ गए जब मकान स्वामी ने घर में जाकर देखा तो सारा सामान इधर-उधर पड़ा था मकान स्वामी ने थाना सिविल लाइंस में प्रार्थना पत्र दिया है और कार्रवाई की मांग की है थाना सिविल क्षेत्र में पुलिस भी लगातार पेट्रोलिंग करती रहती है उसके बाद भी चोरों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि चोर बेखौफ होकर घर में घुस जाते हैं और चोरी जैसी घटना को अंजाम दे देते हैं फिलहाल पुलिस चोरों की तलाश में है और जांच कर रही है

## अवैध कब्जे की नीयत से चलवाई जेसीबी



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** थाना सिविल लाइन क्षेत्र के अजीतपुर निवासी महबूब अली की जमीन पर अवैध कब्जे की नियत से गांव के ही कुछ लोगों ने सुबह जेसीबी चलवा दी पीड़ित का कहना है कि उसके दादा लाई जमीन है और खतौनी में हम चार भाइयों का नाम है आरोपी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं और कब्जे की नीयत से सुबह जेसीबी से जमीन की खुदाई कर दी जिसमें लगे लिप्टिस के पेड़ों की जड़ों को भी खुदवा दिया पीड़ित इससे पहले थाना सिविल लाइंस में आरोपियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दे चुका है और तहसील सदर से अधिकारियों की टीम भी निरीक्षण कर चुकी है अधिकारियों के निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने भी यह स्पष्ट कर दिया था कि यह जमीन पीड़ित की है और इस पर कोई भी अवैध कब्जा करने का प्रयास न करें उसके बाद भी आरोपियों के हौसले इतने बुलंद हो गई की पीड़ित महबूब अली की जमीन पर कब्जे की नीयत से उन्होंने बुलडोजर चलवा दिया पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइंस में प्रार्थना पत्र दिया है और कार्रवाई की मांग की है वहीं पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ एफ आई आर दर्ज कर ली है

## पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया



**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** सेवा पर्व 2025 के अन्तर्गत रामपुर रज़ा पुस्तकालय में ÷विकसित भारत÷ विषय पर एक पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ रज़ा पुस्तकालय के निदेशक डॉ0 पुष्कर मिश्र जी द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी कला के माध्यम से विकसित भारत की झलक प्रस्तुत की। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी कल्पनाशीलता के द्वारा भारत की प्रगति, संस्कृति एवं उज्जवल भविष्य का चित्रण किया। इस अवसर पर निदेशक महोदय ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएँ बच्चों और युवाओं में रचनात्मकता तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को प्रोत्साहित करती हैं। इस अवसर पर प्रतियोगिता में राजकीय रज़ा पी0जी0 कॉलेज, राजकीय महिला स्नात्कोत्तर महाविद्यालय, राजकीय जुल्फिकार इंटर कॉलेज, महार्षि विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज मनकरा, होली चाइल्ड इंटर कॉलेज किशनपुर रामपुर केन्द्रीय विद्यालय सी0आर0पी0एफ0 रामपुर, रामपुर नेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, रामपुर, सनवे स्कूल, रामपुर, ग्लोबल इंटरनेशनल स्कूल, खुर्शीद इंटर कॉलेज, रामपुर, बाकर इंटर कॉलेज, रामपुर के छात्र/छात्राओं ने प्रतिभागिता की।

# संक्षिप्त समाचार

## रामपुर के दढ़ियाल में युवक के साथ मारपीट

**दढ़ियाल।** रामपुर के नगर पंचायत दढ़ियाल निवासी सुमित कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि पांच सितंबर को रात करीब नौ बजे वह सुभाष चौहान के गोदाम पर ताला लगाकर घर लौट रहा था। तभी बीर नदी के पास धर्मकांटे के सामने नगर के ही सुमित पुत्र शिव अवतार, चरण सिंह पुत्र विक्रम और सचिन पुत्र चरण सिंह ने उसे बिना किसी कारण के रोक लिया। आरोपियों ने बेल्ट, डंडों और घूंसों से उसकी बेरहमी से पिटाई की और जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए अपमानित किया। उन्होंने धमकी दी कि तू अपनी औकात से बाहर हो रहा है आज तुझे सही कर देंगे।

## 02 अक्टूबर को मदिरा के बिक्री पर प्रतिबंध

**रामपुर।** इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला आबकारी अधिकारी श्री हिम्मत सिंह ने बताया कि 02 अक्टूबर (महात्मा गांधी जयन्ती) के अवसर पर आबकारी अनुज्ञापन की शर्तों तथा दुकानों की बंदी सम्बन्धी नियम के अन्तर्गत जनपद में स्थित समस्त आबकारी अनुज्ञापन देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडल शाप, बार अनुज्ञापन, एफएल-9, 9ए, एफएल-40, एमए-4, होम बार, रेडिको खेतान आसवनी एवं थोक अनुज्ञापनों (सीएल-2, एफएल-2, एफएल-2ए व एफएल-2बी) 02 अक्टूबर 2025 को बिक्री व परिवहन पूर्णतः प्रतिबन्धित की गई हैं।

## रास्ते के निर्माण को लेकर मुख्यमंत्री से की शिकायत

**मसवासी।** नगर के मोहल्ला भूबरा में कृषि भूमि में अवैध रूप की जा रही प्लाटिंग में बेस बनाकर मार्ग निर्माण को लेकर नगर पंचायत के वार्ड सभासद ने इस मामले में मुख्यमंत्री से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। नगर के मोहल्ला भूबरा में कृषि योग्य भूमि में अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही है इस प्लाटिंग में मात्र चार या पांच घर बने हुए है। इस भूमि में नगर पंचायत प्रशासन बेस बनकर 25 मीटर चौड़ा और डेढ़ सौ मीटर लंबा रास्ता बना रहा है जबकि नगर के अन्य स्थानों पर नालियां टूटी पड़ी हुई है और रास्ते भी खंडहर में तब्दील है नगर पंचायत प्रशासन टूटे हुए रास्ते और टूटी हुई नालियों को दुरुस्त बनाने को लेकर गंभीर नहीं है।

## सैफनी में युवक से धोखाधड़ी, जनरेटर लेकर भागा

**सैफनी।** नगर में एक युवक से धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। एक अज्ञात व्यक्ति किराए पर जनरेटर लेकर भागा और उसे वापस नहीं लौटाया। पीड़ित ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और मामले में कार्रवाई की मांग की है। सैफनी नगर के मोहल्ला अंसार मेडिकल के सामने रहने वाले शमीम अहमद की शाहबाद रोड पर टायर पंचर और जनरेटर किराए पर देने की दुकान है। शनिवार को शमीम का बेटा, मोहम्मद अयान, सुबह करीब 8 बजे दुकान पर बैठा था। तभी एक अज्ञात व्यक्ति अपनी सिल्वर रंग की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल से आया। उसने खुद को धर्मपुर कला का निवासी बताया और दुकान से किर्लोस्कर कंपनी का 7.5 केवी का जनरेटर किराए पर लिया। पीड़ित के अनुसार, जनरेटर ले जाने के बाद से वह व्यक्ति वापस नहीं आया है। जब उसके दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की गई, तो वह स्विच ऑफ मिला। इस घटना के बाद, शमीम अहमद ने सैफनी थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

## जय श्रीराम के नारों से गूंजा मैदान



**रामपुर।** मंगलवार की रात उत्सव पैलेस रामलीला ग्राउंड ने भक्ति, कला और संस्कृति का ऐसा अद्भुत संगम देखा, जिसने हर दर्शक को आत्मिक आनंद से भर दिया। मानो अयोध्या और वृंदावन की पावन छवि एक साथ रामपुर की धरती पर उतर आई हो। देर रात तक गूंजते भजन, ऊर्जावान संवाद और ÷जय श्रीराम÷ के उद्घोष ने माहौल को दिव्य और अविस्मरणीय बना दिया। दिन का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की अमर मित्रता पर आधारित मंचन से हुआ। जब द्वारकाधीश कृष्ण ने सुदामा के लाए चावलों को प्रेमपूर्वक ग्रहण कर महलों और आभूषणों का दान करना शुरू किया तो दर्शक भाव-विभोर हो उठे। रुक्मणि के समय रहते रोकने वाले प्रसंग पर तालियों की गड़गड़ाहट और आंसुओं से भीगी आंखें इस बात की गवाही दे रही थीं कि यह प्रसंग केवल मंच पर नहीं, दर्शकों के हृदयों में जीवंत हो उठा था। शाम ढलते ही पूरा मैदान दीपमालाओं और मंत्रोच्चार से जगमगाने लगा। रात्रि 8¬30 बजे वृंदावन से आए कलाकारों ने मंच संभाला और अंगद-रावण संवाद, लक्ष्मण शक्ति, कौशल्या-सुमित्रा संवाद तथा हनुमान जी की वापसी जैसे प्रसंगों का ऐसा सजीव मंचन प्रस्तुत किया कि हर दर्शक मंत्रमुग्ध रह गया। वातावरण ÷जय श्रीराम÷ के नारों और तालियों की गूंज से थर्रा उठा। कार्यक्रम के दौरान अमर सिंह, वीरेंद्र जोली और आलोक अग्रवाल को समिति द्वारा शॉल, पुष्पगुच्छ और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। समिति अध्यक्ष विष्णु शरण अग्रवाल की अगुवाई में शहर के गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भव्य बना दिया। रामपुर का यह आयोजन केवल रामकथा का मंचन नहीं रहा, बल्कि यह पूरे नगर का आध्यात्मिक उत्सव बन गया। इसमें भक्ति, आस्था और संस्कृति का ऐसा अद्भुत समागम हुआ जिसने हर दर्शक के हृदय पर अमिट छाप छोड़ दी। अब यह महोत्सव नगर की धार्मिक परंपरा से आगे बढ़कर उसकी सांस्कृतिक धरोहर और सामूहिक आस्था का प्रतीक बन चुका है

## सरकारी भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराया



**स्वार।** एक तरफ तो मुख्यमंत्री के आदेश पर सरकारी भूमि को कब्ज़ा मुक्त कराया जा रहा है। जबकि स्थानीय प्रशासन अतिक्रमण के प्रति लापरवाह बना है। कोतवाली से सटी पुरानी तहसील की बेशकीमती भूमि पर कच्चा निर्माण कराकर अतिक्रमण का करने का सिलसिला जारी है। जबकि प्रशासनिक अधिकारियों का कोतवाली में आना जाना भी लगा रहता है। लेकिन प्राशसनिक अधिकारियों को तसहसील की भूमि पर अतिक्रमण दिखाई नही देता। अतिक्रमण कर लिए जाने से भेड़ बकरियों की दुर्गंध उठती है। कोतवाली मे रहने वाले पुलिस कर्मियों दुर्गंध का सामना करना पड़ता है।

## सिंह सभा लहर धूमधाम के साथ मनाया जाएगा

**रामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में कल सिंह सभा लहर धूमधाम के साथ मनाया जाएगा गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह ने कहा बाहर से आए रागी जाते कीर्तनकार संगत को निहाल करेंगे दोपहर 2¬00 बजे तक दीवान चलेगा गुरु का अटूट लंगर की सेवा की जाएगी हजूरी रागी जटा पाई कुलदीप सिंह अमृतसर वाले कीर्तनकार संगत को निहाल करेंगे इसके अलावा दूसरा जत्था भाई कमलदीप सिंह कमलदीप सिंह भी कीर्तनकार संगत को निहाल करेंगे इसके अलावा ग्रंथि सुरजीत सिंह भी कीर्तन करेंगे सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुकी है आए हुए अतिथियों का सम्मान किया जाएगा इस मौके पर गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह सचिन सरदार मनमीत सिंह अवतार सिंह जसपाल सिंह अमरजोत सिंह कपूर । तीरथ सिंह सुरजीत सिंह ग्रंथी सुरजीत सिंह मनजीत कौर अमरजीत कौर बलविंदर कौर

## शिरोमणि दास, गेस्ट हाउस में संबोधित किया



**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर, प्रभारी मंत्री रामपुर जनपद, प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से मीडिया के सभी सम्मानित बंधुओ को रामपुर के संत शिरोमणि दास, गेस्ट हाउस में संबोधित करा। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जो जनता को अबकी बार दिवाली का उपहार दिया है, नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी लागू करके देश के 140 करोड़ जनता को लाभान्वित किया है। उन्होंने कहा, रोजमर्रा की खाद्य वस्तुओं के लिए जीएसटी अब सरकार ने अधिकांश खाद्य पदार्थों को 5% या शून्य टैक्स स्लैब के तहत लाकर खाद्य सामर्थ्य बढ़ाने का लक्ष्य रखा है, जैसा कि पराठा, परोटा और रोटी जैसी प्रमुख भारतीय ब्रेड को जीएसटी से छूट में देखा गया है।

P-09:28 paga09_jhn.qxd 9/30/2025 7:08 PM Page 1



# प्रभु श्री राम निकले माता सीता की खोज में खाए माता शबरी के झूठे बेर और प्रभु ने किया बाली वध



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** नवोदित रामलीला क्लब, गुरुग्राम गांव द्वारा आयोजित रामलीला मंचन में सोमवार को माता सीता हरण के बाद प्रभु श्री राम और लक्ष्मण माता सीता की खोज में किष्किंधा नगरी की ओर जाते हैं जहां वे माता शबरी के आश्रम में पहुंचते हैं जहां माता शबरी प्रभु का खूब आदर सत्कार करती हैं, प्रभु भक्ति में माता इतनी लीन हो जाती हैं कि उन्हें ये भी ज्ञात नहीं रहता कि वे प्रभु को अपने झूठे बेर खिलने लगती हैं और श्री राम भी उन बैरों को बड़े चाव से खाते हैं, बाद में श्री राम उनसे माता सीता के बारे में पूछते हैं तो वे उन्हें किष्किंधा नगरी का रास्ता बताती हैंइसके बाद श्री राम और लक्ष्मण किष्किंधा नगरी पहुंचते हैं जहां उनकी मुलाकात बजरंगबली से होती है जो उन्हें अपने मित्र सुग्रीव से मिलवाते हैं तथा उनकी मित्रता कराते हैं, हनुमान जी बताते हैं कि किस प्रकार किष्किंधा पर बालि ने अपना आधिपत्य जमाया हुआ है। प्रभु श्री राम सुग्रीव को वचन देते हैं कि वे बालि का वध करके अपना मित्र धर्म पूरा करेंगे। कहा जाए तो रामायण के ये सभी प्रसंग सभी को पता होते हैं लेकिन जो कलाकार अपनी कड़ी मेहनत से इन पात्रों को जीवंत कर देते हैं वह सबसे महत्वपूर्ण बाहै ऐसे ही माता शबरी के रोल को सौरभ भारद्वाज ने जीवंत किया। राम और लक्ष्मण के रोल में क्रमशः गोकुल और कन्नू ने सभी दर्शकों को भाव विभोर कर दिया, हनुमान का किरदार निभा रहे कृष्ण ने सभी का बहुत मनोरंजन किया, बालि वध और श्री राम तथा सुग्रीव की मित्रता के दृश्यों के समय तो दर्शक काफी भावुक नजर आए।

ज्ञात हो कि नवोदित रामलीला क्लब शहर के कुछ पुराने क्लबों में से एक है जो कि हर साल अपनी रामलीला मंचन में कुछ नए कलाकारों को मौका देते हैं और उनका उत्साह वर्धन करते हैं। इस अवसर पर क्लब के प्रधान सौरभ भारद्वाज ने कहा कि इस बार भी हमने कई नए कलाकारों को मौका दिया है और इस बार की रामलीला में कुछ नवीनतम बदलाव भी किए गए हैं जिस से इस बार का ये आयोजन बहुत ही खास हो गया है। यहां जितने भी मुख्य अतिथि आए हैं सभी ने दिल खोल कर इस बार के आयोजन की आत्मीय प्रशंसा की है। अन्य कलाकारों में सुग्रीव का रोल कर रहे मानू, बालि के किरदार में देवव्रत और अंगद का रोल कर रहे लोकेश ने भी अपनी प्रतिभा की छाप छोड़ी।आयोजन में अन्य पदाधिकारियों में सुशील भारद्वाज टुल्लर, महेंद्र भारद्वाज, उमेश भारद्वाज, विनीत भारद्वाज, राजेश भारद्वाज, नवदीप भारद्वाज, प्रदीप भारद्वाज, प्रवीण भारद्वाज आदि उपस्थित रहे।

# सोहना के लिए जो सबसे अच्छा ही करके जाऊंगा: आर एस बाठ

● नोडल अफसर आर एस बाठ ने श्री सनातन धर्म सभा द्वारा संचालित राम लीला मंचन का रिबन काटकर किया शुभारंभ।



**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** नोडल अफसर आर एस बाठ मंगलवार सोहना की पंजाबी धर्मशाला में श्री सनातन धर्म सभा राम मंदिर द्वारा संचालित रामलीला मंचन में पहुंचे। जहां आर एस बाठ द्वारा रिबन काटकर आज की रामलीला का शुभारंभ किया। जहां उन्होंने उपस्थित दर्शकों से कहा सोहना में जो अच्छा होगा उसे करके जाऊंगा। आज सोहना के लोग मेरे कार्य से संतुष्ट हैं। मेरी सोहना के बाजार पर नजर है।आप लोगों के सहयोग की प्रशंसा करता हूं सभी सोहना वासियों ने पूरा सहयोग किया। कुछ लोग होते हैं जो सही करने वाले को भी सही नहीं करने देते स्वयं भी सही नहीं करते । उन्हें अवश्य ठीक किया जाएगा। सरकार ने मुझे नोडल अफसर बनाया है तो सरकार की उम्मीदों पर खरा उतरना हर अधिकारी का दायित्व है जिसे मैने पूरा किया और आगे भी मेरा प्रयास रहेगा पूरा करना। उन्होंने कहा आप सभी युवाओं से अनुरोध रामलीला मंचन के कलाकारों से प्रेरणा ले और श्री राम लक्ष्मण जैसे भाइयों के प्यार और माता सीता जैसी मां से भी माताओं को प्रेरणा लेनी चाहिए। आज के युग में युवा पीढ़ी भटकती जा रही उन्हें रामायण, गीता,वेदों को पढ़ कर इतिहास जानने का प्रयास करें।इस अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा की ओर से व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी,पार्षद हरीश नंदा,सनातन धर्म सभा के प्रधान लवली जुनेजा,पप्पू पठान,विपिन रतडा,तिलक कुमार,उमेश कोकी,सतीश जुनेजा,ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# करीब 6 माह के अंदर दूसरी बार सड़क बनाए जाने से लोगों ने ली राहत की सांस



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** चिरंजीव अस्पताल से लेकर न्यू कालोनी गुरुद्वारा रोड पर स्थित नगर निगम की मेयर के निजी कार्यालय के निकट करीब 3 वर्षों से टूटी हुई सडक के एक टुकड़े को निगम चुनाव के बाद करीब 6 माह के अंदर दूसरी बार बनाया गया है। इसके बन जाने से जहां एक ओर लोगों ने राहत की सांस ली है, वहीं लोगों ने सवालिया निशान भी खड़े किए हैं कि पहले जो सडक बनाई गई थी, वह कुछ हफ्ते ही चली थी, अब देखना यह है कि यह सडक अब कितने हफ्ते चलती है। क्षेत्र के प्रबुद्ध लोगों का कहना है कि उक्त सडक मदनपुरी, ज्योति पार्क, कृष्णा कालोनी, न्यू कालोनी सहित करीब एक दर्जन कालोनियों के लिए कनेटिक्टविटी का काम करती है। जिला प्रशासन ने भी अक्टूबर माह में गुरुग्राम की सडकों को गड्ढामुक्त करने की घोषणा कही थी, अब देखना यह है कि प्रशासन अपनी घोषणा पर खरा उतरता है या फिर से लोगों को वहीं गड्ढे वाली सडकों पर चलना पड़ेगा। निगम प्रशासन के अधिकारियों व कर्मचारियों की भारी फौज है। सभी अधिकारी अच्छे शिक्षित व योजना बनाने में माहिर है। गौरतलब है कि नगर निगम चुनाव के समय न्यू कालोनी मोड स्थित मेयर के निजी कार्यालय के निकट सडक का एक छोटा सा टुकड़ा बनाया था। करीब 6 माह पूर्व बनाई गई यह सडक कुछ हफ्ते भी नहीं चल पाई थी और जनता के खून पसीने की कमाई पूरी तरह से पानी में बह गई। जो सडक न्यू कालोनी मेयर कार्यालय के आस-पास बनाई गई थी, वहां से पब्लिक हैल्थ कार्यालय के पास तक निगम ने मात्र 8-10 गड्ढे भरकर वाहवाही लूटने का प्रयास किया था।

# निशुल्क स्वास्थ्य व नेत्र जांच शिविर का किया आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** सामाजिक संस्था द पावर ऑफ ह्यूमन राइट्स फाउंडेशन द्वारा माता चंपा देवी की प्रथम पुण्यतिथि पर टारगेट लाइब्रेरी परिसर में निशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों ने अपने नेत्रों व स्वास्थ्य की जांच कराई। संस्था के चेयरमैन राजेश नेहरा व वाइस चेयरमैन नरेन्द्र बॉबी का कहना है कि चिकित्सा विशेषज्ञों ने शिविर में आए लोगों की न केवल स्वास्थ्य जांच की, अपितु उन्हें मौसमी बीमारियों से बचाव करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। आशुतोष पाण्डेय ने संस्था के प्रयासों की सराहन करते हुए कहा कि यदि प्रत्येक संस्था इस प्रकार के सामाजिक दायित्वों का ईमानदारी से निर्वाह करे तो एक अच्छे, प्रगतिशील व जागरूक समाज का निर्माण कर सकते हैं। प्रसाद का वितरण भी किया गया। शिविर में आए लोगों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर धर्मवीर बल्डोदिया, सतीश श्योराण, राम प्रकाश, अमरसिंह, ब्रह्म प्रकाश, केएल सारस्वत, चेतना शर्मा, ओम प्रकाश, पंडित वीरपाल, अनिल कुमार, गजेन्द्र, सोनिया, रेणु, विनोद श्योराण, प्रियांशु आदि मौजूद रहे।

# एएसआर फाउण्डेशन व आरएसएसए ने विश्व हृदय दिवस पर किया योग शिविर का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** एएसआर फाउण्डेशन व आरएसएसए ने सैक्टर 4 स्थित शिव पार्क में विश्व हृदय दिवस पर योग शिविर का आयोजन किया, जिसमें लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और डेली मॉर्निंग योगा क्लासेस में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ सामूहिक योगाभ्यास से हुआ। योग गुरु शालिनी भल्ला झाम्ब ने कहा कि दिल को दवा नहीं, ध्यान और प्राणायाम की जरूरत है। योग हमें केवल जीना ही नहीं, बल्कि सही धडकनों के साथ स्वस्थ जीवन जीना सिखाता है। उन्होंने सभी को संकल्प दिलाया कि प्रतिदिन थोड़े आसन, गहरी सांसें और शांत मन से हम अपने हृदय को सबसे सुंदर उपहार देंगे।

अध्यक्ष एमपी शर्मा का कहना है कि आज की तेज-तर्रार जीवनशैली में हृदय रोग और ब्रेन स्ट्रोक जैसी समस्याएँ अत्यधिक सामान्य होती जा रही हैं। असंतुलित दिनचर्या, अनुचित भोजन की आदतें तथा योग एवं शारीरिक गतिविधियों की कमी इसके मुख्य कारण हैं।

आइए, हम सभी योग एवं संतुलित जीवनशैली को अपनाकर विश्व हृदय दिवस को सार्थक बनाएं। शालिनी भल्ला झाम्ब ने स्वस्थ हृदय बनाए रखने हेतु महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

# टीवी पर राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी पर भड़के वर्धन यादव

● भाजपा का असली चेहरा उजागर



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष (ग्रामीण) वर्धन यादव ने भाजपा प्रवक्ता द्वारा टीवी कार्यक्रम में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा अब पूरी तरह बौखला चुकी है और यही कारण है कि उनके प्रवक्ता खुले मंच पर लोकतांत्रिक मयार्दाओं को ताक पर रखकर हिंसा और हत्या की भाषा बोल रहे हैं। वर्धन यादव ने कहा कि भाजपा का असली चरित्र देश के सामने है। जब कोई साधारण नागरिक प्रधानमंत्री की मां के बारे में अपशब्द कह देता है तो भाजपा पूरा आसमान सिर पर उठा लेती है, लेकिन जब उनके अपने प्रवक्ता लाइव कार्यक्रम में राहुल गांधी की हत्या की धमकी देते हैं तो एक भी नेता बोलने की हिम्मत नहीं करता। यह दोहरा चरित्र ही भाजपा की पहचान है और यही उसकी घटिया मानसिकता को उजागर करता है।

**भाजपा की विचारधारा पर सीधा वार**

कांग्रेस नेता ने भाजपा की विचारधारा को लोकतंत्र विरोधी बताते हुए कहा कि यह वही सोच है जिसने देश की आजादी के बाद सबसे पहले राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सीने में गोली मारकर सत्य और अहिंसा की हत्या की थी। भाजपा नेताओं ने कभी न देश का सम्मान किया और न ही देशवासियों की भावनाओं का। लोकतंत्र और संविधान पर उनका भरोसा कभी नहीं रहा। उन्होंने कहा कि आज भी भाजपा उसी रास्ते पर चल रही है। विपक्ष की आवाज दबाने, जनता को गुमराह करने और अपने राजनीतिक विरोधियों को डराने की उनकी आदत बन चुकी है। टीवी डिबेट में राहुल गांधी को मारने की धमकी उसी मानसिकता की कड़ी है।

**वोट चोरी का पदार्फाश और भाजपा की बौखलाहट**

वर्धन यादव ने कहा कि राहुल गांधी ने जब पूरे तथ्यों और सबूतों के साथ भाजपा की वोट चोरी और धांधलियों का पदार्फाश किया तो सच्चाई जनता के सामने आ गई। बिहार समेत कई राज्यों में जनता भाजपा की चालबाजियों को समझ चुकी है। यही कारण है कि अब भाजपा नेता बौखलाहट में गीदड़भभकियां दे रहे हैं। उन्होंने भाजपा नेताओं को सीधी चेतावनी देते हुए कहा "यह राहुल गांधी हैं, न तो सावरकर और न ही गोडसे। यह वही राहुल गांधी हैं जिनके परिवार ने देश के लिए सबसे बड़े बलिदान दिए हैं। जिस बच्चे ने 14 साल की उम्र में अपनी दादी का गोलियों से छलनी शरीर देखा हो और 21 साल की उम्र में अपने पिता के चिथड़े बिखरते देखे हों, वह इंसान इन बुजदिल गुण्डों की धमकियों से डरने वाला नहीं है।

**राहुल गांधी के साथ पूरा देश**

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने पर आमादा है। विपक्ष की आवाज दबाने के लिए सीबीआई, ईडी और आईटी जैसे संस्थानों का दुरुपयोग हो रहा है। लेकिन राहुल गांधी की अगुवाई में कांग्रेस का हर कार्यकर्ता लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए सडक से संसद तक लड़ाई लड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की गीदड़ भभकियां कांग्रेस को कभी नहीं डरा पाएंगी। राहुल गांधी अकेले नहीं हैं, पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जनता जान चुकी है कि भाजपा की सरकार महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और भ्रष्टाचार से ध्यान भटकाने के लिए हिंसा और धमकियों की राजनीति करती है। लेकिन अब लोग उनके जाल में फंसने वाले नहीं हैं।

**कांग्रेस का संकल्प**

वर्धन यादव ने कहा कि भाजपा चाहे जितने हथकंडे अपना ले, कांग्रेस उनके मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देगी। राहुल गांधी की आवाज आज देश की आवाज है और जनता लोकतंत्र की रक्षा के लिए कांग्रेस के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि भाजपा की धमकियों से हम डरने वाले नहीं हैं।

# स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान से गुरुग्राम में 9,000 से अधिक महिलाओं को लाभ

● एनीमिया रोकथाम, मातृ एवं किशोर स्वास्थ्य सुधार और जीवनशैली रोगों की जांच पर जोर



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** आयुष विभाग गुरुग्राम द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान बड़े उत्साह और जनसहभागिता के साथ संचालित किया जा रहा है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. मंजू कुमारी ने बताया कि यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण और जागरूकता को बढ़ावा देकर परिवार और समाज की समग्र स्वास्थ्य स्थिति को मजबूत करने के उद्देश्य से शुरू किया गया है।डॉ. मंजू कुमारी ने बताया कि अभियान के तहत एनीमिया की रोकथाम, मातृ एवं किशोर स्वास्थ्य सुधार, संतुलित आहार को प्रोत्साहन, और मधुमेह, थायरॉइड, मोटापा, उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों की जांच और परामर्श पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इसके साथ ही योग और प्राणायाम के माध्यम से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर भी जोर है। उन्होंने बताया कि अब तक जिले में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों, योग सत्रों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से 9,086 लाभार्थियों ने सेवाओं का लाभ उठाया है। इन कार्यक्रमों में महिलाओं और किशोरियों को संतुलित आहार, आयरन युक्त भोजन, मासिक धर्म स्वच्छता, मातृ स्वास्थ्य, एनीमिया नियंत्रण और पारंपरिक औषधियों के महत्व की जानकारी दी गई। आयुष संस्थानों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों में रक्तहीनता, थायरॉइड, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य जीवनशैली रोगों की जांच की जा रही है। डॉ. मंजू कुमारी ने बताया कि यह अभियान ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का स्वास्थ्य ही परिवार और समाज के स्वास्थ्य की आधारशिला है। यह अभियान 2 अक्टूबर 2025 तक जिले भर में जारी रहेगा, जिसमें स्वास्थ्य शिविर, योग सत्र और जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।

# गुरुग्राम यातायात पुलिस बनी हाईटैक, कैमरो से भी लेन चेंज के चालान



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों पर अब गुरुग्राम पुलिस सख्ती के मूड में दिखाई दे रही है। हाईटैक प्रणाली अपनाते हुए गुरुग्राम यातायात पुलिस अब कैमरों से भी लेन चेंज के चालान कर रही है। यातायात पुलिस गुरुग्राम द्वारा लेन-ड्राइविंग सुनिश्चित कराने के लिए गलत लेन में ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ स्पेशल अभियान चलाया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक जनवरी से 28 सितम्बर तक कुल 47 हजार 277 वाहन चालको के चालान किए गए इस दौरान ड्रोन की सहायता भी ली गई। 10 जुलाई से एनएच 48 और द्वारका एक्सप्रैस वे पर एनएचएआई द्वारा लगाए गए कैमरो के माध्यम से भी निरंतर निगरानी करके 19 जुलाई से 28 सितम्बर तक लेन-ड्राईविंग की अवहेलना करने वाले कुल 13030 वाहन चालकों के नियमानुसार चालान किए गए। वर्ष 2024 में लेन-ड्राईविंग की अवहेलना करने वाले कुल 61780 वाहन चालकों के नियमानुसार चालान किए गए थे। यातायात पुलिस गुरुग्राम का मुख्य उद्देश्य सडक दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाना है। जिसमें जागरूकता पाठशालाएं आयोजित करके ट्रक ड्राइवरों, कंपनियों कर्मचारियों/ड्राइवरों, प्राईवेट/स्कूल बस ड्राइवरों व ऑटो रिक्शा चालकों को निरंतर सुरक्षा रथ के माध्यम से यातायात नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। सड़क हादसों का एक मुख्य कारण गलत लेन में वाहन चलाना तथा अचानक लेन बदलना भी हैं, जिससे स्वयं तथा दूसरों की जान/माल को क्षति पहुँचती है। यातायात पुलिस गुरुग्राम आप सभी से अपील करती है कि आप सभी वाहन चालक लेन-ड्राइविंग की अनुपालना करें जिससे सभी सुरक्षित अपने-अपने गंतव्य तक सकुशल पहुँच सकेंगे। आपकी छोटी सी एक पहल किसी के जीवन के लिए बन जाएगें अनमोल पल।

# अनैतिकता, असत्य, अहंकार व दुराचार पर विजय का पर्व है विजय दशमी

● विजय दशमी की प्रासंगिकता आज भी है सार्थक

● कल मनाया जाएगा विजय दशमी का पर्व



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** अश्विन मास की शुक्ल पक्षीय दशमी तिथि को मनाया जाने वाला विजय दशमी पर्व देश के मुख्य पर्वों में से एक है। वाल्मीकि रामायण, रामचरितमानस, कालिका उप पुराण और अन्य धार्मिक ग्रंथों के अनुसार मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के साथ इस पर्व का गहरा संबंध है। यह पर्व कल यानि कि वीरवार को धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसकी सभी तैयारियों में विभिन्न संस्थाएं जुटी हुई हैं। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि भगवान श्रीराम ने अपनी विजय यात्रा इसी तिथि से आरंभ की थी। इसलिए विजय दशमी की प्रासंगिकता और अधिक बढ़ जाती है। भारतीय काल गणना के अनुसार इसका आरंभ आज से करीब 9 लाख वर्ष पूर्व सिद्ध होता है।

**अमानवीय दुगुर्णो पर है विजय का पर्व विजय दशमी**

ज्योतिषाचार्य पंडित डा. मनोज शर्मा का भी कहना है कि इस समय में ऐसे गृह नक्षत्रों का संयोग होता है, जिससे विजय यात्रा का श्रीगणेश करने पर विजय यात्री को जय की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि भगवान श्रीराम द्वारा रावण पर विजय देवी एवं मानवीय गुणों सत्य, नैतिकता तथा सदाचार की राक्षसी एवं अमानवीय दुगुर्णों पर विजय है। यह पर्व न्याय की जीत एवं नारी जाति के अपमानकताओं का संहारक है। उनका यह भी कहना है कि यह विजय यात्रा मात्र लंका या रावण पर की जाने वाली राजनैतिक विजय भर नहीं है, अपितु यह सनातन धर्म एवं मानवीय मूल्यों की संरक्षणात्मक पद्धति का शिलान्यास भी है। भगवान श्रीराम ने लंका विजय के बाद लंका पर स्वयं कभी आधिपत्य नहीं रखा। उन्होंने रावण का राज्य विभीषण एवं बाली का राज्य उनके भाई सुग्रीव को लौटा दिया था।

**बढ़ती जा रही है विजय दशमी की प्रासंगिकता**

डा. मनोज शर्मा का कहना है कि विजय दशमी की आधुनिक काल में भी प्रासंगिकता और अधिक बढ़ती जा रही है। क्योंकि वर्तमान में रावण, खरदूषण, बाली और कुंभकरण भी देखे जा सकते हैं। उनका कहना है कि आज न जाने कितनी सीताएं प्रतिदिन अग्नि की भेंट चढ़ रही हैं। जीवन मूल्यों, पशु-पक्षी, वन-उपवनों, पर्वत-सागर व आचार-विचार सभी पर खतरे मंडरा रहे हैं। आधुनिकता के दौर व बदलते परिवेश में इन सब खतरों पर विजय पाने की जरुरत है और इन्हीं अर्थों में विजय दशमी पर्व एक सार्थक पर्व है। सभी को प्रतिज्ञा करनी चाहिए कि समाज में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाने में सामूहिक योगदान देंगे।

**दशहरे पर बने हैं ये शुभ योग**

विजय दशमी को बेहद शुभ योग बन रहे हैं। इस दिन सर्वार्थ सिद्धि योग इस दिन आपके सभी कामों को सफल बनाएंगे। एक अक्तूबर, बुधवार को सायं 7 बजकर 2 मिनट पर दशमी का शुभारंभ होगा और 2 अक्तूबर गुरुवार सायं 7 बजकर 10 मिनट पर दशमी का समापन होगा। इसलिए विजयादशमी का पर्व 2 अक्तूबर को मनाया जाएगा। दोपहर 1 बजकर 56 मिनट से दोपहर 2 बजकर 44 मिनट तक विजय मुहूर्त रहेगा।

## समाचार

# भारत सेवाश्रम संघ द्वारा दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** शारदीय नवरात्र पर्व पर सेक्टर 92 न्यू गुरुग्राम मे पंच दिवसीय दुर्गा पूजा उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जा रहा है कयह उत्सव विजयदशमी पर्व के दिन रात्रि को संपन्न होगा, आयोजन मे प्रतिदिन रोजाना सांस्क्रतिक प्रस्तुतियों के साथ महामाइ का गुणगान और महा आरती की जायेगी कभारत सेवाश्रम संघ के प्रवक्ता राजीव मित्तल ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि हयातपुर सेक्टर 92 स्थित आश्रम मे रविवार को इस भव्य आयोजन की शुरूआत की गई कसंघ के प्रधान स्वामी आत्मज्ञानानंद, स्वामी अशेषानंद, स्वामी पांचजन्य जी महाराज के निर्देशन मे आयोजित दुर्गा पूजा के पंचदिवसीय इस भव्य आयोजन मे क्षेत्र के लोग भारी संख्या मे हिस्सा ले रहे है कआयोजन मे पश्चिम बंगाल से जुड़े बहुत सारे परिवार दुर्गा पूजा आयोजन को भव्य बनाने हेतु रात दिन लगे हुए है, सेक्टर 92 ही नही सम्पूर्ण न्यू गुडगाव माता रानी की भक्ति मे लीन हो गया है कआयोजन स्थल पर दोपहर और रात्रि मे भोग प्रसाद भंडारे की भी व्यवस्था की गई है कगत रात्रि आयोजन मे पूर्व पार्षद सुभाष सिंगला, शेर सिंह, दीपक जाँघु, रीनू गुप्ता भी परिवार सहित पहुंचे और माता रानी का गुणगान किया कआयोजन को भव्य और सुंदर बनाने हेतु सैकत वासु, अशिम भांजा चौधरी, इशिता दत्ता, मयूपिया सिंहा, कृष्ण पद मंडल, स्मारिता सरकार, कौशिकी घोष, सुदर्शन समान्ता, मौसिमी समान्ता, रुदरेंद्रु नारायण दत्ता, प्रोसेंजीत मुखर्जी, शोमीक चटर्जी, प्रद्युत सिन्हा आदि आयोजन व्यवस्था मे रात दिन एक किये हुए है।



# राम लीला कोई सांस्कृतिक आयोजन नहीं एक प्रेरणा है: मनोज राघव बजरंगी

**उत्तम भारत संवाददाता, सोहना।** श्री शानदार रामलीला क्लब द्वारा संचालित रामलीला मंचन में पहुंचे व्यापार मंडल संघ के प्रधान मनोज राघव बजरंगी ने कहा रामलीला कोई सांस्कृतिक आयोजन नहीं बल्कि एक प्रेरणा है। रामायण आधारित रामलीला कलाकारों द्वारा प्रेरणास्रोत है। कलाकारों द्वारा आयोजित रामलीला को पूर्णतया अपने अंदर आत्मसात करें।आज की युवा पीढ़ी जिस तरह रस्ते से भटक रही है जिसका कारण धार्मिक पुस्तकों का अध्ययन नहीं करना है। इसलिए आप सभी से अनुरोध अपने बच्चों में ऐसे संस्कार पैदा करें जिससे वो अपने ग्रंथों को जान सके। इससे पूर्व उनका रामलीला मंच पर पहुंचने पर पटका पहनाकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। श्री शानदार क्लब द्वारा हनुमान बगीची में आयोजित राम लीला मंचन में सोमवार को बाली वध दृश्य का मंचन हुआ। कलाकारों ने प्रभावशाली संवादों से जीवंत अभिनय किया। मंचन के दौरान जैसे ही भगवान श्री राम ने बाण चलाया। बाली का किरदार निभा रहे कलाकार ने अपने दमदार संवादों दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान जय श्री राम के जयकारे लगते रहे।



# आज उपासक करेंगे मां सिद्धिदात्री की उपासना

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** अंतिम नवरात्रे पर उपासक आज बुधवार को मां दुर्गा की 9वीं शक्ति सिद्धिदात्री देवी की पूरे विधि-विधान के अनुसार पूजा अर्चना करेंगे।। धार्मिक ग्रंथों में उल्लेख है कि मां सभी प्रकार की सिद्धियों को देने वाली हैं। अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्या, ईंशित्व और वशित्व - ये 8 सिद्धियां होती हैं। मां सिद्धिदात्री भक्तों को ये सभी सिद्धियां प्रदान करने में समर्थ हैं। देवी पुराण के अनुसार भगवान शिव ने इनकी कृपा से ही इन सिद्धियों को प्राप्त किया था, मां की अनुकम्पा से ही भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हो गया था। इसी कारण वे लोक में अर्धनारीश्वर के नाम से प्रसिद्ध हुए। मां सिद्धि दात्री 4 भुजाओं वाली हैं, इनका वाहन सिंह है, मां कमलपुष्प पर भी आसीन होती हैं। मां के दाहिनी हाथ में चक्र, ऊपर वाले हाथ में गदा तथा बांयी ओर के नीचे वाले हाथ में शंख और ऊपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। उपासकों को चाहिए कि वे मां की कृपा प्राप्त करने का निरंतर प्रयत्न करें। मां की उपासना करने से उनके सभी दुखों का अंत हो जाता है और वे सभी सुखों का भोग करते हुआ मोक्ष को प्राप्त होते हैं। मां की उपासना कर लेने के बाद भक्तों और साधकों की लौकिक और पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाओं की पूर्ति हो जाती है।

# कंजिकाओं को भोजन करा कुछ व्रतियों ने अष्टमी पर किया नवरात्रों का समापन

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** मां दुर्गा की अष्टमी का पर्व मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया, जिन व्रतियों ने मां दुर्गा के नवरात्रों के व्रत रखे हुए थे, उनमें से कुछ व्रतियों ने मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर कंजिकाओं को भोजन कराकर अपने व्रतों का समापन किया। कंजिकाओं की व्यवस्था करने में व्रति प्रातः से ही जुट गए थे। आवासीय क्षेत्रों में कंजिकाओं को भोजन कराने के लिए प्रातः से ही भागदौड़ शुरू हो गई थी। कंजिकाओं का आशीर्वाद लेकर व्रतियों ने उन्हें उपहार आदि भी भेंट किए। व्रति कंजिकाओं के लिए पिछले कई दिनों से उपहार खरीदने में व्यस्त थे। आधुनिकता व समय का अभाव कंजिकाओं को भोजनादि कराने में भी दिखाई दिया। आधुनिकता की इस दौड़ में व्रति भी दिखाई दिए। वे कंजिकाओं के लिए लंच बॉक्स आदि लाए और उनमें ही खाना पैक कर कंजिकाओं को भेंट किया। कुछ व्रतियों द्वारा इस प्रकार की औपचारिकता निभाने को धर्मप्रेमी सही नहीं मान रहे हैं।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 9/30/2025 8:22 PM Page 1



# तावडू में श्रद्धालुओं द्वारा आठवें स्वरूप मां महागौरी की अराधना कर कन्या पूजन किया



**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू, ( मैहंदीरत्ता )।** शारदीय नवरात्रों के नौ दिनों में मां भगवती की अराधना श्रद्धापूर्वक पूजा अर्चना श्रद्धालुओं द्वारा की जा रही है। मंगलवार को श्रद्धालुओं द्वारा आठवें स्वरूप मां महागौरी की अराधना की गई। मां महागौरी को शिव की अर्धांगनी और भगवान गणेश की माता के रूप में जाना जाता है। पूरा शहर माता के जयकारों से मातामयी बना हुआ था। वहीं श्रद्धालुओं को कन्या पूजन के लिए काफ ी इंतजार करना पडा और कन्याओं को आवाज लगाते हुए कह रहे थे पहले मेरे घर तो दूसरा कहता मेरे घर। इस कारण श्रद्धालूओं को भी याद आया कि सरकार द्वारा चलाए गए बेटी बचाओ-बेटी पढाओं अभियान से उन्हें सीख लेनी चाहिए। वहीं गुरूवार रात वैष्णों माता मंदिर की गुफा के दर्शनों के लिए भारी भीड़ लगी रही। उल्लेखनीय है कि मां भगवती महागौरी वृषभ के पीठ पर विराजमान है, जिनके मस्तक पर चंद्र का मुकुट है। मणिकान्तिमणी के समान कान्ति वाली अपनी चार भुजाओं में शंख, चक्र, धनुष और बाण धारण किए हुए है। जिनके कानों में रत्नजडित कुण्डल झिलमिलाते हैं, ऐसी भगवती महागौरी हैं। आज के दिन अन्नकू ट पूजा यानी कन्या पूजन का विधान है। कुछ लोग अष्टमी के दिन भी कन्या पूजन करते हैं, लेकिन अष्टमी के दिन कन्या पूजन करना क्षेष्ठ रहता है। इस पूजन में 9 कन्याओं को भोजन कराया जाता है, अगर 9 कन्याएं न मिलें तो दो से भी काम चल जाता है। भोजन कराने के बाद कन्याओं को दक्षिणा देनी चाहिए। इस प्रकार महामाया भगवती प्रसन्नता से हमारे मनोरथ पूर्ण करती हैं।

# तावडू में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत किया गया रक्तदान



**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस ने सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत सीएचसी तावडू में रक्तदान शिविर का आयोजन किया । इस शिविर में कुल 21 यूनिट रक्त एकत्रित कर पुलिसकर्मियों ने समाज को मानवता का संदेश दिया। कार्यक्रम में डीएसपी अभिमन्यु लोहान ने रक्तदाताओं को बैज एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए कहा कि रक्तदान ऐसा महादान है, जिससे न केवल जीवन बचता है, बल्कि समाज में भाईचारे और सेवा की भावना भी बढ़ती है। रक्तदान करते हुए किसी भी अनजान की जिंदगी बचाने का मौका मिलता है। इस अवसर पर डीएसपी तावडू सहित तावडू सब डिवीजन के अन्य पुलिसकर्मियों ने भी रक्तदान कर मिशन में अपना योगदान दिया और जवानों ने स्वेच्छा से रक्त देकर सेवा और समर्पण की मिसाल पेश की। जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश सिंह मलिक रैडक्रॉस सोसाइटी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर व्यक्ति जिसकी उम्र 18 वर्ष हो, उसका वजन 45 किलो से अधिक एवं उसका हीमोग्लोबिन 12.5 ग्राम हो तथा वह नियमित तौर पर दवाई न खाता हो वह पुरुष 90 दिनों के अंतराल तथा महिला 120 दिनों के बाद पुनः रक्तदान कर सकते हैं । जिला प्रशिक्षण अधिकारी महेश सिंह मलिक ने बताया कि इस शिविर को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य आपात स्थिति में किसी भी जरूरतमंद को रक्त के अभाव में भटकना न पड़े है।

# तावडू स्कूल के विद्यार्थियों को एक्सपोजर विजिट का भ्रमण करा स्वच्छता के प्रति किया जागरूक




**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** नगर पालिका तावडू द्वारा मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों में स्वच्छता और ठोस कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से मंगलवार एक विशेष स्कूल एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बच्चों को सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्रोसेसिंग सुविधाएं और कम्पोस्ट पिट्स का अवलोकन कराया गया।

विजिट के दौरान नगर पालिका तावडू के सचिव मोहित हुड्डा ने बच्चों को विस्तृत रूप से इस एक्सपोजर विजिट के उद्देश्य और महत्व के बारे में बताया। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार गीले और सूखे कचरे को अलग करके उसका वैज्ञानिक प्रबंधन किया जाता है और कम्पोस्ट पिट्स के माध्यम से जैविक कचरे से खाद तैयार की जाती है। सचिव ने इस प्रक्रिया में बच्चों की जागरूकता और भागीदारी को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम में स्कूल प्रवक्ता अजेन्दर सिंह, नमन और विकास आनंद, श्रवण कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता के महत्व, कचरे के वैज्ञानिक निपटान और जिम्मेदार नागरिक बनने के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बच्चों ने उत्साहपूर्वक सभी प्रक्रियाओं का अवलोकन किया और स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बच्चों ने यह जाना कि सही कचरा प्रबंधन न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि यह समाज को स्वच्छ और स्वस्थ बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। नगर पालिका के अधिकारियों ने बच्चों को प्रेरित किया कि वे अपने घरों, स्कूल और मोहल्लों में भी स्वच्छता का संदेश फैलाएं और इसे अपनी आदत का हिस्सा बनाएं। इस एक्सपोजर विजिट के माध्यम से नगर पालिका ने यह सुनिश्चित किया कि आने वाली पीढ़ी स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनें।

# बीपीटीपी पर बिजली बिल में धांधली का आरोप, एसई से मिला आरडब्ल्यूए प्रतिनिधिमंडल

● बीपीटीपी द्वारा बिजली बिल की आड़ में की जा रही अवैध वसूली पर कार्रवाई की मांग



**उत्तम भारत संवाददाता फरीदाबाद।** आरडब्ल्यूए सेक्टर-76 बीपीटीपी ग्रेटर फरीदाबाद के प्रधान विनोद नागर के मार्गदर्शन में मंगलवार को एक प्रतिनिधिमंडल बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता जितेंद्र ढुल से मिला। प्रधान विनोद नागर ने अधीक्षण अभियंता को बताया कि बीपीटीपी कंपनी उपभोक्ता ग्रीवेंस रेडरेसल फोरम, हरियाणा बिजली रेगुलेटरी कमिशन पंचकुला एवं बिजली विभाग के आदेशों की अनदेखी करके बिजली बिल वसूली में धांधली कर रहा है।

ज्ञात रहे कि बीपीटीपी अपनी लाइसेंस कॉलोनी में अपने मीटर से बिजली सप्लाई रहा है। नियमानुसार बीपीटीपी को बिजली के बिल में कॉमन एरिया बिजली शुल्क शामिल नहीं करने चाहिए जबकि बीपीटीपी कॉमन एरिया बिजली शुल्क शामिल करके भेज रहा है। यही नहीं बीपीटीपी उपभोक्ताओं से अलग अलग राशि का कॉमन एरिया बिजली शुल्क वसूल कर रहा है, जो कि सभी उपभोक्ताओं की समझ से परे हैं। प्रधान विनोद नागर ने बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता से शिकायत की है कि बिजली बिल में किसी भी तरह की धांधली को रोकने की जिम्मेदारी बिजली विभाग के संबंधित एसडीओ की है, जो कि बीपीटीपी कंपनी से मिला हुआ है। प्रधान ने अधीक्षण अभियंता से मांग की है कि बीपीटीपी की गैरकानूनी तरीके से की जा रही वसूली के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएं और जिनसे भी अवैध वसूली की गई है, उनकी राशि ब्याज सहित वापस करवाई जाएं।

आरडब्ल्यूए की शिकायत पर अधीक्षण अभियंता जितेंद्र ढुल ने एसडीओ बीपीटीपी को आदेश दिया है कि सात दिन के अंदर पूरी रिपोर्ट बनाकर सौंपी जाएं। इसके अलावा अधीक्षण अभियंता ने यह भी कहा कि वे खुद मौका मुआयना करके यह सुनिश्चित करेंगे कि जल्द से जल्द सेक्टर को मल्टीपल कनेक्शन जारी किया जाएं, ताकि बीपीटीपी की लूटखसोट से स्थायी तौर पर निजात मिल सकें। इस प्रतिनिधिमंडल में सतीश चौहान, के सिंह, रामेश्वर भक्ता, आरडब्ल्यूए उपाध्यक्ष सरदानंद नागर, उपाध्यक्ष रणबीर डागर, शमशेर कादियान, तेजवीर, राजवीर सोलंकी, आलोक चौहान, दलबीर पोसवाल, पवन नागर, डीके त्यागी, संजय बंसल, सतपाल फागना, मुंदराज रावत, संरक्षक खड़क सिंह, अजय चंदीला, महासचिव अशोक गौतम इत्यादि मौजूद थे।

# सामाजिक संस्थाएं स्वच्छता पखवाड़ा में ले रही बढ़चढ़ कर भाग : धीरेंद्र खड़गटा निगमायुक्त



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** हरियाणा के सभी शहर को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चलाए जा रहे हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान तथा सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के दिशा निर्देशों पर निगम विभाग लोगों को जागरूक करने का काम कर रहा है उसी का परिणाम है कि सामाजिक संस्थाएं आगे आ रही हैं और स्वच्छता का संदेश विभिन्न प्रकारों से समाज को जागरूक करके दे रही हैं। बता दे कि कुछ संस्थाओं ने कपड़े के बैग वितरण अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को प्लास्टिक मुक्त जीवनशैली अपनाने एवं सस्टेनेबल (टिकाऊ) विकल्पों की ओर प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर S.O.R.T. Foundation (Swaran Lata Motherson Trust की CSR पहल) द्वारा Indian Pollution Control Association के सहयोग से एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया, जिसमें स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश प्रभावशाली रूप से दिए गए। नाटक में निम्न विषयों पर जागरूकता संदेश दिए गए। कचरे का पृथक्करण गीला एवं सूखा,सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करना,स्वच्छ एवं हरित भविष्य का निर्माण, कपड़े के बैग का उपयोग और घर-घर में कचरे का पृथक्करण जैसे छोटे-छोटे कदम प्रदूषण को कम करने और फरीदाबाद को स्वच्छ बनाए रखने में बड़ी भूमिका निभाते हैं। निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने स्वच्छता अभियान के लिए अपना समय और लोगों को जागरूक करने के लिए कार्य करने वाली संस्थाओं एनजीओ को बधाई दी है।

# एडीसी सतबीर मान और डीसीपी मकसूद अहमद ने ग्रामीणों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत समस्याएं सुनी



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, सुमित गोयल।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार जिला प्रशासन फरीदाबाद की ओर से सोमवार की सायं गांव नेकपुर में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान तथा पुलिस उपायुक्त मकसूद अहमद ने ग्रामीणों के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों की सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

कार्यक्रम में एसडीएम बड़खल त्रिलोक चंद, ग्राम सरपंच शेखर, विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। एडीसी सतबीर मान ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार रात्रि ठहराव कार्यक्रम का उद्देश्य प्रशासन एवं जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों द्वारा प्रस्तुत की गई मांगों एवं समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि वे गांव के समग्र विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

उन्होंने कहा कि नेकपुर गांव का नशा मुक्त होना सराहनीय है और इस जागरूकता को बनाए रखना आवश्यक है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि यदि कहीं भी नशे का व्यापार करने वाले व्यक्तियों की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन या पुलिस को 9050891508 पर अथवा 1933 पर या NCB MANAS portal पर नशे के विरुद्ध गुप्त सूचनाएं देकर सूचित करें, ताकि समय रहते कठोर कार्रवाई की जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से प्रदेश में लिंगानुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है और सभी ग्रामीण इस अभियान को और सफल बनाने में सहयोग करें। डीसीपी मकसूद अहमद ने कहा कि पुलिस नागरिकों की सुरक्षा और सहायता के लिए हर समय तत्पर है। उन्होंने ग्रामीणों को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, सड़क सुरक्षा और आपातकालीन नंबर 112 के महत्व के बारे में जागरूक किया। साथ ही अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को साइबर अपराधों से सतर्क रखें। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता का सहयोग ही सुरक्षित और सशक्त समाज की आधारशिला है।

# पाँव छूने से मेरे न हरगिज मुक्ति पायेगा, पाँव छू ले श्री राम के जो चाहेगा मिल जायेगा



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, नवीन शाह।** श्री धार्मिक लीला कमेटी 5 नम्बर एम ब्लॉक एन आई टी फरीदाबाद के निर्देशक हरीश चन्द्र आजाद ने बताया कि कल रात हमारी रामलीला में सबसे पहले दृश्य में हनुमान लंका से माता सीता की खोज करके आते हैं और प्रभूराम अंगद को शांति दूत बनाकर लंका भेजते हैं, फिर अंगद और रावण में तीखे संवाद होते हैं, उसके बाद मेघनाथ व लक्ष्मण में युद्व होता है तथा लक्ष्मण मूर्छित हो जाते है अंत में हनुमान और कालनेमी में युद्व होता है।

निर्देशक हरीश आजाद ने बताया कि कल प्रथम दृश्य में हनुमान लंका से वापिस आते हैं और श्रीराम को माता सीता से मुलाकात का वृतांत बताते है उसके बाद सुग्रीव के कहने से राम अंगद को शांति दूत बनाकर लंका भेजते हैं।

अगले दृश्य में अंगद और रावण के तीखे संवाद होते हैं जहाँ अंगद का किरदार निभा रहे हार्दिक बत्तरा ने सम्पूर्ण अभिनय दिखाते हुए दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरी वहीं अंगद का पाँव उठाते समय निकुम्भ का रोल कर रहे मनीष रोहिला, मंघनाथ का किरदार निभा रहे राजू खरबंदा व कुम्भकरण का अभिनय कर रहे दीपक नागपाल ने अपनी-अपनी कला का लौहा दर्शकों की वाहवाही लूटकर मनाया। रावण के किरदार में दमदार अभिनय करते हुए तेजिन्द्र खरबंदा ने जोरदार अभिनय पेश किया। जब रावण स्वंय अंगद का पाँव उठाने लगते हैं तो अंगद का संवाद पाँव छुने से मेरे न हरगिज मुक्ति पायेगा, पाँव छु ले श्रीराम के जो चाहेगा मिल जायेगा दर्शकों को तालियाँ बजाने पर मजबूर कर देता है।

अगले दृश्य में मेघनाथ व लक्ष्मण में भयंकर युद्व होता है जहाँ मेघनाथ घबराकर लक्ष्मण पर शक्ति बाण चलाकर उसे मूर्छित कर देता है लक्ष्मण को मूर्छित देशकर राम बहुत भावुक हो जाते हैं तथा बिलख-बिलख कर रोते हैं

# हम सभी को भगवान श्रीराम के आर्दशों पर चलना है: महापौर प्रवीण जोशी

● अखिल भारतीय लैय्या बिरादरी एवं पंजाबी समाज ने निकाली डन्डोत परिक्रमा



**उत्तम भारत संवाददाता फरीदाबाद।** श्री महावीर दल दशहरा कमेटी (रजि.) अखिल भारतीय लैय्या बिरादरी एवं पंजाबी समाज द्वारा श्रीराम हनुमान मंदिर, लैय्या बिरादरी ओल्ड फरीदाबाद से डन्डोत परिक्रमा का आयोजन किया गया। इस डन्डोत परिक्रमा में महापौर प्रवीण जोशी, पार्षद शैफाली सिंगला, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंगला, संजीव सलूजा, प्रधान धर्म बरेजा, सरपरस्त ओमप्रकाश नारंग, महासचिव राज मिगलानी, पार्षद सचिन शर्मा, पार्षद कुलदीप साहनी, यश बब्बर, पप्पू नागपाल, महेन्द्र वर्मा, अश्वनी सेठी, तिलक अरोड़ा, वाईआर खेड़ा, टोनी पहलवान ने फीता काटकर इस परिक्रमा का शुभांरभ किया। इस अवसर पर महापौर प्रवीण जोशी ने सभी को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कहा कि लैय्या बिरादरी धाार्मिक संस्कृति को बचाने का एक उदाहरणा है जो पिछले 76 वर्षो से लगातार दशहरा पर्व पर आयोजन कर रहा है जिसकी जितनी भी तारीफ की जाए वो कम है। हम सभी को भगवान श्रीराम के आर्दशों पर चलना है। इस अवसर पर अजय गौड ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से लोगों में श्रृद्वा व भाईचारा बढता है। हमारे देश की संस्कृति ही है जो सभी को जोड़े हुए है। धर्म बरेजा,राज मिगलानी ने कहा कि वे पिछले 76 वर्षो से इस डन्डोत परिक्रमा का आयोजन करते आ रहे है। उन्होनें कहा कि इस डन्डोत परिक्रमा में शहर के भक्त पूरी तैयारी से भाग लेते है। डन्डोत परिक्रमा ओल्ड फरीदाबाद मार्किट के विभिन्न इलाकों से होते हुए वहां लोगों से आशीर्वाद प्राप्त करते हुए वापिस श्रीराम मंदिर पहुंचती है। उन्होनें कहा कि भारत रंग बिरंगे त्यौहारों का देश है और इस देश की खासियत यह है कि यहां सभी जातियों व धर्मो के लोग एक दूसरे का त्यौहार भी मिलजुलकर मनाते है।

# डीएवी शताब्दी महाविद्यालय, फरीदाबाद में विश्व हृदय दिवस का आयोजन




**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** डीएवी शताब्दी महाविद्यालय, फरीदाबाद की यूथ रेड क्रॉस इकाई द्वारा विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में हृदय सुरक्षा जागरूकता एवं कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन 29 सितम्बर 2025 को किया गया।इस अवसर पर श्री दर्शन भाटिया, प्रमाणित सीपीआर प्रशिक्षण प्रशिक्षक एवं प्रेरक वक्ता, ने छात्रों को जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक एवं संवादात्मक प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देने के लिए आवश्यक कौशलों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में 60 से अधिक उत्साही फ्ठ स्वयंसेवकों ने भाग लेकर सक्रिय रूप से सीपीआर का अभ्यास किया।इस आयोजन का संचालन डॉ. नरेंद्र कुमार, कार्यवाहक प्राचार्य के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों एवं समाज में हृदय स्वास्थ्य और आपातकालीन सहायता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी हैं। कार्यक्रम का सफल समन्वयन सुश्री ओमिता जौहर (परामर्शदाता, वाईआरसी गर्ल्स यूनिट) और डॉ. अमित शर्मा (परामर्शदाता, वाईआरसी बॉयज यूनिट) द्वारा किया गया।

# पूर्व मुख्यमंत्री को नेता प्रतिपक्ष बनने पर दी बधाई



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुडा को फिर से नेता प्रतिपक्ष बनने पर बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से काँग्रेस पार्टी से चुनाव लड़ चुकी पराग शर्मा अपने साथियों के साथ दिल्ली निवास पर मुलाकात करने पहुंची और उनको शुभकामनाएँ दी।

इस मौके पर चौधरी भूपेन्द्र हुडा ने भी पराग शर्मा को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्री हुडा ने कहा कि पराग शर्मा एक मेहनती एवं जुझारू युवा महिला हैं। उन्होंने अथक परिश्रम एवं मेहनत से बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। हम उम्मीद जताते हैं वो अपनी मेहनत इसी प्रकार जारी रखेंगी और आने वाले समय मे विधायक बने।

इस मौके पर पराग शर्मा ने चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुडा के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीघार्यु की कामना की और कहा कि वह काँग्रेस पार्टी की रीढ़ की हड्डी हैं। वो मजबूत रहेंगे तो पार्टी मजबूत रहेगी। पार्टी हईकमान ने एक बार फिर से उनको नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी दी है, जिसे वह बखूबी निभाते हैं। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में पार्टी को मजबूती मिलेगी।

## समाचार

# खेलने-पढ़ने की उम्र में खो जाता है बाल श्रमिकों का बचपन

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर व क्षेत्र में बचपन काम के बोझ तले पिस रहा है। बाल मजदूरी पर पाबंदी के बावजूद कई दुकान, होटल, मोटर पार्टस शॉप और मशीनरी वर्क की दुकानों पर बच्चों के सहारे कार्य कराए जा रहे हैं। इसलिए बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। श्रम एवं बचपन बचाने के लिए गठित संस्थाएं इस दिशा में कोई सकारात्मक पहल नहीं कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि प्रशासन इन बच्चों पर कोई ध्यान नहीं दे पा रहा। जोकि शहर व क्षेत्र के होटल, ढाबा, किराना दुकान, जूस दुकानें, ऑटो पाट्र्स की दुकानों पर बच्चों से काम कराया जा रहा है। पढ़ने-लिखने की उम्र में बच्चों के हाथों में कलम और किताबें होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में उनके हाथों मोटरपाट्र्स के सामान और मशीनों पर चल रहे हैं। जिससे उनके भविष्य को बिगाड़ जा रहा है। दुकानों पर मजदूरी करने वाले इन बच्चों का स्थानीय दुकानदारों एवं व्यापारियों द्वारा आर्थिक शोषण भी किया जाता है। घर-गृहस्थी में खर्च की जरूरत होने से यह बच्चे मजबूरी में भी कम मेहनताने में काम करने को तैयार हैं। कई बाल श्रमिक थकान और फेफडे तथा सांस संबंधी रोग के भी शिकार हो जाते है। उचित मार्गदर्शन और देखभाल के अभाव में अधिकतर बाल श्रमिक नशे के भी आदी हो जाते हैं। कम उम्र में ही शराब, सिगरेट और स्मैक पीने की उन्हें लत लग जाती है। दुकान पर बाल श्रमिक पकड़े जाने पर दुकानदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का कानून है। लेकिन कम खर्च अधिक श्रम मिलने की वजह से दुकानदार इस कानून की परवाह नहीं करते हैं।

# तावडू में पुलिस अधीक्षक ने मंगलवार को शहर थाना का औचक निरीक्षण किया

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने मंगलवार को शहर थाना का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर कक्ष, ऑफिस और कार्यालय का बारीकी से निरीक्षण किया। एसपी ने सभी रजिस्टरों और दस्तावेजों की जांच की और थाना प्रभारी के साथ एक विशेष बैठक की। बैठक में अन्य पुलिस कर्मचारी और अधिकारी भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों को लेकर एसपी राजेश कुमार ने थाना प्रभारी और



कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कमियों को तत्काल सुधारने के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए। ताकि थाना संचालन में और अधिक पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित हो सके। विशेष रूप से एसपी ने शहर में यातायात सुविधा और व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर जरूरी निर्देश और आगामी धार्मिक उत्सवों पर विशेष निगरानी करने पर भी बल दिया। जिला पुलिस प्रशासन समय-समय पर जिले के सभी थानों का औचक निरीक्षण करता रहता है। इसी कड़ी में एसपी राजेश कुमार शहर थाना पहुंचे थे। निरीक्षण का उद्देश्य थाना कार्यप्रणाली को और बेहतर बनाना और कानून व्यवस्था को मजबूत करना है।

# तावडू महाविद्यालय की छात्रा राखी ने जूडों में द्वितीय स्थान किया हांसिल, लोगों में खुशी

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** उपमंडल के गांव बावला में स्थित हरद्वारी लाल गोयल राजकीय महाविद्यालय में विज्ञान संकाय द्वितीय वर्ष



की छात्रा गांव सूंध की बेटी राखी ने जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता जो कि हरियाणा के झज्जर जिले में आयोजित सातवीं जूजीतसू चैंपियनशिप में द्वितीय में स्थान एवं खेल महाकुंभ जूडो में पंचकूला में आयोजित खेल प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह जानकारी महाविद्यालय के प्रिंसिपल ऋषि कुमार जून ने दी और बताया कि उक्त छात्रा ने महाविद्यालय सहित, क्षेत्र व अपने माता-पिता का नाम रोशन कियाा है। उन्होंने छात्रा राखी के उज्ज्वल भविष्य की कामनां की है। वहीं महाविद्यालय के प्रोफेसरों ने राखी को बधाई दी और परिवार के साथ-साथ गांव का नाम इस प्रतियोगिता के माध्यम से रोशन करने पर बधाई दी।

# दुर्गा अष्टमी पर 108 कलश के साथ भव्य शोभायात्रा, पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगर में दुर्गा अष्टमी के अवसर पर परंपरागत रूप से इस वर्ष भी भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंगलवार को बाजारगंज स्थित बालाजी दरबार से 108 कलश के साथ माता वैष्णो देवी की पालकी यात्रा का शुभारंभ हुआ। श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। धार्मिक नारों की गूंज से पूरा नगर भक्तिमय माहौल में डूबा रहा।





शोभायात्रा प्रारंभ होने से पूर्व बालाजी दरबार में माता दुर्गा के समक्ष विधिविधान से यज्ञ हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद देवियों को भोज कराने के उपरांत 108 कलश यात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह ने पूजा-अर्चना के बाद वैष्णो देवी की पालकी उठाकर किया। पालकी के साथ महंत मनीष शर्मा और अन्य श्रद्धालु माता की जयकारे लगाते हुए भजन-कीर्तन करते चले ।शोभायात्रा में सबसे आगे दुर्गा के नौ स्वरूप दशार्ती झांकियां रहीं। इनके पीछे पीले वस्त्रों में महिलाएं नंगे पांव सिर पर कलश धारण कर माता के भजनों के गुणगान करती चल रही थीं। शोभायात्रा में शिव-पार्वती, हनुमान, राधा-कृष्ण, भारत माता, राम-सीता समेत दर्जनों आकर्षक झांकियां और बैंड-बाजे श्रद्धालुओं का ध्यान खींचते रहे। शोभायात्रा के दौरान नगर की महिलाएं पालकी पर पुष्पवर्षा करतीं और माता की जयकारे लगाती रहीं। यात्रा बालाजी दरबार से शुरू होकर नगर के निर्धारित मार्गों से होती हुई पुनः बालाजी दरबार पहुंची, जहां माता की आरती और प्रसाद वितरण किया गया। वही कोतवाली प्रभारी संजय पांचाल के नेतृत्व में शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस के जवान नगर के चप्पे-चप्पे पर तैनात रहे। इस मौके पर शोभायात्रा की संयोजक मनीषा शर्मा, मोहित शर्मा, विपिन जिंदल, पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संजीव सिंगल, अभिषेक ओझा, शक्ति शर्मा, सतीश रोहिला, राहुल कुमार, संजीव चौहान, अनुराग सिंगल, मोहित सिंहल, पवन पुष्पद, आशुतोष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवालियां निशान लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने पुलिस के खिलाफ हाय हाय के नारे भी लगाए। शोभायात्रा के दौरान एक बाइक सवार ने एक श्रद्धालु के टक्कर मार दी। जिसमें वह घायल हो गया। पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था में चूक के कारण तेज रफतार बाइक ने टक्कर मार दी। इससे साफ जाहिर है कि पुलिस की लापरवाही रही है।

## आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी अपनाओ कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल की बैठक बीएस इंटर कॉलेज, रामू वाला गणेश में आयोजित की गई। बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा जिला मुरादाबाद के मंत्री भानु प्रताप सिंह ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी राष्ट्रीय स्तर पर आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी अपनाओ कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जनता को स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने और देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का संदेश देंगे। उन्होंने सभी कार्यकताओं से लगन और निष्ठा के साथ इस कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के लिए नगर मंडल महामंत्री दिनेश कुमार प्रजापति को संयोजक, प्रदीप कुमार पाल को सह-संयोजक तथा मंडल महिला मोर्चा अध्यक्ष रूपेश रानी चौहान को सह-संयोजक नियुक्त किया गया बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि ने की। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार चौहान, पवन पुष्पद, जितेंद्र सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, गुलाम साबिर, इकराम कुरैशी, भारत सिंह, नागेंद्र लांबा, धर्मेंद्र सिंह, जयवीर सिंह चौहान, सुधीर नायक सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## भाकियू ने ज्ञापन देकर की किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** भारतीय किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन महा प्रबंधक विद्युत पश्चिमांचल विद्युत वितरण खंड मेरठ को संबोधित ज्ञापन एमडी विद्युत ईशा दोहन को दिया और किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग की। भारतीय किसान यूनियन के पश्चिम उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह मेरठ के जिला अध्यक्ष अनुराग चौधरी, दो चरण सिंह, चौधरी सतबीर सिंह मान, चौधरी यशपाल सिंह, नौहार सिंह, नरेश प्रताप सिंह, रणजीत सिंह, अजय पाल सिंह, नकुल यादव, रघुपाल सिंह, नीरज चौधरी, संजीव सिंह आदि भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी एमडी विद्युत पश्चिमांचल विद्युत वितरण खंड मेरठ ईशा दोहन से मिले और उन्होंने किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया। ज्ञापन में उन्होंने अवगत कराया कि विद्युत चोरी प्रकरण में ओट्स रजिस्ट्रेशन हुए थे ।बकाया राशि जमा कराकर उपभोक्ताओं को निजात दिलाई जाए, वर्तमान गन्ना सीजन भुगतान 450 रुपए प्रति कुंतल घोषित हो, फसलों के नुकसान का मुआवजा मिले, इसके साथ ही जल जीवन मिशन आदि के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने कांठ जनपद मुरादाबाद टाउन नगर में बिजली आपूर्ति वाली लाइन 33 हजार जर्जर स्थिति में है, उसके तार बदले जाएं और निकट पेड़ व टहनी हटाई जाएं जिससे रोज ब्रेकडाउन शटडाउन से उपभोक्ताओं को निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि बिजली की समस्या बड़ी गंभीर है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में बिजली कटौती बिजली विभाग द्वारा बड़े पैमाने पर की जा रही है जिसको लेकर उपभोक्ता परेशान है। उन्होंने कहा कि शासन के शेड्यूल के अनुसार बिजली ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में उपलब्ध कराई जाए जिसे उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिले। इसके साथ ही मृदा परीक्षण केंद्र बनवाने एवं बंदरों आदि को पकड़वाने की मांग की गई।



## बजरंग दल के पदाधिकारी की गोली मारकर हत्या, चार के खिलाफ केस दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** महानगर मुरादाबाद के थाना कटघर क्षेत्र में चार माह पहले इंस्टाग्राम पर हुए विवाद में बीते दिन सोमवार शाम बजरंग दल के पदाधिकारी शोभित ठाकुर उर्फ भूरा (20 वर्ष) की कटघर थाना क्षेत्र के बलदेवपुरी वसंत विहार चौराहे पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना के बाद हत्यारे मौके से फरार हो गए। दिनदहाड़े मर्डर के बाद क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। घटना से अक्रोशित विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के पदाधिकारी कटघर थाने के बाहर बैठ गए और धरना देकर हत्यारे की अविलम्ब गिरफ्तारी की मांग की। पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि हत्यारोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं, जल्द ही सभी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। कटघर के गुलाबबाड़ी चुंगी सूरज नगर निवासी घनश्याम ठाकुर का इकलौता बेटा शोभित ठाकुर उर्फ भूरा दसवीं कक्षा में पढ़ता था। वह बजरंग दल में सूरज नगर खंड संयोजक भी था। घनश्याम ने बताया कि दोपहर करीब तीन बजे वह दोस्त गौतम कश्यप के साथ घूमने निकल गया। रास्ते में दो दोस्त आदित्य और रोहित मिल गए। चारों कटघर क्षेत्र में ही बलदेवपुरी वसंत विहार चौराहे पर पहुंच गए। शाम पांच बजे वहां पहुंचे जतिन उर्फ लाला, अक्कू शर्मा, अविनाश पासी और रोहित जाटव ने शोभित को घेर लिया। अक्कू ने शोभित की कनपटी पर तमंचा सटाकर गोली मार दी। सूचना पर शोभित के चचेरे भाई प्रिंस शोभित को लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। घटना से गुस्साए बजरंग दल के कार्यकर्ता कटघर थाने के गेट पर जुट गए। आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।

पुलिस कर्मियों ने रोकने की कोशिश की तो कार्यकताओं ने अभद्रता का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। करीब दो घंटे बाद एसपी सिटी और बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों के समझाने पर माने। पुलिस की पड़ताल में सामने आया है कि अविनाश और शोभित के बीच चार माह पहले एक लड़की को लेकर इंस्टाग्राम पर विवाद हुआ था। इसी विवाद में हत्याकांड को अंजाम दिया गया है।

## जमीन का बैनामा कराने के नाम पर महिला के साथ धोखाधड़ी

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** जनपद के थाना सिविल लाइन क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने जमीन का बैनामा कराने के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने का गंभीर आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार, सिविल लाइन क्षेत्र निवासी कविता चौधरी ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में मऊ निवासी युवक मोबिन शाह पर ठगी करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि आरोपी ने उसके और उसके पुत्र से जमीन का बैनामा कराने का झांसा देकर लाखों रुपये ले लिए, लेकिन न तो जमीन का बैनामा कराया और न ही रकम लौटाई। पीड़िता की शिकायत पर सिविल लाइन्स थाना पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और महिला द्वारा लगाए गए आरोपों की पुष्टि के लिए आवश्यक साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। वहीं, पीड़िता कविता चौधरी ने कहा कि वह चाहती हैं कि उसकी मेहनत की कमाई आरोपी से वापस दिलाई जाए। पुलिस का कहना है कि मामले में वैधानिक कार्यवाही की जा रही है और जांच पूरी होने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## एसपी ग्रामीण व डिप्टी एसपी ने दशहरा मेला स्थल का किया निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** दशहरे के पर्व पर नगर में पीपलसाना रेलवे स्टेशन ट्रेक के निकट लगने वाले मेले और रावण दहन का चित्रण देखने वाली भीड़ की सुरक्षा करने के लिए सोमवार की रात को पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कुंवर आकाश कुमार, डिप्टी एसपी ठाकुरद्वारा आशीष प्रताप सिंह और प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को साथ लेकर भौगोलिक निरीक्षक किया। इस दौरान उन्होंने मेला स्थल के निकट से गुजर रहे रेलवे ट्रैक से गुजरने वाली ट्रेनों और मालगाड़ियों पर चर्चा की। एसपी ने प्रभारी निरीक्षक को रावण दहन के दौरान इकट्ठा होने वाली भीड़ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे ट्रैक पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती के निर्देश दिए। ताकि ट्रेन के गुजरने के समय लोगों को पटरी से दूर किया जा सके।



## दुर्गा अष्टमी पर नागरिकों ने किया माता का पूजन

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** कांठ नगर व क्षेत्र में हर्षोल्लास के सा थ श्री दुर्गा अष्टमी का पर्व मनाया गया। नागरिकों ने दुर्गा माता की पूजा अर्चना कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने की कामना की। कांठ नगर तथा क्षेत्र में धूमधाम के साथ श्री दुर्गा अष्टमी का पर्व संपन्न हुआ। दुर्गा अष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर तथा अपने अपने घरों पर कन्याओं को भोजन कराकर मां दुर्गा की आराधना की। इस दौरान नगर के माता का थान मंदिर, रामलीला मंदिर, जाहरवीर मंदिर, बड़ा शिव मंदिर, मोहनी मंदिर आदि मंदिरों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ दिखाई दी। महिलाओं ने मंदिरों में भजन कीर्तन तथा गीत गाकर माता को प्रसन्न किया। इस अवसर पर लोगों ने अपने अपने घरों में कन्याओं का पूजन कर व्रत को पूर्ण किया। नागरिकों ने माता से देश व धर्म की तरक्की तथा अपनी मनोकामना की पूर्ति के लिए कामना की। इस अवसर पर वीर वाला चौहान, काजल चौहान, सरोज, जसवंती, सुषमा, नेहा बिश्नोई, उमा, माया बिश्नोई, सुनीता शर्मा, कमला आदि ने भाग लिया।



## स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत सफाई मित्र सुरक्षा शिविर आयोजित

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगर में स्वच्छता ही सेवा 2025ह्व अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन किया गया। यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चल रहा है। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी और अधिशासी अधिकारी (ईओ) रजनी सिंह ने संयुक्त रूप से अभियान की जानकारी दी। पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी ने कहा कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से चल रहा यह अभियान नगर को स्वच्छ और स्वस्थ रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सफाई कर्मियों को सम्मानपूर्वक संबोधित करते हुए कहा कि शहर की सफाई व्यवस्था इन्हीं के मेहनत और समर्पण पर निर्भर करती है अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने शिविर में मौजूद सफाई मित्रों को कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का प्रयोग करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि सफाई कर्मियों के लिए दस्ताने, मास्क, हेलमेट और अन्य सुरक्षा किट उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही, उनके स्वास्थ्य की नियमित जांच भी कराई जाएगी ताकि वे सुरक्षित और स्वस्थ रहकर अपनी सेवाएं दे सकें। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों ने भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। पालिका प्रशासन ने बताया कि अभियान की अवधि में नगर के प्रमुख स्थानों, बाजारों और गलियों में सफाई अभियान, कचरा निस्तारण और जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएंगे। पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी और अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह ने नगरवासियों से अपील की कि वे सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं, कचरा निर्धारित स्थान पर ही डालें और स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने में सहयोग दें।




## 1 करोड़ 64 लाख की साइबर ठगी के आरोप में एक और आरोपित गिरफ्तार, गया जेल

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** गलशहीद क्षेत्र के गांधीनगर में रहने वाले कारोबारी से एक करोड़ 64 लाख की साइबर ठगी के मामले में साइबर अपराध थाने की पुलिस ने एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपित उत्तराखंड के जनपद उधमसिंह नगर के थाना जसपुर क्षेत्र के मोहल्ला नई बस्ती निवासी आकिब जावेद पुत्र मोहम्मद शकील है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक यातायात/अपराध और साइबर क्राइम के नोडल अधिकारी सुभाष चंद्र गंगवार ने पुलिस लाइन सभागार में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपित आकिब जावेद ने अपने अन्य साथियों के साथ कारोबारी को कॉल कर ट्रेडिंग करने का झांसा देकर 1 करोड़ 64 लख रुपए ठग लिए थे। इस मामले में साइबर अपराध थाने की पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए जसपुर निवासी आरोपितों को गिरफ्तार कर साइबर ठगी का राजफाश किया था। पकड़े गए आकिब जावेद के चार साथियों को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। जिसमें बीती 16 सितंबर को नाजिम अली और खिलाफत तथा 19 सितंबर को अमन व अदनान को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। पकड़े गए आरोपित आकिब जावेद ने बताया कि उसके घर के पास रहने वाला अदनान उसे कुछ समय पहले मिला था। उसको मैंने कम समय में ज्यादा पैसे कमाने का लालच दिया इसके बाद उसने फर्जी जीएसटी एमएसएमई रजिस्ट्रेशन करवा कर आधार में मोबाइल नंबर बदलवाया। इसके बाद मैंने अमन का बैंक ऑफ बड़ौदा जयपुर ब्रांच में एक करंट अकाउंट खुलवाया। इसके बाद मैं, अमन और अदनान पलिया होते हुए से नेपाल गए और वहां के एक होटल में रुके। वहीं से हमने अमन ट्रेडर्स का अकाउंट ऑपरेट किया। नेपाल जाते ही हमारे नंबर बंद हो जाते थे और हम वाई-फाई के माध्यम से व्हाट्सएप पर आपस में बात करते थे। नेपाल में एक सप्ताह रुकने के बाद हम वापस जसपुर आ गए। इसके बाद आकिब जावेद के फॉर्म भारत बोर्ड ट्रेडर्स बॉब जयपुर ब्रांच बैंक खाते में कुल ड्ट2,80,83,015-जिस पर तेलंगाना में डायरेक्टर टीएससीएसबी साइबर थाने पर 3.15 करोड़ की शिकायत दर्ज है। अमन ट्रेडर्स बैंक आफ बड़ौदा खाते में कुल ड्ट1,96,53,425- जिस पर नौ राज्यों उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागपुर, तमिलनाडु, तेलंगाना, दिल्ली में कुल 11 शिकायतें दर्ज हैं। आरोपित को गिरफ्तार करने वाली टीम में थाना साइबर क्राइम के प्रभारी निरीक्षक मनोज परमार, इंस्पेक्टर राम संजीवन, उप निरीक्षक अब्दुल बासित मलिक, सब इंस्पेक्टर शिवम तायल, मुख्य आरक्षी प्रशांत सिंह और आरक्षी विवेक कुमार व सूरज कुमार शामिल रहे।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकताओं ने नगर में निकाला पथ संचलन जगह-जगह पुष्प वर्षा

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नगर में आरएसएस के स्वयं सेवको ने नगर के निर्धारित मार्गो पर पथ संचलन किया । इस दौरान लोगों ने अक्षत चंदन से तिलक कर स्वयंसेवकों का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

मंगलवार को रमनावाला रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर पर आरएस के स्वयं सेवक विद्यालय परिसर में एकत्र हुए । ध्वज शिष्टाचार के बाद बाध्य यंत्रों की धुन पर शंखनाद करके नगर के मुख्य मार्ग पर पूर्व वर्षों की भांति पथ संचलन किया गया ।पथ संचलन के आगे और पीछे वाद्य यंत्रों की धुन के साथ गणवेश धारी स्वयंसेवक कतार वध तरीके से कदमताल के साथ गणेश धारण कर भारत माता की जय का उद्घोष करतेहुए आगे बढ़ रहे थे । इस दौरान स्वयंसेवकों का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया ।पथ सचलन होलीका मंदिर से खारी कुआं, बड़ा बाजार, खाकेश्वर मंदिर, श्री राम दुर्गा मंदिर, कोतवाली रोड, बुध बाजार, से होता हुआ बाजार गंज,मोहल्ला बंजारन, बाल्मीकि बस्ती जाटवान, काशीपुर चुंगी, से रामलीला मैदान रोड, मोहल्ला जमुना वाला होते हुए अपने गंतव्य स्थान पर पहुंचे । वहां पर वक्ताओं ने पथ संचलन के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहां की भारतीय संस्कृति में विविधता में एकता का संदेश निहित है ।एकता के सूत्र में बंध कर देश हित में कार्य करने का आवाहन किया । स्वयंसेवक हमारे संगठन की रीढ है। पथ संचलन में जिला विभाग प्रचारक प्रिंस तहसील प्रचारक शिवांशु जिला कार्यकारिणी सदस्य कपिल कुमार पूर्व प्रचारक पंकज व्यवस्थापक प्रचारक मुदीत अग्रवाल शहर प्रचारक सुनील कुमार पुठिया, ब्लाक प्रमुख पति डॉक्टर वीर सिंह सैनी, पवन पुष्पद, विपिन पुष्पद , उत्कर्ष चौहान , अमित पुष्पद, अशोक राणा, आशु गुप्ता, साजन शर्मा ,धर्मेंद्र पाल , , मुदित अग्रवाल , दिलजीत सिंह, दीपक सुनील मिश्रा, मुकुल ,गौरव वर्मा आदि मौजूद रहे ।



## समाचार

### श्री रामलीला मंचन में किया गया मेघनाद वध एवं सुलोचना सती का सफल मंचन

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** श्री रामलीला मंचन में मेघनाद वध एवं सुलोचना सती का मंचन किया गया। नगर के श्री रामलीला मंदिर में मेघनाद वध एवं सुलोचना सती सफल मंचन किया गया। रामलीला का शुभारंभ कर्मठ समाज सेवी एवं भाजपा नेता अभय बिश्नोई एवं उनके परिवार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। उन्होंने कहा कि हमें दान पुण्य में सदैव आगे रहना चाहिए। रामलीला मंचन में मेघनाथ अपनी शक्तियों का प्रयोग कर लक्ष्मण जी को मूर्छित कर देता है लेकिन हनुमान जी संजीवनी बूटी लाकर लक्ष्मण के प्रांण बचा लेते हैं। इंद्रजीत युद्ध में श्री राम और लक्ष्मण को परास्त करने के लिए देवी निकुंबला तांत्रिक योग यज्ञ करने का निश्चय करता है जिसे पूर्ण होने के पश्चात इंद्रजीत को हराना नामुमकिन हो जाएगा। यह बात विभीषण श्री राम और लक्ष्मण को बताते हैं। लक्ष्मण यज्ञ पूर्ण होने से पहले ही इंद्रजीत पर आक्रमण कर देते हैं और उनका यज्ञ विध्वंस कर इंद्रजीत का वध हो जाता है। लक्ष्मण और इंद्रजीत के भयंकर युद्ध को देखकर दर्शक तालियां बजाने को मजबूर हो जाते हैं। मेघनाथ वध के उपरांत मेघनाथ की पत्नी सुलोचना खुद को सती कर लेती है इस भावुक दृश्य को देखकर दर्शक अपने आंसू नहीं रोक पाये। इस अवसर पर कृष्ण कुमार उर्फ नन्हे पहलवान, संजय कुमार वीर जी, कौशल कुमार मनोज कुमार बिश्नोई राजकुमार बिश्नोई वंश बिश्नोई आदि के अलावा सहयोगी कमेटी के धर्मपाल सिंह चौहान, हरपाल सिंह चौहान, दानवीर सिंह चौहान, सचिन कुमार, शिशु चौहान, बीनू चौहान, मास्टर पवन चौहान, आकाश प्रभाकर, राधेश्याम भुइयार, विजय कुमार सीटू, निपेन्द्र चौहान, गौरव चौहान आदि लोग मौजूद रहे।

### मंडी से कम रेट पर बेचा जा रहा सेव , क्षेत्र में मचा हड़कंप

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** मंगलवार को पाकबड़ा थाना क्षेत्र के केलसा रोड पर उस समय हड़कंप मच गया जब बाहर से आए सेव की गाड़ी ! आईसर कैंटर जो की एक व्यापारी द्वारा मंडी से कम रैटों पर सेव की पेटीयो की बिक्री की जा रही थी! आज मंगलवार को डीगरपुर रोड स्थित मंगल की बाजार के व्यापारियों ने जब इसका विरोध किया तो ! बाहर से आए व्यापारी अपनी मनमानी कर रहे थे ! लोकल के व्यापारियों ने आज सुबह जब मंडी से महंगा सेव का माल लेकर आए तो ! इसका विरोध किया गया ! बाहर के व्यापारी ने एक नहीं सुनी ! और माल बेचता रहा ! जिससे न केवल व्यापारियों को बल्कि मंडी के आड़ती को भी भारी नुकसान का सामना झेलना पड़ा ! लोकल के व्यापारियों ने इसकी वीडियो बनाई और बाहरी व्यापारी से पूछताछ की गई तो !बाहरी बोल रहा था की मेरी मर्जी मे माल कही भी बेच सकता हू ! और आप कौन होते हो मुझे रोकने वाले! लोकल के व्यापारियों ने जिसकी शिकायत मंडी के अधिकारियों से भी की मगर कुछ संतुष्ट जवाब नहीं मिला ! लोकल के लोगों ने भी जमकर खरीदे सेव ! सोचने की बात तो यह है ! कि किसके कहने पर बेचा जा रहा था सेव ! व्यापारियों का कहना है कि साट गाठ कर पांच हजार की रिश्वत देकर बेचा जा रहा था बाहरी सेव !जो की मंडी में बिकने के लिए आया था !पाकबड़ा मे इस तरह से सेवो की बिक्री से पाकबड़ा की व्यापारी परेशान है !यह सेवो की बिक्री हाजी दानिस ओर उनके भाई मोवीन द्वारा लगातार 3 दिन से बेचे जा रहे हैं आज पाकबड़ा के व्यापारियों ने इनका विरोध किया तो! मंडी के अधिकारी से भी बात कराई ! मंडी के अधिकारी का कहना है कि बेचे तो कोई बात नहीं ! बगवाड़ा पाकबड़ा के व्यापारी, !नजर आलम, जाकिर, अंसार, बाबू भाई, साकिर भाई, इब्ने हसन, समसाद, अनव, मतीन भाई, मेहंदी हसन,, आमिर, शाहनवाज , फिरोज, श्याम, आदि व्यापारियों ने विरोध किया।

### विद्युत वितरण खंड ग्रामीण मुरादाबाद में निजी नलकूप के कनेक्शनों में राजस्व हानि

**सरकार की बिल माफी योजना का किसानों को कैसे मिलेगा लाभ**

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड ग्रामीण मुरादाबाद में निजी नलकूप के सामान्य योजना स्कीम के अंतर्गत वितरण खण्ड ग्रामीण के द्वारा लगभग दो हजार कनेक्शन दिए गये जिसमें वर्ष 2021 तक लगभग पंद्रह सौ निजी नलकूप कनेक्शनों की खाता संख्या जारी कर दी गई परंतु लगभग 350 कनेक्शनों की खाता संख्या वर्तमान तक विभाग द्वारा जारी नहीं की गई जिसमें करोड़ों रुपए का बिल अधिकारी द्वारा ध्यान न देने पर वर्तमान तक जमा नहीं कराया गया और सरकार की बिल माफी योजना में भी उक्त शेष किसानों का रजिस्ट्रेशन भी नहीं कराया गया है सवाल यह उठता है कि सरकार की बिल माफी योजना का लाभ शेष बचे किसानो को कैसे दिया जायेगा व किसानों से सरकार की योजना के अनुसार वर्ष मार्च 2023 तक का बिल वसूल कर किसानों का बिल माफी योजना में रजिस्ट्रेशन क्यों नहीं किया गया निजी नलकूप के कनेक्शनों, बिलों व सरकार की योजना के बारे में जानकारी मांगी गई जिसमें अधिशासी अभियंता और अधिक्षण अभियंता बचते नजर आए ।

### कचरा जलाने मना कर रहे किसान को पीटा

**उत्तम भारत संवाददाता/भोजपुर।** गांव शाहपुर में ढेला नदी के किनारे जंगल में ई-कचरा जलाने को मना करना किसान को भारी पड़ गया। दबंगों ने किसान को सरेराह गांव में लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में गांव शाहपुर निवासी आकिल ने कहा है कि पडोस के उसमान, हाकम, कासिम और मौ0 आलम पुत्रगण कलुआ से खेत के निकट ई-कचरा जमा कर जलाते हैं। इससे फसल खराब हो रही है। मंगलवार को आरोपियों से खेत के निकट आग जलाने से मना किया। इस पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए लात-घुसों व डंडों से हमला कर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी भी दी ।पुलिस ने पीड़ित का डाक्टरी मुआयना कराकर तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मेघनाध ने किया लक्ष्मण को मूर्छित , लक्ष्मण और मेघनाध में युद्ध होता

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** सोमवार को श्री रामलीला अंगद रावण का संवाद का मंचन किया गया जिसमें मेघनाथ द्वारा लक्ष्मण को मूर्छित कर दिया जाता है। लक्ष्मण को मूर्छित देख सभी लोग घबरा जाते हैं। उसके बाद वैधराज को बुलाया जाता है। वैधराज बताते हैं कि संजीवनी बूटी को लाना होगा। जिससे यह मूर्छित अवस्था से बाहर निकल पाएंगे। उसके बाद हनुमान जी श्री राम का आदेश लेकर संजीवनी बूटी लेने के लिए निकल पड़ते हैं। तभी हनुमान जी के रास्ते में कालनेमि आ जाता है। जिसका हनुमान जी द्वारा वध कर दिया जाता है। वह संजीवनी बूटी लेकर वापस आते हैं। तब लक्ष्मण को संजीवनी बूटी द्वारा मूर्छित अवस्था से बाहर निकाला जाता है। रावण कुंभकरण को श्री राम से लड़ने के लिए भेजता है। युद्ध में कुंभकरण श्री राम के द्वारा मारा जाता है। इस अवसर पुरुषोत्तम शरण गुप्ता, रामबाबू भटनागर, नरेश सक्सेना, सीताराम रूहेला, सोरन सिंह, सोहन सिंह,ओमकार सिंह, सुनील गुप्ता, मनीष भटनागर, जयप्रकाश मंत्री, सतपाल हुड्डा, मोंटू ठाकुर सर्वेश गुप्ता, तोताराम सैनी, मुकेश ठाकुर, नृपेंद्र सिंह, वेगराम प्रजापति, कनक पाल सिंह, अभीक त्रिपाठी, हरिनारायण गुप्ता, ऋषिपाल सिंह, मयंक गुप्ता, सुलभ गुप्ता, आदि लोग मौजूद रहे।



# मशरूम की खेती कर आर्थिक रुप से आत्मनिर्भर हो रहे किसान



- सरकार मशरुम किट और मशरुम हट पर दे रही है अनुदान
- मशरुम किट पर 90 फीसदी और झोपड़ी निर्माण पर 50 फीसदी का मिलेगा अनुदान
- महिला किसानों को दी जाएगी प्राथमिकता, 30 फीसदी भागीदारी होगी सुनिश्चित

पटना। राज्य सरकार किसानों को बेहतर लाभ दिलाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। मशरुम की खेती को बढ़ावा देना सरकार के इन्हीं प्रयासों में से एक उदाहरण है। कृषि विभाग ने राज्य योजना के तहत मशरुम अवयवों (मशरूम किट एवं मशरूम हट) की योजना (2025-26) के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किया है। इसका लाभ लेने के लिए जल्द आवेदन करना जरुरी है, क्योंकि इस योजना का लाभ पहले आओ पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा।

मशरुम के उत्पादन के लिए मशरुम किट जैसे - पैडी/ओयेस्टर, बटन मशरुम किट, बकेट मशरुम किट और झोपड़ी निर्माण पर अनुदान दिया जा रहा है। पैडी/ओयेस्टर मशरूम किट के लिए इकाई लागत 75 रुपए प्रति किट है, जिस पर किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान अर्थात प्रति किट 67.50 रुपये अनुदान दिया जाएगा। वहीं बटन मशरूम किट के लिए इकाई लागत 90 रुपए प्रति किट है, जिस पर किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान अर्थात प्रति किट 81 यू अनुदान दिया जाएगा। प्रति कृषक न्यूनतम 25 किट एवं अधिकतम 100 किट का लाभ मिलेगा।

### बकेट मशरूम किट पर मिल रहा 90 प्रतिशत का अनुदान

बकेट मशरूम किट के लिए इकाई लागत 300 रुपए प्रति किट है, जिस पर किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान अर्थात प्रति किट 270 रुपये अनुदान दिया जाएगा। इस घटक अन्तर्गत प्रति कृषक न्यूनतम 02 किट एवं अधिकतम 10 किट का लाभ दिया जायेगा। पैडी/ओयेस्टर मशरूम किट अथवा बटन मशरूम किट के लाभुक भी इस घटक का लाभ ले सकेंगे।

### झोपड़ी निर्माण पर 89,750 रुपए का अनुदान

किसानों को मशरूम उत्पादन के लिए झोपड़ी निर्माण के लिए भी अनुदान दिया जा रहा है। झोपड़ी निर्माण के लिए इकाई लागत 1,79,500 रुपए है, जिस पर किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान अर्थात प्रति झोपड़ी निर्माण के लिए 89,750 अनुदान दिया जाएगा। प्रति कृषक अधिकतम 01 (एक) झोपड़ी का लाभ दिया जायेगा। मशरूम उत्पादन के लिए योजना अनुसार 1,500 वर्गफीट में झोपड़ी का निर्माण किया जाना है। इस योजना का लाभ लेने के लिए झोपड़ी निर्माण के साथ सभी घटक स्ट्रॉ, स्पॉन एवं पॉली बैग, टूल्स एवं अन्य सामग्री लेना अनिवार्य होगा।

# छात्राओं को बताई आत्मरक्षा और साइबर सुरक्षा की बारीकियाँ

रामपुर मनिहारान। मिशन शक्ति फेज 5.0 अभियान के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय पिलखनी की छात्राओं के लिए कोतवाली रामपुर मनिहारान में विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रभारी निरीक्षक के निर्देशन में एंटी रोमियो टीम ने बालिकाओं को महिला सुरक्षा और साइबर अपराध से बचाव की अहम जानकारी दी।



छात्राओं को थाने की कार्यप्रणाली, महिला डेस्क की भूमिका और शिकायत निस्तारण प्रक्रिया के बारे में भी संक्षिप्त जानकारी दी गई। एंटी रोमियो टीम में उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह और महिला उपनिरीक्षक नेहा चौधरी ने छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, बाल हेल्पलाइन 1098, साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 सहित अन्य उपयोगी नंबर बताए। विशेष तौर पर उपनिरीक्षक देवेंद्र सिंह ने उदाहरणों और संवादात्मक शैली में छात्राओं को आत्मरक्षा, सजगता और तत्काल पुलिस सहायता के महत्व को समझाया। छात्राओं ने उनकी सरल भाषा और सहज व्यवहार की प्रशंसा की। कई बालिकाओं ने बताया कि उनके संबोधन से आत्मविश्वास बढ़ा और सुरक्षा के प्रति नई समझ विकसित हुई। कार्यक्रम के दौरान सोशल मीडिया सतर्कता, साइबर ठगी से बचाव, महिला हेल्प डेस्क की भूमिका और मिशन शक्ति अभियान के उद्देश्यों पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने कहा कि जागरूकता ही सुरक्षा की सबसे मजबूत ढाल है और बालिकाओं को खुद के साथ दूसरों को भी सजग बनाना चाहिए।











